

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, मंगलवार, 15 अक्टूबर 2024 । वर्ष – 34 । अंक –166 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु.



झारखंड में मईयां सम्मान योजना की राशि में बढ़ोतरी पृष्ठ 3


■ भागवत की शताब्दी कथा: खतरा, खतरा, खतरा!
■ वन संरक्षण के देसी उपाय पृष्ठ 4

■ रेलवे त्योहारों की भीड़-भाड़ से निपटने के लिए तैयार
■ भारत ने ट्रूडो के राजनीतिक एजेंडे पर साधा निशाना पृष्ठ 9

भारत की टीम अहमदाबाद में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन वनडे खेलेगी पृष्ठ 10

# उमर अब्दुल्ला कल लेंगे मुख्यमंत्री पद की शपथ

## जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सरकार बनाने का दिया न्यौता



**सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। जम्मू-कश्मीर की नई सरकार का 16 अक्टूबर को शपथ ग्रहण होगा। नेशनल कांफ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने समारोह के लिए 16 अक्टूबर की सुबह 11.30 बजे का समय तय किया है। उपराज्यपाल की तरफ से उमर को जारी चिट्ठी में उन्हें सरकार बनाने का न्यौता दिया गया है। नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस के गठबंधन को, आप और निर्दलीय विधायकों ने समर्थन देने का ऐलान पहले ही कर दिया था। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन ने जीत हासिल की। नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला को गठबंधन का नेता चुना गया। इससे केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर में नई सरकार के गठन का रास्ता साफ हो गया।

**जम्मू कश्मीर से राष्ट्रपति शासन हटा**

जम्मू कश्मीर से राष्ट्रपति शासन हट गया है। इसके साथ ही प्रदेश में सीमित ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

विस में पांच सदस्य नामित करने का मामला

### याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इंकार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल (एलजी) द्वारा विधानसभा में पांच सदस्यों को नामित करने की व्यवस्था को चुनौती देने वाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी से कहा, 'पहले मामले को लेकर हाई कोर्ट जाएं।' पीठ ने आदेश दिया, हम भारत के संविधान के ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### जम्मू कश्मीर में राष्ट्रपति शासन का इतिहास

- 26 मार्च, 1977-तत्कालीन राज्यपाल एलके झा ने इस दिन राज्य में पहली बार राज्यपाल शासन लगाया था, जब कांग्रेस ने शेख मुहम्मद अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली अल्पमत सरकार से समर्थन वापस ले लिया था।
- मार्च 1986- कांग्रेस ने जी.एम. शाह के नेतृत्व वाली राज्य सरकार से समर्थन वापस ले लिया, जिससे दूसरी बार राज्यपाल शासन लागू होने की स्थिति बन गई।
- जनवरी 1990- राज्यपाल शासन तब लगाया गया, जब तत्कालीन मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने जगमोहन को राज्य का राज्यपाल नियुक्त किए जाने के बाद इस्तीफा दे दिया।
- अक्तूबर 2002- विधानसभा चुनावों में अपनी पार्टी की हार के बाद फारूक अब्दुल्ला ने कार्यवाहक मुख्यमंत्री के रूप में बने रहने से इनकार कर दिया। यह तब था, जब एन.एन. वोहरा ने पहली बार राज्यपाल का पद संभाला था।
- जून 2008-पीडीपी द्वारा गुलाम नबी आज़ाद के नेतृत्व वाली सरकार से समर्थन वापस लेने के बाद फिर से राज्यपाल शासन लगाया गया।
- जनवरी 2015-राज्य चुनावों में अपनी पार्टी को बहुमत न मिलने के कारण उमर अब्दुल्ला ने कार्यवाहक मुख्यमंत्री के रूप में काम करना बंद कर दिया और राज्य में छठी बार राज्यपाल शासन लागू किया गया।
- 7 जनवरी, 2016-7 जनवरी, 2016 को पूर्व मुख्यमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद की मृत्यु के बाद सातवीं बार राज्यपाल शासन लगाया गया।
- 20 जून, 2018-वोहरा ने प्रशासन की बागडोर संभाली क्योंकि राज्य में महबूबा मुफ्ती के नेतृत्व वाली पीडीपी सरकार से भाजपा के समर्थन वापस लेने के फैसले के बाद राज्यपाल शासन लगाया गया था।

शराब घोटाला

# टुटेजा और अनवर ढेबर के खिलाफ कार्यवाही रद्द करने कोर्ट का इंकार

**रायपुर**, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के चर्चित शराब घोटाले में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाते हुए छत्तीसगढ़ के पूर्व वरिष्ठ अधिकारी अनिल टूटेजा, रायपुर के महापौर के भाई अनवर ढेबर और अन्य दो के खिलाफ उत्तर प्रदेश में चल रही आपराधिक कार्यवाही को रद्द करने से इंकार कर दिया है। जस्टिस सिद्धार्थ वर्मा और जस्टिस राम मनोहर नारायण मिश्रा की खंडपीठ ने यह फैसला सुनाया, जिसे टूटेजा और उनके साथियों के लिए एक बड़ी कानूनी शिकस्त के रूप में देखा जा रहा है।

सुप्रीम कोर्ट ने इस घोटाले से





जुड़े प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दायर मनी लॉन्ड्रिंग मामले को पहले ही खारिज कर दिया था, बावजूद इसके, हाई कोर्ट ने उत्तर प्रदेश में चल रही आपराधिक कार्यवाही को जारी रखने का आदेश दिया है। कोर्ट ने माना कि मनी लॉन्ड्रिंग निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धारा 50 के तहत दर्ज किए गए गवाहों के बयान, जिन्हें उत्तर प्रदेश पुलिस के साथ साझा किया गया था, जांच और अभियोजन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का वैध आधार हो सकते हैं। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा, यह तर्क स्वीकार नहीं किया जा सकता कि पीएमएलए की धारा 50 के तहत दर्ज किए गए बयान कभी भी आपराधिक जांच के लिए आधार नहीं बन सकते। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि हालांकि ये बयान अदालत में स्वीकार्य सबूत के तौर पर नहीं माने जा सकते, फिर भी इन्हें जांच की दिशा में उपयोग किया जा सकता है। दरअसल, इस मामले में अनिल टूटेजा, अनवर ढेबर, अरुण पति त्रिपाठी ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

सार संक्षेप

### मुख्यमंत्री आतिशी ने प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। दोनों की शिष्टाचार मुलाकात पीएम आवास पर हुई। इसकी तस्वीर प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर की है। दिल्ली की मुख्यमंत्री बनने के बाद आतिशी ने पहली बार पीएम मोदी से मुलाकात की। पीएम मोदी से मुलाकात के बाद सीएम आतिशी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर फोटो शेयर करते हुए लिखा, मैं हमारी राजधानी के कल्याण और प्रगति के लिए केंद्र और दिल्ली सरकार के बीच पूर्ण सहयोग की आशा करती हूं।'

### मणिपुर में संघर्ष के समाधान के लिए बुलाई बैठक

**इंफाल।** एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में गृह मंत्रालय ने मणिपुर में डेढ़ साल से जारी जातीय संघर्ष का समाधान खोजने और शांति बहाल करने के लिए मंगलवार को नई दिल्ली में मेइती, नगा और कुकी-जो समुदायों के विधायकों की एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई है। हालांकि अधिकारियों ने मंगलवार की बैठक की न तो पुष्टि की और न ही इसका खंडन किया, लेकिन मेइती, नगा और कुकी-जो समुदायों के मंत्रियों और विधायकों ने बैठक के आयोजन की अलग-अलग पुष्टि की है।

### कानपुर में भीषण सड़क हादसा, पांच की मौत

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश के कानपुर में आज सुबह एक भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा रामादेवी से पनकी भौती जाने वाले हाईवे पर हुआ है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, हाईवे पर सुबह एक तेज रफ्तार डंपर के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया। जिससे डंपर के पीछे चल रही कार उसमें जा टकराई, इसके बाद दोनों वाहनों के पीछे चल रहे ट्राला ने कार को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी।

### एक्टर-कॉमेडियन अतुल परचुरे का निधन



**मुंबई।** एक्टर-कॉमेडियन अतुल परचुरे का सोमवार शाम निधन हो गया है। वे 57 साल के थे। उन्हें कैंसर था। अतुल को मराठी नाटक 'सूर्याची पिल्ले' में काम करना था। इसके लिए वो उनके साथ रिहर्सल कर रहे थे इसी बीच उनकी तबियत खराब हो गई। जयवंत ने बताया कि अतुल को पांच दिन पहले दोबारा अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अतुल परचुरे ने बॉलीवुड में गोलमाल%, पार्टनर, क्यों की और आवरापन समेत कई फिल्मों में काम किया था। वे कपिल शर्मा के शो में भी नजर आए। अतुल ने मराठी फिल्मों और कई टीवी सीरियल्स में भी काम किया।

# भारत ने कनाडा से राजनयिकों को वापस बुलाया

**नई दिल्ली,** 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। सरकार ने कनाडा में भारतीय उच्चायुक्त और राजनयिकों को किसी मामले की जांच के सिलसिले में तलब किए जाने के मुद्दे पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भारतीय उच्चायुक्त एवं राजनयिकों को वापस बुलाने का निर्णय लिया है।

■ भारतीय उच्चायुक्त को तलब किए जाने दी कड़ी प्रतिक्रिया

विदेश मंत्रालय में सचिव (पूर्व) जयदीप मजूमदार ने कनाडा उच्चायोग के प्रभारी को सोमवार शाम तलब कर उन्हें दो टूक शब्दों में कहा कि उनके देश की एजेंसियों द्वारा अपने घरेलू राजनीतिक लाभ के लिए भारतीय राजनयिकों को निशाना बनाने से उनकी सुरक्षा को खतरा बढ़ गया है लिहाजा भारत सरकार ने उन्हें वापस बुलाने का फैसला किया है। विदेश मंत्रालय ने बाद में एक बयान में कहा कि कनाडाई उच्चायोग के प्रभारी को सोमवार की शाम सचिव (पूर्व) द्वारा तलब किया गया था। उन्हें बताया गया कि कनाडा में भारतीय उच्चायुक्त और अन्य राजनयिकों और अधिकारियों को आधारहीन निशाना बनाना पूरी तरह से अस्वीकार्य है। कनाडा उच्चायोग के प्रभारी को यह रेखांकित किया गया कि उग्रवाद और हिंसा के माहौल में, जस्टिन ट्रूडो सरकार के कार्यों ने भारतीय राजनयिकों की सुरक्षा को खतरे में डाल दिया। हमें उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने की वर्तमान कनाडाई सरकार की प्रतिबद्धता पर कोई भरोसा नहीं है। इसलिए, भारत सरकार ने उच्चायुक्त और अन्य लक्षित राजनयिकों और अधिकारियों को वापस बुलाने का फैसला किया है।

# छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा परीक्षा-2023 का साक्षात्कार स्थगित

**रायपुर,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा परीक्षा-2023 के अंतर्गत 242 पदों के लिए निर्धारित दस्तावेज सत्यापन और साक्षात्कार कार्यक्रम जो 14 अक्टूबर से 5 नवंबर के बीच होना था, स्थगित कर दिया गया है। यह निर्णय आयोग में नए सदस्यों और कार्यकारी अध्यक्ष की नियुक्ति के बाद बोर्ड का पुनर्गठन करने के कारण लिया गया है। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के परीक्षा नियंत्रक से मिली जानकारी के अनुसार संशोधित साक्षात्कार और दस्तावेज सत्यापन की नई तिथियों की घोषणा जल्द ही आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पीएससी डाट सीजी डाट जीओवी डाट इन पर जारी की जाएगी।

# छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के डॉ. सलीम राज बने निर्विरोध अध्यक्ष

**रायपुर**, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के बैठक में बोर्ड के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से डॉ. सलीम राज को राज्य वक्फ बोर्ड का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया।



राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज ने कहा कि वक्फ बोर्ड अपने उद्देश्यों के अनुरूप काम करें। इसके लिए मुतवल्लियों से चर्चा कर वक्फ बोर्ड की योजनाओं का सफल क्रियान्वयन, भू-माफियाओं एवं अतिक्रमणकारियों से वक्फ सम्पत्तियों को सुरक्षित करने के साथ ही वक्फ की योजनाओं का सीधा लाभ सामाजिक एवं कमजोर वर्ग के शैक्षणिक विकास के लिए किया जाएगा। डॉ. सलीम राज ने राज्य वक्फ बोर्ड का अध्यक्ष बनने पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक विकास मंत्री रामविचार नेताम का आभार व्यक्त किया। राज्य वक्फ बोर्ड के सदस्यगण, मुतवल्ली एवं मुस्लिम समाज के नागरिकों ने डॉ. राज को बधाई और शुभकामनाएं दी।

# तीन अमेरिकी अर्थशास्त्रियों को अर्थशास्त्र का नोबेल

**स्टॉकहोम**, 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने सोमवार को तीन अमेरिकी अर्थशास्त्रियों को नोबेल पुरस्कार से सम्मानित करने का ऐलान किया। उन्होंने इस बात पर नई अंतर्दृष्टि प्रदान की कि देशों के बीच समृद्धि में इतना बड़ा अंतर क्यों है तथा इस पहेली को सुलझाने में मदद करने का प्रयास किया कि क्यों कुछ देश अमीर और अन्य गरीब हैं। मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) के डेरॉन ऐसमोग्लू और साइमन जॉनसन तथा अमेरिका के शिकागो विश्वविद्यालय के जेम्स ए. रॉबिन्सन को इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। ऐसमोग्लू, जॉनसन और रॉबिन्सन ने देश की समृद्धि के लिए सामाजिक संस्थाओं के महत्व को प्रदर्शित किया है। अकादमी ने कहा, जिन समाजों में कानून का शासन खराब है और संस्थाएं जनसंख्या का शोषण करती हैं, वहां विकास नहीं होता और न ही बेहतर बदलाव होता है। पुरस्कार विजेताओं के शोध से हमें यह समझने में मदद मिलती है कि ऐसा क्यों होता है। पुरस्कार समिति के अध्यक्ष जैकब स्वेन्सन ने कहा, देशों के बीच आय में भारी अंतर को कम करना हमारे समय की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विजेताओं ने सामाजिक संस्थाओं के महत्व को बताया है। अकादमी के एक बयान के अनुसार, यह एक महत्वपूर्ण कारण है कि पूर्व उपनिवेश जो कभी समृद्ध थे, अब गरीब हो गए हैं और जो गरीब थे, वो अमीर हो गए हैं। शोधकर्ताओं ने यह भी कहा कि जब तक राजनीतिक व्यवस्था यह गारंटी देती रहेगी कि अभिजात वर्ग नियंत्रण में रहेगा, तब तक कोई भी भविष्य के आर्थिक सुधारों के उनके वादों पर भरोसा नहीं करेगा। पुरस्कार विजेताओं के अनुसार यही कारण है कि कोई सुधार नहीं होता है। हालांकि, सकारात्मक परिवर्तन के विश्वसनीय वादे करने में असमर्थता यह भी बता सकती है कि कभी-कभी लोकतंत्रीकरण क्यों होता है। अकादमी ने स्पष्ट किया, जब क्रांति का खतरा होता है तो सत्ता में बैठे लोगों को दुविधा का सामना करना पड़ता है। वे सत्ता में बने रहना पसंद करेंगे और आर्थिक सुधारों का वादा करके जनता को खुश करने की कोशिश करेंगे, लेकिन लोगों को यह विश्वास नहीं होगा कि स्थिति सामान्य होते ही वे पुरानी व्यवस्था में वापस नहीं लौटेंगे।



**संस्थाओं के समाज पर असर को दिखाया**-नोबेल पुरस्कार विजेताओं ने दिखाया है कि देशों की समृद्धि में अंतर का एक कारण उपनिवेशीकरण के दौरान शुरू की गई सामाजिक संस्थाएं हैं। कुछ उपनिवेशों में इसका उद्देश्य स्वदेशी आबादी का शोषण करना और उपनिवेशवादियों को लाभ पहुंचाने के लिए प्राकृतिक संसाधनों का दोहन करना था।

# बहराइच में फिर तोड़फोड़ और आगजनी

## पुलिस ने 3 लोगों को हिरासत में लिया गया

**बहराइच,** 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के बहराइच में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुए बवाल के बाद सोमवार को एक बार फिर से आगजनी और तोड़फोड़ की गई। कई दुकानों और घरों में तोड़फोड़ की गई। बाइक के शोरूम और एक अस्पताल में आग लगा दी गई है। वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया है। दवाइयों को जला दिया गया है। मामले को नियंत्रण में रखने के लिए पुलिस ने मार्च किया। अगल बगल इलाके की पुलिस को भी बुला लिया गया है।

इस मामले में मौके पर गृह सचिव संजीव गुप्ता और एडीजी (कानून-व्यवस्था) और एसटीएफ चीफ अमिताभ यश को भेजा गया है। फिलहाल 30 लोगों को हिरासत में लिया गया है। यूपी के मुख्यमंत्री योगी ने दंगाइयों से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए हैं। साथ ही ताजा हालात पर रिपोर्ट मांगी है। अफवाह फैलाने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। सीएम योगी ने हत्या के आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने के लिए कहा है। डीएम मोनिका रानी ने कहा कि हम स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश कर रहे हैं। सोमवार को हिंसा में मारे गए युवक के शव को लेकर भीड़ निकली तो पुलिस ने रास्ते में रोका। ग्रामीण लाठी-डंडों के साथ सड़कों पर उतर आए। विरोध प्रदर्शन हिंसक होने पर पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े और लाठीचार्ज किया। इस दौरान भाजपा विधायक सुरेश्वर सिंह भी साथ थे। पुलिस ने समझाया तो परिवार शव लेकर घर चला गया। लेकिन भीड़ आक्रोशित हो गई। उन्होंने महसी तहसील की मेन मार्केट में आगजनी की।

**सड़क पर पिस्टल लेकर उतरे एडीजी अमिताभ यश**-सोशल मीडियो पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें एडीजी अमिताभ यश हाथ में पिस्टल लेकर भीड़ को भगाते हुए नजर आ रहे हैं। यह पूरा वाकया रमपुरवा चौकी के पास का है। जहां अमिताभ यश के सामने भी जब उग्र भीड़ नहीं रुकी और एक वाहन तोड़ दिया। जिसके बाद उन्होंने अपनी पिस्टल से हवा में एक फायर किया और भीड़ को खदेड़ा।

# कड़ी सुरक्षा के बीच रायपुर कोर्ट में पेश गैंगस्टर अमन साहू

**रायपुर**, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। झारखंड जेल में बंद कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू को सोमवार की रात कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रायपुर लाया गया है। जहां शाम 4 बजे उसे मजिस्ट्रेट भूपेश कुमार बसंत की कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे 6 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है, अब 19 अक्टूबर तक छत्तीसगढ़ पुलिस उससे पूछताछ करेगी। उसे झारखंड जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लाया गया है।



■ कोर्ट ने 6 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा

इस टीम में छत्तीसगढ़ से 10 और झारखंड की 30 से अधिक सशस्त्र पुलिस बल के जवान मौजूद थे। गैंगस्टर अमन साहू को रायपुर पहुंचने के बाद सीधे क्राइम ब्रांच के ऑफिस में रखा गया था, जहां सुरक्षा के सख्त इंतजाम किए गए थे। पुलिस के अनुसार, उसे आज कोर्ट में पेश किया गया और रिमांड पर लिया गया है, ताकि उसके खिलाफ चल रहे मामलों में पूछताछ की जा सके। अमन साहू पर तेलीबांधा में कारोबारी के ऑफिस के बाहर शूटआउट करवाने का आरोप है। गैंग की महिला सदस्य समेत 12 सदस्यों को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

# चिराग पासवान को जेड श्रेणी की सुरक्षा दी जाएगी

**नई दिल्ली**, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्रीय मंत्री एवं हाजीपुर से सांसद, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान का सुरक्षा कवर बढ़ाने का निर्णय लिया है। सूत्रों के अनुसार गृह मंत्रालय ने श्री पासवान को जेड श्रेणी की सुरक्षा देने का निर्णय लिया है, जिसके तहत अब श्री पासवान की सुरक्षा में 33 सुरक्षा कर्मी तैनात होंगे।

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 33 जवान 24 घंटे उनकी सुरक्षा में रहेंगे। यह निर्णय श्री पासवान पर खतरे की बढ़ती आशंका की रिपोर्ट को देखते हुए लिया गया है, हालांकि अभी सरकार की ओर से उनकी सुरक्षा बढ़ाने का स्पष्ट कारण नहीं बताया गया है। श्री पासवान को इससे पहले एसएसबी के सुरक्षाकर्मियों द्वारा सुरक्षा प्रदान की जा रही थी।

# दिल्ली सरकार ने पटाखों पर लगाया प्रतिबंध

**नई दिल्ली**, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिल्ली सरकार ने सोमवार को आदेश जारी करते हुए 1 जनवरी तक पटाखे के उत्पादन, भंडारण और बिक्री पर रोक लगा दी है। दिल्ली सरकार के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय द्वारा यह पत्र जारी किया गया है। सोशल मीडिया के माध्यम से भी गोपाल राय ने पत्र को पोस्ट करते हुए लिखा है कि सर्दियों में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए आज से 1 जनवरी तक पटाखों के उत्पादन, भंडारण, बिक्री व उपयोग पर प्रतिबंध लागू। प्रतिबंध को लेकर दिल्ली सरकार ने जारी किया निर्देश। सभी दिल्ली वालों से सहयोग का अनुरोध।

दिल्ली सरकार के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय द्वारा जारी किए गए पत्र के मुताबिक वायु (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 की धारा 31 (ए) के तहत दिल्ली के एनसीटी में

■ 1 जनवरी तक पटाखे के उत्पादन, भंडारण और बिक्री पर रोक रहेगी

विनिर्माण, भंडारण, बिक्री (ऑनलाइन मार्केटिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से डिलीवरी सहित) और सभी प्रकार के 'पटाखों' को फोड़ने पर प्रतिबंध लगाए जा रहा है। दिल्ली सरकार ने 1 जनवरी 2025 तक सभी प्रकार के पटाखों के निर्माण, भंडारण, बिक्री (ऑनलाइन मार्केटिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से डिलीवरी सहित) और उन्हें फोड़ने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है। दिल्ली पुलिस को निर्देशों को लागू करने का निर्देश दिया गया है। दिल्ली सरकार ने इस पत्र की कॉपी सभी विभाग और दिल्ली के उपराज्यपाल दफ्तर को भी भेजी है।

**खतरनाक स्थिति में पहुंचने लगा एक्यूआई**- लगातार अब वायु प्रदूषण बढ़ता जा रहा है और एक्यूआई खतरनाक स्थिति में पहुंचने लगा है। दिल्ली ही नहीं बल्कि नोएडा और गाजियाबाद समेत आसपास के इलाकों में एक्यूआई खतरनाक लाल निशान के पार पहुंच गया है। आने वाले समय में यह प्रदूषण और भी ज्यादा बढ़ेगा और इससे आम जनता को सांस लेने संबंधी समस्याएं भी शुरू हो जाएंगी।

विडंबना | खाने-पीने की चीजों की कीमतों का बढ़ना जारी

# खुदरा महंगाई दर बढ़कर 5.49 फीसदी पर पहुंची

**नई दिल्ली, 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। थोक महंगाई दर के आंकड़ों के बाद खुदरा महंगाई के आंकड़े भी जारी हो गए हैं। सितंबर में भारत की खुदरा महंगाई दर सालाना आधार पर 5.49 प्रतिशत तक बढ़ गई।**

*यह इजाफा खाने-पीने के चीजों की कीमतें लगातार बढ़ने के कारण हुआ। खुदरा महंगाई दर पिछले महीने दर्ज किए गए 5 साल के निचले स्तर 3.65 फीसदी से कहीं अधिक है। जुलाई के बाद पहली बार यह भारतीय रिजर्व बैंक के 4 फीसदी के मध्यम अवधि के लक्ष्य को पार कर गई।*

*उपभोक्ता मूल्य सूचकांक यानी सीपीआई बास्केट में आधी हिस्सेदारी रखने वाले खाद्य पदार्थों की महंगाई दर सितंबर में 9.24 फीसदी पर पहुंच गई। अगस्त महीने में खाद्य पदार्थों की खुदरा महंगाई दर 5.66 थी। इससे पहले उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई दर जुलाई 2024 में 3.6 प्रतिशत और अगस्त 2024 में 3.65 प्रतिशत थी। जुलाई-अगस्त दोनों ही महीनों में खुदरा महंगाई दर रिजर्व बैंक के 4 प्रतिशत के लक्ष्य के भीतर थी। दूसरी ओर, अगस्त 2023 में सीपीआई आधारित खुदरा महंगाई दर 6.83 प्रतिशत थी। इसकी वजह सब्जियों की मुद्रास्फीति रही, जो सितंबर में 48.73 फीसदी बढ़ी थी। अगस्त में यह 10.01 फीसदी घट गई थी। आलू की मुद्रास्फीति सितंबर में 78.13 और प्याज की 78.82 प्रतिशत पर उच्च स्तर पर बनी रही। ईंधन और बिजली श्रेणी में सितंबर में 4.05 फीसदी की अपस्फीति देखी गई, जबकि अगस्त में 0.67 प्रतिशत की अपस्फीति हुई थी।*

भारतीय रिजर्व बैंक के लक्ष्य को पार कर गई

***थोक महंगाई में भी इजाफा***

*सब्जियों और अन्य खाद्य पदार्थों के महंगे होने से थोक मूल्य मुद्रास्फीति सितंबर में बढ़कर 1.84 फीसदी हो गई। अगस्त में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति 1.31 फीसदी थी। पिछले साल सितंबर में यह 0.07 फीसदी घटी थी। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, खाद्य मुद्रास्फीति सितंबर में बढ़कर 11.53 फीसदी हो गई, जबकि अगस्त में यह 3.11 फीसदी थी।*

# पुरखों के दिखाए राह का अनुसरण हमारी जिम्मेदारी- मुख्यमंत्री

## लैलूंगा में सामाजिक भवन, स्टेडियम जीर्णोद्धार एवं बास्केबाल कोर्ट निर्माण के लिए एक करोड़ 9 लाख रूपए की घोषणा

- लैलूंगा में उरांव समाज के करमा महोत्सव में शामिल हुए साय
- खम्हार पाकुट बांध से लैलूंगा में जलापूर्ति के बंद प्रोजेक्ट काम फिर से शुरू होगा



**रायगढ़,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय लैलूंगा में उरांव समाज द्वारा आयोजित करमा महोत्सव में कहा कि यह उत्सव ग्रामीण और वनांचल क्षेत्र में बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जाता है। क्षेत्र में कई प्रकार के करमा का आयोजन होता है। हमें हमारे पुरखों द्वारा दिखाए गए राह पर चलना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। हमें अपनी संस्कृति को साथ लेकर चलना है, जिससे आने वाली पीढ़ी हमारे सांस्कृतिक मूल्यों से परिचित हो सके। करमा महोत्सव में स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल विशेष रूप से मौजूद थे। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस मौके पर लैलूंगा में सामाजिक भवन के निर्माण के लिए 49 लाख रूपए, लैलूंगा में स्टेडियम जीर्णोद्धार के लिए 40 लाख रूपए, बास्केटबाल कोर्ट निर्माण के लिए 20 लाख रूपए की घोषणा की और खम्हार पाकुट बांध से लैलूंगा में जलापूर्ति प्रोजेक्ट के निर्माण काम को शुरू कराए जाने की बात कही। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने गहिरा गुरु की जन्मस्थली और कर्मस्थली में उरांव समाज द्वारा करमा महोत्सव के आयोजन की बधाई देते हुए कहा कि उरांव समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की गारंटी को तेजी से पूरा कर रही है। सरकार गठन के पश्चात 18 लाख पीएम आवास निर्माण को मंजूरी दी गई। केंद्र सरकार द्वारा प्रदेश में 8 लाख 46 हजार आवास निर्माण की स्वीकृति दी गई है। हितग्राहियों के मकान बनने शुरू हो गए हैं। किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी गई है। 12 लाख से ज्यादा किसानों के 2 साल के बकाया बोनस जारी किया गया है। तेंदूपत्ता की कीमत 4 हजार से बढ़ा कर 5500 रूपए कर दिया गया है। महतारी वंदन योजना का लाभ 70 लाख से अधिक महिलाओं को मिल रहा है। पीएससी घोटाले की जांच सीबीआई कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मंशा के अनुरूप हमारी सरकार जनजाति समाज के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। पीएम जनमन योजना से विशेष पिछड़ी जनजाति की दूर दराज की बसाहटों तक सड़क, बिजली-पानी की पहुंच सुनिश्चित की जा रही है। उन्हें शासन की योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। बीते 02 अक्टूबर को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान शुरू किया है। जिसमें 80 हजार करोड़ की राशि से देश के आदिवासी समुदाय के उत्थान का काम होगा। छत्तीसगढ़ के गांव भी इससे जुड़ेंगे।

इस अवसर पर सांसद रायगढ़ श्री राधेश्याम राठिया, राज्यसभा सांसद श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक बैकुंठपुर श्री भैया लाल रजवाड़े, विधायक लैलूंगा श्रीमती विद्यावती सिदार, श्री प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, उरांव समाज से श्री पनतराम भगत, श्री रवि भगत सहित बड़ी संख्या में उरांव समाज के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# समावेशी शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग छात्र-छात्राओं को उपकरण वितरण




**तखतपुर** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। समावेशी शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग छात्र छात्राओं को उपकरण वितरण किया गया। इस अवसर पर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी जितेंद्र शुक्ला ने कहा कि सभी बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार है और वे सामान्य बच्चों के साथ शिक्षा ग्रहण कर रहे है और जिन दिव्यांग बच्चों को विशेष उपकरण की आवश्यकता है उन्हें समग्र शिक्षा की ओर से उपकरण दी जा रही है ताकि वे आसानी से शिक्षा ग्रहण कर सकें और विकास की मूल धारा के साथ जुड़ सके। समय समय पर विकासखण्ड में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण बच्चों का कराया जाता है और इस स्वास्थ्य परीक्षण में उन्हें प्रमाण पत्र के साथ साथ आवश्यकत उपकरण भी प्रदाय किया जाता है और इस सभी का एक मात्र उद्देश्य है कोई भी शिक्षा से वंचित न रहें।

इन बच्चों को तरह तरह के उपकरण दिए जा रहे है जिसमें वे अपनी सुविधा के अनुरूप शिक्षा हासिल कर सके साथ ही गृह आधारित शिक्षा भी उन्हें प्रदाय किया जा रहा है।

उपकरण वितरण के अवसर पर एबीईओं संगीता कोसरिया, बीआरसीसी सीमा त्रिपाठी, बीआरपी श्याम नारायण पाण्डेय, गोविंद प्रसाद बांधे वल्लभ रजक, सुशील साहू, अश्वनी क्षत्री, दशरथ साहू, जय कौशिक, राजकुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

# गुरुकुल में आयोजित 24वें राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता में सैकड़ों खिलाड़ियों के बीच पहुंचा साइबर जागरूकता अभियान

## जीपीएम एसपी के साथ मरवाही विधायक और कलेक्टर भी बने साइबर जागरूकता अभियान के ध्वजवाहक

**आधुनिक युग में साइबर सिक्योरिटी और अवेयरनेस के महत्व पर किया संबोधित**

**राज्य के पांच संभाग से आए लगभग 505 खिलाड़ी और जनप्रतिनिधि नागरिक रहे उपस्थित**






**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। 14 अक्टूबर 2024 से 17 अक्टूबर 2024 तक गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के गुरुकुल में आयोजित 24 वें राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता के शुभारंभ के अवसर पर जीपीएम एसपी आईपीएस भावना गुप्ता ने कार्यक्रम में आए खिलाड़ियों और अतिथियों को संबोधित करते हुए आधुनिक युग में साइबर सिक्योरिटी और अवेयरनेस का महत्व बताया । साइबर जागरूकता पखवाड़ा के दसवें दिन के इस अवसर पर उपस्थित विशेष अतिथियों मरवाही विधायक श्री प्रणव मरपच्ची और जीपीएम कलेक्टर श्रीमती लीना कमलेश मंडावी ने भी साइबर जागरूकता अभियान में शामिल होकर खिलाड़ियों को संबोधित किया। क्रीड़ा प्रतियोगिता के शुभारंभ कार्यक्रम में पांच संभाग से आए लगभग 505 खिलाड़ियों और कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधि नागरिकों ने साइबर सुरक्षित रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रणव मरपच्ची और विशेष अतिथि जिला कलेक्टर श्रीमती लीना कमलेश मंडावी ने भी जिला पुलिस द्वारा संचालित साइबर जागरूकता अभियान के लिए बधाई देते हुए अभियान को सघन और व्यापक तौर पर संचालित करने हेतु हर संभव सहयोग का वादा किया और साथ ही अपने संबोधन में आज के दौर में साइबर जागरूकता की आवश्यकता को महत्वपूर्ण बताया तथा सभी खिलाड़ियों को खेल प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं देते हुए साइबर सुरक्षित रहने और सेफ्टी टिप्स का पालन करने की अपील भी की।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आईपीएस भावना गुप्ता ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यहाँ हर एक बच्चा विजेता है क्योंकि वह अपने जिले का प्रतिनिधित्व कर रहा है। एसपी भावना ने अपने स्कूल के दिनो को याद करते हुए खिलाड़ियों को समझाया कि खेल में हार और जीत से ज्यादा जरूरी है पूरे जज्बे और खेल भावना के साथ खेलना। प्रशासन के द्वारा खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के प्रयास की सराहना करते हुए उन्होंने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं तथा उन्हें वर्तमान में साइबर जागरूकता अभियान की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। एसपी भावना ने बताया की कभी भी किसी प्रकार का फ्रॉड होने की स्थिति में घबराने की बजाय डायल 1930 पर कॉल करें या नेशनल साइबर क्राइम पोर्टल पर रिपोर्ट करें या अपने नजदीकी साइबर सेल से सहायता लें ताकि समय रहते फ्रॉड की रकम बैंक खातों में फ्रिज कराई जा सके साथ ही उन्होंने सभी खिलाड़ियों को समझाया की किस तरह ठगी करने वाले पीड़ित के सोशल मीडिया अकाउंट्स इंस्टाग्राम फेसबुक ट्विटर इत्यादि पर सोशल मीडिया इंजीनियरिंग कर पीड़ित और उसके परिवार के बारे में जानकारी हासिल कर ठगी करते हैं। एसपी भावना ने युवा खिलाड़ियों से कहा ( जो लोग अपने निजी जीवन की प्रत्येक गतिविधि सोशल मीडिया में पोस्ट करते हैं वो खुद ठगी और अपराध करने वालों को न्यौता दे रहे हैं।

जीपीएम पुलिस द्वारा वर्तमान में अपने फेसबुक पेज पर साइबर एक्सपर्ट्स की मदद से लाइव सेशन के जरिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है तथा प्रतिदिन साइबर और यातायात से जुड़े अवेयरनेस रिलेटेड पोस्ट किए जा रहे हैं इसलिए सभी लोग ट्रेंडिंग साइबर फ्रॉड की जानकारी हेतु जीपीएम पुलिस के फेसबुक पेज से जुड़े साथ ही साइबर दोस्त नाम के व्हाट्सएप चैनल और ट्विटर हैंडल को भी फॉलो करें।)



तखतपुर। दशहरा पर्व के दूसरे दिन नगर में प्रतिवर्ष की तरह आरएसएस की ओर से किया गया पथ संचलन।

# जेएमएप महाविद्यालय में एमएससी प्रारंभ करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा

**तखतपुर** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद तखतपुर इकाई के कार्यकर्ताओ ने कॉलेज के छात्रों के साथ जेएमएप महाविद्यालय में एमएससी प्रारंभ करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौपा है। छात्रों का कहना है एमएससी जूलॉजी, बॉटनी और फिजिक्स नही होने की वजह से सैकड़ों छात्रों को तखतपुर से बाहर जाना पड़ता है और कुछ छात्र आर्थिक स्थिति सही नही होने की वजह से पढ़ाई छोड़ने के लिए मजबूर है। साथ ही छात्रों ने मांग की है कि कॉलेज में पानी की समस्या भी बनी रहती है उसका भी समाधान जल्द होना चाहिए। इन सब विषय को लेकर आज प्राचार्य सीमा नाथ से मुलाकात की। अभाविप तखतपुर के नगर मंत्री राहुल सिंह ठाकुर ने कहा की जेएमपी महाविद्यालय में एमएससी आने से कॉलेज का पढ़ने वाले प्रतिभावान छात्रों के कैरियर के लिए एक मिल का पत्थर साबित होगी, भविष्य में अनेकों अवसर छात्रों को मिलेगा। ज्ञापन सौंपने वालों में सीमा ठाकुर, गीतेश जायसवाल, शैली सिंह , राजू, गोपाल, नवीन साहू, कामिनी, लीलावती, गंगा, हेमन्त, ज्योति कुर्रे, भारती विश्वकर्मा, मनीषा जांगड़े, अंजलि टण्डन, सुमन बर्मन, अंचल टण्डन, रितेश यादव, सत्यनाराण, स्वीटी, शशि साहू, रामेश्वर, वर्षा, सिंगरौल, दीप, मानसी सोनी आदि छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, बिलासपुर (छ.ग.)**

**द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

क्र. 135/न.पा.नि./विज्ञापन शाखा/2024 बिलासपुर दिनांक 14.10.2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम बिलासपुर सीमा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न सड़कों में पीपीपी मोड पर यूनीपोल स्थापना एवं विज्ञापन प्रदर्शन तथा रखरखाव के कार्य हेतु इच्छुक पंजीकृत फर्मों / व्यक्तियों / एजेन्सियों से सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। सभी निविदाएं स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक के माध्यम से ही दिनांक 29/10/2024 सायंकाल 5:00 बजे तक नगर पालिक निगम विकास भवन बिलासपुर में स्वीकार की जावेगी। प्राप्त सीलबंद निविदाएं दिनांक 29/10/2024 को सायंकाल 5.30 बजे विकास भवन कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 25/10/2024 सायंकाल 5.00 बजे है। अन्य जानकारी वेब पोर्टल www.bilaspurnagarnigam.com से एवं नगर निगम विकास भवन तृतीय तल स्थित विज्ञापन शाखा से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

अपर आयुक्त
न.पा.नि., बिलासपुर (छ.ग.)

वृक्षारोपण कार्य महान, एक वृक्ष सौ पुत्र समान

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**उमर अब्दुल्ला कल लेंगे ...**

अधिकारों वाली सरकार बनाने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। जम्मू कश्मीर में आजादी के बाद से 13 साल से अधिक राष्ट्रपति शासन लागू रहा है। पहली बार इसे 1977 में लागू किया गया था। वर्ष 1977 में मार्च महीने में तत्कालीन राज्य में उस समय प्रथम बार राष्ट्रपति शासन लागू किया गया था जब कांग्रेस ने तत्कालीन शेख अब्दुल्ला की सरकार से अपना समर्थन वापस लिया था। लेकिन तब राज्यपाल शासन के छह माह भी अभी पूरे नहीं हुए थे कि राज्य में चुनाव करवा दिए गए थे क्योंकि तब आतंकवाद की कोई बात नहीं थी। फिर दूसरी बार 1986 में फरवरी माह में राज्य में प्रथम बार होने वाले साम्प्रदायिक दंगों की स्थिति पर तत्कालीन मुख्यमंत्री जीएम शाह की सरकार से कांग्रेस द्वारा समर्थन वापस लेने के कारण राज्य में राज्यपाल शासन लागू किया गया जिसकी अवधि आठ माह थी। जानकारी के लिए तत्कालीन राज्य में 5 जनवरी 2019 से पहले भारतीय संविधान की धारा 356 के तहत सीधे राष्ट्रपति शासन लागू नहीं किया जा सकता था। अत: उसके स्थान पर राज्यपाल आप ही जम्मू कश्मीर के संविधान के अनुच्छेद 92 के तहत प्राप्त अधिकारों का इस्तेमाल कर राज्यपाल का शासन लगू कर सकते थे। राज्य में प्रथम छमाही में इसे राज्यपाल का शासन कहा जाता था और बाद में इसे राष्ट्रपति शासन कहा जाता रहा है।

**याचिका पर सुनवाई से ...**

अनुच्छेद 32 के तहत दायर वर्तमान याचिका पर विचार करने के इच्छुक नहीं हैं। याचिकाकर्ता जम्मू-कश्मीर हाईकोर्ट जाने के लिए स्वतंत्र हैं। पीठ ने स्पष्ट किया कि उसने याचिका के 'गुण-दोष पर कोई राय' व्यक्त नहीं की है। पीठ में न्यायमूर्ति संजय कुमार भी शामिल थे।

**टुटेजा और अनवर ढेबर के खिलाफ ...**

और निरंजन दास पर आरोप है कि उन्होंने 2,200 करोड़ रुपये के शराब सिंडिकेट का संचालन किया, जो मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यकाल के दौरान छत्तीसगढ़ में सक्रिय था। इस घोटाले में टेंडर प्रक्रिया में भारी अनियमितताएं हुईं, खासकर एक नोएडा स्थित कंपनी से जुड़े मामलों में, जिसने छत्तीसगढ़ आबकारी विभाग को होलोग्राम्स की आपूर्ति की थी। ये होलोग्राम्स शराब की बोतलों पर लगने वाले आबकारी शुल्क की ट्रैकिंग के लिए अहम थे।

अनिल टूटेजा का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे ने कोर्ट में यह तर्क दिया कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा ईडी की अभियोजन शिकायत को खारिज करने के बाद इस आपराधिक मामले को भी रद्द कर दिया जाना चाहिए। हालांकि, उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता पीके गिरी ने सफलतापूर्वक यह दलील दी कि उत्तर प्रदेश में दर्ज एफआईआर भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी), 468 (जालसाजी), 471 (जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल), और 120-बी (आपराधिक साजिश) के तहत संज्ञेय अपराधों को दर्शाती है।

अदालत ने माना कि याचिकाकर्ताओं के खिलाफ आरोप गंभीर हैं और जांच को जारी रखने के लिए पर्याप्त आधार हैं। इस फैसले के साथ, सभी आरोपियों, जिनमें अनवर ढेबर भी शामिल हैं, के खिलाफ उत्तर प्रदेश में कानूनी प्रक्रिया जारी रहेगी।

# शालाओं का माह में दो बार निरीक्षण कर अवलोकन पंजी में अनिवार्य रूप से टीप अंकित करें- संयुक्त संचालक



**रायगढ़,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। संयुक्त संचालक शिक्षा आर.पी.आदित्य की अध्यक्षता में रायगढ़ जिले के सभी 250 संकुलों के शैक्षिक समन्वयकों की विभागीय समीक्षा बैठक सृजन सभा कक्ष में आयोजित की गई। श्री आदित्य द्वारा सभी सीएसी को अपने संकुल के अधीन आने वाले समस्त शालाओं का माह में कम से कम दो बार अनिवार्यता अवलोकन करने एवं अवलोकन के दौरान सभी बिंदुओं को उल्लेख करते हुये कक्षवार बच्चों की गुणवत्ता जाँच कर टीप अनिवार्यता लिखने के निर्देश दिए। अवलोकन के दौरान बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता की भली-भांति जांच करने एवं गुणवत्ता सुधार हेतु आवश्यक सहयोग करने के निर्देश दिए। इसी तरह विकासखण्ड स्तर एवं जिला स्तर के सभी अधिकारियों को नियमित रूप से स्कूलों का नियमित रूप से निरीक्षण के अनुपस्थित शिक्षकों एवं कर्मचारियों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। शालाओ में अतिरिक्त पुस्तकों एवं गणवेश को विषयवार संकलित कर संकुल में सुरक्षित रखने के निर्देश दिये। जेडी ने लगातार एवं अनियमित रूप से अनुपस्थित कर्मचारियों की जानकारी लेते हुये इन पर विधिसम्मत कार्यवाही करने के निर्देश दिये एवं प्रस्ताव उच्च कार्यालय को भेजने को कहा। सभी शालाओ में नियमित रूप से साप्ताहिक, मासिक परीक्षा लेने और इनकी परिणामों की समीक्षा करने, प्रत्येक शिक्षक का डेली डायरी अनिवार्यता तैयार करने, सभी सीएसी को सीएसी डायरी तैयार कर प्रतिदिन का लेखा रखने के निर्देश दिये गये। शिक्षा विभग के लंबित अनुकम्पा नियुक्ति के प्रकरणों के निराकरण के लिये जिला स्तर पर आगामी 24 एवं 25 अक्टूबर 2024 को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कैम्प लगाकर निराकरण करने के निर्देश दिये।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**विविध कार्य हेतु निविदा सूचना**

निविदा क्रमांकः सी.ई.सी./बी.एस.पी./24-25/10 दिनांक 27-09-2024 (ओपन टेंडर) (टू पैकेट सिस्टम)

कार्य : "मंदिर हसौद से नया रायपुर तक नई लाइन के संबंध में केंद्री से फेयर ग्राउंड रेलवे स्टेशन के बीच बॉक्स पुशिंग विधि द्वारा Ch.14500 पर एक रोड अंडर ब्रिज (ट्वीन बॉक्स (Br.No. 29A) (केन्द्री गेट) का निर्माण और एल.सी. नंबर आर.डी-22 के बदले कट और कवर विधि द्वारा एक रोड अंडर ब्रिज (Br.No. 31) का निर्माण के साथ में जल निकासी, सर्विस रोड और अन्य विभिन्न कार्यो। के क्रियान्वयन हेतु।" निविदा मूल्य : ₹ 21,75,70,554.73/-, अमानत राशिः ₹ 12,37,900.00, निविदा दस्तावेज की लागतः शून्य, कार्य पूरा होने की तिथिः 18 (अठारह) महीना स्वीकृति पत्र प्राप्त होने की तिथि से। निविदा बंद होने का समय एवं दिनांकः 22-10-2024 को 15.00 बजे तक। निविदा खोलने का समय एवं दिनांकः 22-10-2024 को 15.30 बजे तक। विस्तृत जानकारी/निविदा दस्तावेज का पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण)/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर-पिन 495004 अथवा उप मुख्य परियोजना प्रबंधक पश्चिम/निर्माण/नागपुर, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर - पिनः 440001 के कार्यालय से संपर्क करें अथवा निविदा कागजात जो हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है उसे डाउनलोड कर/देख सकते हैं।

उप मुख्य अभियंता/निर्माण
द. पू. म. रेलवे, बिलासपुर

CPR/10/FL/286

South East Central Railway @secrail

**आम सूचना**

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा जोहन पिता संतराम निवासी पुरानी बस्ती कोरबा से ख.नं. 273/17 में से रकबा 0.08 एकड़/ 0.032 हे.भूमि दिनांक 12/04/1993 को विधिवत पंजीयन करवा कर क्रय की गई थी तथा उक्त भूमि का तत्समय दिनांक 12/04/1993 को उपपंजीयक कार्यालय कोरबा में निष्पादित किये गये बिक्रीनामा ग्रंथ क्र. 837 पृष्ठ क्र. 36 से 38 दस्तावेज क्र.66 पर विधिवत पंजीकृत हुआ था। उक्त विक्रीनामा दिनांक 12/04/1993 के पंजीयन विवरण (Fifth Seal) संबंधी पृष्ठ की मूल प्रति एवं विक्रीनामा में संलग्न स्टाम्प पेपर क्र. 337 की मूल प्रति मुझसे कही गुम हो गई है जो कि काफी खोजने पर भी अप्राप्त है। इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/ वित्तीय संस्थान को किसी प्रकार की कोई दावा व आपत्ति हो तो वह अपनी दावा व आपत्ति मेरे समक्ष इस आम सूचना प्रकाशन से 7 दिवस के अंदर कर सकता है समयावधि पश्चात् कोई दावा आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

इसे सूचना जाने।

**भीषम प्रसाद साहू**
**पिता दीनदयाल साहू**
**निवासी पोडीबहार कोरबा तह.व**
**जिला कोरबा (छ.ग.)**
मो. नं. 9827113505

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण संभाग**
**पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ.ग.)**

**// निविदा आमंत्रण सूचना//**

क्रमांक 1941/ NIT-01/ 2024-2025/ वलेलि / दिनांक : 10/10/2024

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि:- दिनांक 21/10/2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक

ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- दिनांक 24/10/2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक

निविदा खोलने की तिथि :- दिनांक 25/10/2024पूर्वान्ह11.30 बजे तक

निविदा प्रपत्र की कीमत :- 750.00 रू.

निविदाकारों की श्रेणी :- ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी ''द'' से ''अ'' तक

| NIT No. Tender No. | कार्य का नाम No of Call कार्य का अनुमानित लागत (लाख में)/अमानत राशि(रू.में)/बैंक साल्वेंसी (रू.में)/कार्य की अवधि |
|---|---|
| 01 T0018 | लोनिवि उपसंभाग क्र. 01 पत्थलगांव अंतर्गत अंकिरा पहुंच मार्ग लं.1 से 2/8 = 1.80 किमी. में बीटी एवं डब्ल्यू एम एम पेच रिपेयर का कार्य। 5.00 लाख/3750रू./75000.00 रू./03 माह वर्षा ऋतु सहित। |
| 01 T0019 | लोनिवि उपसंभाग क्र. 01 पत्थलगांव अंतर्गत तमामुण्डा पहुंच मार्ग लं. 1 किमी. में बीटी एवं डब्ल्यू एम एम पेच रिपेयर का कार्य। 5.00 लाख/ 3750 रू./75000.00रू./03माह वर्षा ऋतु सहित। |
| 01 T0020 | लोनिवि उपसंभाग क्र. 01 पत्थलगांव अंतर्गत बोखी लकराघरा पहुंच मार्ग लं.1 से 5/8(100)= 4.70किमी में बीटी एवं डब्ल्यू एम एम पेच रिपेयर का कार्य। 5.00 लाख/ 3750 रू./75000.00रू./03माह वर्षा ऋतु सहित। |
| 01 T0021 | लोनिवि उपसंभाग क्र.01पत्थलगांव अंतर्गत बोखी से भगोरा पहुंच मार्ग लं.1 से6=6.00किमी में बीटी एवं डब्ल्यू एम एम पेच रिपेयर का कार्य। 5.00 लाख/ 3750रू./ 75000.00रू./03माह वर्षा ऋतु सहित। |

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

**कार्यपालन अभियंता**
**लो.नि.वि.संभाग पत्थलगांव**
**जिला-जशपुर (छ.ग.)**

जी- 242503140/1

# देश

**उवाच**



“झारखंड में अपराधी बेलगाम है। कही किसी की भी हत्या करने से नहीं डर रहे। जवान बेटे को खोने का दर्द वही जानता है जिसके घर ऐसी घटना होती है। पुलिस घटना के तीन दिन बीत जाने पर भी अपराधी की पहचान नहीं कर पाई है।

**-बाबूलाल मरांडी, भाजपा नेता**

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 34. | 2. |
| मुंबई | 32. | 26. |
| कोलकाता | 3. | 25. |
| चेन्नई | 27. | 26. |

# भारत बहुपक्षवाद का प्रबल समर्थक : ओम बिरला



आईपीयू जैसे मंच के माध्यम से संसदें साझी कार्य योजनाओं व साझे प्रयासों के द्वारा सम्पूर्ण विश्व के लिए समावेशी विकास का मार्ग प्रशस्त करने में सफल होंगी : ओम बिरला

- जिनेवा में आईपीयू एसेम्बली में भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का किया नेतृत्व
- शांतिपूर्ण व सुरक्षित भविष्य के लिए विज्ञान, प्रौद्योगिकी व नवाचार का उपयोग विषय पर किया सभा को संबोधित

**जिनेवा/नई दिल्ली,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिनेवा में अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) की 149वीं एसेम्बली में भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को शांतिपूर्ण और सुरक्षित भविष्य के लिए विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार का उपयोग विषय पर सभा को संबोधित किया। अपने संबोधन में बिरला ने वर्तमान समय की कुछ महत्वपूर्ण वैश्विक चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए इस पर भारत का दृष्टिकोण स्पष्ट रूप से रखा। इस बात पर जोर देते हुए कि भारत हमेशा से बहुपक्षवाद का प्रबल समर्थक रहा है, बिरला ने कहा कि विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में संसदों के बीच व्यापक संवाद और सहयोग मानव कल्याण के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आईपीयू जैसे मंच के माध्यम से, संसदें साझी कार्य योजनाओं और साझे प्रयासों के द्वारा सम्पूर्ण विश्व के लिए समावेशी विकास का मार्ग प्रशस्त करने में सफल होंगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विश्व की सभी संसदों को मिलकर विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के लाभों का उचित और न्यायसंगत वितरण सुनिश्चित करना चाहिए। उन्होंने तकनीकी प्रगति, वैज्ञानिक शोध और नवाचार को प्रोत्साहित करने का आह्वान किया ताकि इस प्रगति का लाभ सभी को समान रूप से मिल सके और इसका उपयोग जिम्मेदारी के साथ समावेशी और शांतिपूर्ण भविष्य के निर्माण के लिए किया जा सके। जलवायु परिवर्तन और ऊर्जा सुरक्षा के बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुए बिरला ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा की गई “One Sun, One World, One Grid ओएसओडब्ल्यूजी की पहल का उल्लेख किया।

उन्होंने कहा कि पिछले दशक में भारत की अक्षय ऊर्जा क्षमता 76 गीगावाट से बढ़कर 203 गीगावाट हो गई है। उन्होंने ग्रन हाइड्रोजन मिशन, अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन, बायो फ्यूल गठबंधन जैसी पहलों के बारे में भी बात की, जो जलवायु परिवर्तन की समस्या के समाधान के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती हैं। इस संबंध में संसद द्वारा उठाए गए कदमों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन और सतत विकास लक्ष्यों के मुद्दों पर संसद में विस्तार से चर्चा की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि नए भवन के निर्माण में हरित प्रौद्योगिकी का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया गया है, जो हरित ऊर्जा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने यह भी बताया कि भारत की संसद में डिजिटल संसद एप्लिकेशन से न केवल संसद को पेपरलेस बनाया गया है, बल्कि सूचना प्रौद्योगिकी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उपयोग से संसद की दक्षता को भी बढ़ाया गया है। इससे सभी सदस्यों, भारत सरकार के सभी मंत्रालयों और सभी हितधारकों को एक एकीकृत मंच पर लाया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि कीवर्ड, मेटा डेटा और उन्नत खोज की एआई सुविधाओं की मदद से संसद से संबंधित डाटा को और अधिक उपयोगी बनाया जा रहा है।

अंतर संसदीय संघ राष्ट्रीय संसदों का वैश्विक संगठन है। इसकी स्थापना 1889 में दुनिया के पहले बहुपक्षीय राजनीतिक संगठन के रूप में की गई थी। यह संघ सभी देशों के बीच सहयोग और संवाद को प्रोत्साहित करता है। आज, IPU में 180 देशों की संसदें और 15 क्षेत्रीय संसदीय निकाय शामिल हैं।

## विज्ञान, प्रौद्योगिकी व नवाचार को दी जा रही प्राथमिकता का किया उल्लेख

भारत द्वारा विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार को दी जा रही प्राथमिकता का उल्लेख करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गर्व के साथ कहा कि भारत में स्टार्ट-अप इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत नवाचार, प्रौद्योगिकी और उद्यमिता को विशेष प्रोत्साहन दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 355 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक मूल्य वाले 118 यूनिकॉर्न के साथ, आज भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्ट-अप राष्ट्र बन गया है। आमजन को सेवाएं प्रदान करने में भारत में प्रौद्योगिकी के अभूतपूर्व उपयोग के बारे में बात करते हुए बिरला ने बताया कि कैसे जन धन, आधार और मोबाइल की JAM ट्रिनिटी के माध्यम से वित्तीय सेवाओं के डिजिटलीकरण और वित्तीय समावेशन के द्वारा 314 सार्वजनिक कल्याण योजनाओं के तहत 2 ट्रिलियन 495 बिलियन रुपये के वित्तीय लाभ DBT-डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से लाभार्थियों के बैंक खातों मे अंतरित किए गए हैं, जिससे शासन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हुई है। प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक उपयुक्त नियामक प्रणाली, नागरिकों की डाटा गोपनीयता की सुरक्षा, एआई के उचित उपयोग और प्रौद्योगिकी के लाभों को समान रूप से साझा करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए लोक सभा अध्यक्ष ने आग्रह किया कि ऐसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर आईपीयू मंच के साथ-साथ राष्ट्रीय संसदों में भी चर्चा की जानी चाहिए। इस संबंध में, उन्होंने बताया कि भारत की संसद ने पिछले कुछ वर्षों में व्यापक चर्चा के बाद प्रौद्योगिकी, विज्ञान और पर्यावरण के क्षेत्र में डिजिटल निजी डाटा संरक्षण विधेयक, दूरसंचार विधेयक, ऊर्जा संरक्षण विधेयक और जैव विविधता विधेयक आदि जैसे कई विधेयक पारित किए हैं।

# नशामुक्त भारत के निर्माण के प्रति सरकार कटिबद्ध : शाह



- ड्रग्स व नार्को व्यापार के खिलाफ अभियान जारी रहने की कही बात

**नई दिल्ली,** 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार युवा पीढ़ी को ड्रग्स के खतरे से सुरक्षित कर नशामुक्त भारत के निर्माण के प्रति कटिबद्ध है। शाह ने सोमवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि ड्रग्स और नार्को व्यापार के खिलाफ अभियान बिना किसी ढिलाई के जारी रहेगा। उन्होंने दिल्ली पुलिस को कई अभियान के तहत 13 हजार करोड़ रुपए मूल्य की ड्रग्स की जब्ती, जिसमें गुजरात पुलिस के साथ मिलकर 5 हजार करोड़ रुपए की कोकीन की बरामदगी शामिल है, के लिए बधाई दी। ड्रग्स के व्यापार पर हालिया सख्ती के तहत दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और गुजरात पुलिस ने 13 अक्टूबर को गुजरात के अंकलेश्वर में एक कंपनी में छापेमारी कर 518 किलोग्राम कोकेन बरामद की। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत करीब 5,000 करोड़ रुपए है। इससे पहले एक अक्टूबर को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने महिपालपुर में एक गोदाम पर छापेमारी करके 562 किलोग्राम कोकीन और 40 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक मारिजुआना की खेप जब्त की थी। जांच के दौरान 10 अक्टूबर को दिल्ली के रमेश नगर की एक दुकान से लगभग 208 किलो अतिरिक्त कोकेन बरामद हुई।

## भारतीय पुलिस सेवा के प्रशिक्षु आधिकारियों से करेंगे भेंट

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मंगलवार को यहां भारतीय पुलिस सेवा के 223 बैच के प्रशिक्षु आधिकारियों के साथ संवाद करेंगे। गृह मंत्रालय ने बताया कि भेंट के दौरान प्रशिक्षु अधिकारी ट्रैनिंग से जुड़े अपने अनुभव गृह मंत्री के साथ साझा करेंगे। वर्ष 247 में भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को पूरा करने की दिशा में युवा पुलिस अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। भेंट के दौरान प्रोबेशनरी अधिकारियों को देश की आंतरिक सुरक्षा से जुड़ी चुनौतियों से निपटने के लिए गृह मंत्री का मार्गदर्शन भी मिलेगा। भारतीय पुलिस सेवा वर्ष 223 बैच में, 54 महिला अधिकारियों सहित कुल 188 अधिकारी प्रशिक्षु बुनियादी पाठ्यक्रम प्रशिक्षण चरण-एक पूरा कर चुके हैं।

## सार संक्षेप

### सीए के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में शिरकत करेंगे धनखड़

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ मंगलवार को राजस्थान के जयपुर में चार्टर्ड एकाउंटेंट के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करेंगे। उप राष्ट्रपति सचिवालय ने सोमवार को यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि धनखड़ 15 अक्टूबर को राजस्थान का दौरा करेंगे। इस दौरान वह जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में चार्टर्ड एकाउंटेंट के लिए आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे।

### श्रीनगर से उप्र की दो बालिकाओं के शव बरामद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में उत्तर प्रदेश के दो बच्चियों के शव दूध गंगा नदी से बरामद किए गए हैं। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि इलाके में खिलौने और पेन बेचने वाली दोनों बच्चियां 12 अक्टूबर को लापता हो गईं थीं। बाद में, श्रीनगर सदर थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने माता-पिता के साथ मिलकर बच्चों का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान चलाया। हालांकि, रविवार देर रात दूध गंगा नदी में उनके शव मिले। मृतकों में उत्तर प्रदेश की बरेली निवासी सात वर्षीय शारिका और छह वर्षीय मंगला हैं। सूत्रों के अनुसार, उनकी मौत के कारणों का पता लगाने के लिए मामले की जांच शुरू कर दी है।

### गुजरात के भरूच में 518 किलोग्राम ड्रग्स बरामद


**भरूच।** गुजरात में भरूच जिले के अंकलेश्वर जीआईडीसी क्षेत्र में एक ड्रग्स कंपनी से 518 किलोग्राम से अधिक ड्रग्स बरामद करके पांच लोगों को पकड़ लिया गया है। पुलिस ने बताया कि सूचना के आधार पर दिल्ली और गुजरात पुलिस की संयुक्त टीम ने आवकार ड्रग्स प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी पर छापा मारकर 518.18 किलोग्राम कोकीन और नेथ ड्रग पाउडर जब्त करके पांच लोगों को पकड़ लिया। पुलिस ने मामला दर्ज करके आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। पकड़े गए ड्रग्स की कीमत अभी आधिकारिक तौर पर नहीं बताई गई है।

### झारखंड में गैंगरेप की दो घटनाओं में आठ गिरफ्तार

**रांची।** झारखंड के पलामू और लातेहार जिले में दलित और आदिवासी समुदाय की लड़कियों से गैंगरेप की दो घटनाएं सामने आई हैं। पुलिस ने दोनों मामलों में सूचना मिलते ही आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पलामू जिले के नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र में दुर्गा पूजा का मेला देखकर घर लौट रही दलित और आदिवासी समाज की दो नाबालिग लड़कियों के साथ शुक्रवार की शाम छह लड़कों ने गैंगरेप किया था। पहले इस घटना को दबाने की कोशिश हुई।

# तमिलनाडु में 10-12 के लिए बोर्ड परीक्षा कार्यक्रम घोषित

**चेन्नई,** 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। तमिलनाडु के स्कूल शिक्षा विभाग ने कक्षा 10-12 के लिए बोर्ड परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। स्कूल शिक्षा मंत्री अंबिल महेश पोय्यामोझी ने यह घोषणा की। मंत्री ने बताया कि कक्षा 12 के लिए प्रायोगिक परीक्षाएं 7 फरवरी से 14 फरवरी तक होंगी। वहीं छात्रों के लिए मुख्य परीक्षाएं 3 मार्च से लेकर 25 मार्च तक चलेंगी। कक्षा 11 के लिए प्रायोगिक परीक्षाएं 15 फरवरी से 21 फरवरी तक होंगी, जबकि मुख्य परीक्षाएं 5 मार्च से 27 मार्च तक चलेंगी। कक्षा 10 के लिए प्रायोगिक



परीक्षाएं 22 फरवरी से 28 फरवरी के बीच होंगी, जबकि मुख्य परीक्षाएं 28 मार्च से 15 अप्रैल तक होंगी। मंत्री ने यह भी बताया कि कक्षा 12 के नतीजे संभावित रूप से 9 मई को घोषित किए जाएंगे, जबकि कक्षा 10 और 11 के नतीजे 19 मई को जारी होने की उम्मीद है। शैक्षणिक वर्ष 2023-24 के लिए तमिलनाडु में कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षाएं 26 मार्च से 18 अप्रैल तक आयोजित की गईं। परीक्षाएं तमिल और अन्य भाषा के पेपर से शुरू हुईं और सामाजिक विज्ञान के पेपर के साथ समाप्त हुईं। तमिलनाडु एसएसएलसी (कक्षा 10) की अंतिम परीक्षा में कुल 8,94,264 छात्र उपस्थित हुए, जिनमें से 8,18,743 छात्र या 91.55 प्रतिशत 2024 में उत्तीर्ण हुए। परीक्षा में शामिल होने वाली 4,47,061 महिला उम्मीदवारों में से 4,22,591 उत्तीर्ण हुईं, जिसके परिणामस्वरूप उत्तीर्ण प्रतिशत 94.55 प्रतिशत रहा। दूसरी ओर, 4,47,203 पुरुष उम्मीदवारों ने एसएसएलसी परीक्षा दी, जिनमें से 3,96,152 या 88.58 प्रतिशत उत्तीर्ण हुए। तमिलनाडु कक्षा 11 की बोर्ड परीक्षाएं 4 मार्च से 25 मार्च तक आयोजित की गईं।

झारखंड में हेमंत सरकार का बड़ा फैसला

# मंईयां सम्मान योजना की राशि में गई बढ़ोतरी



- महिलाओं को अब हर माह 25 सौ रुपए देने का लिया निर्णय

**रांची,** 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। झारखंड में विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान से पहले राज्य की हेमंत सोरेन सरकार ने बहुचर्चित 'मंईयां सम्मान योजना' के तहत महिलाओं को अब हर महीने एक हजार के बदले 2,500 रुपए देने का निर्णय लिया है। सोमवार को सीएम की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट की बैठक में इससे संबंधित प्रस्ताव पर मुहर लगाई गई। राज्य की कैबिनेट सेक्रेटरी वंदना डाडेल ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत अभी 18 से 50 वर्ष की करीब 50 लाख महिलाओं को आर्थिक सहायता दी जा रही है। अब तक तीन किस्तों की राशि उनके बैंक खातों में भेजी जा चुकी है। दिसंबर महीने से उन्हें बढ़ी हुई राशि का लाभ दिया जाएगा। इस प्रकार उन्हें सालाना 12 हजार रुपए के बदले 30 हजार दिए जाएंगे। बताया गया कि इसका लाभ 53 लाख महिलाओं को मिलेगा। इस बढ़ोतरी की वजह से राज्य सरकार को इस योजना में लगभग नौ हजार करोड़ रुपए का अतिरिक्त खर्च करना पड़ेगा। कैबिनेट का यह निर्णय हेमंत सोरेन सरकार का बड़ा दांव माना जा रहा है। इस योजना के लागू होने के बाद सरकार की ओर से राज्य के विभिन्न हिस्सों में महिला सम्मान यात्रा निकाली जा रही है।

पांच अक्टूबर को भारतीय जनता पार्टी ने 'मंईयां सम्मान योजना' के जवाब में 'गोगो दीदी योजना' लाने का ऐलान किया था, जिसके तहत राज्य में पार्टी की सरकार बनने पर प्रतिमाह महिलाओं को 2,100 रुपए की राशि देने का वादा किया गया है। कैबिनेट की बैठक में कुल 29 प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई है। एक अन्य महत्वपूर्ण फैसले के अनुसार झारखंड के 62 हजार पारा शिक्षकों (सहायक शिक्षक) को ईपीएफ का लाभ दिया जाएगा। इस मांग को लेकर उन्होंने 15 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का ऐलान किया था। कैबिनेट ने राज्य में दिव्यांग और अनाथ बच्चों की उच्च शिक्षा के दौरान उनकी ट्यूशन फीस सरकारी खजाने से चुकाने का भी निर्णय लिया है। भाजपा की इस घोषणा के बाद अब हेमंत सोरेन सरकार ने 'मंईयां सम्मान योजना' शुरू होने के दो माह के भीतर से इसकी राशि ढाई गुनी बढ़ा दी है।

राज्य में माइनॉरिटी स्कूल के रूप में संचालित मदरसों को पूरी तरह राज्य योजना के तहत संचालित करने के प्रस्ताव पर भी मुहर लगाई गई।

## स्वास्थ्य विभाग में पांच सौ सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों को सौंपा नियुक्ति पत्र

रांची। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य में नियुक्तियों का कारवां लगातार आगे बढ़ रहा है और कोई भी ऐसा महीना नहीं होगा, जब नियुक्ति पत्र वितरण समारोह आयोजित ना हुआ हो। सोरेन ने झारखंड मंत्रालय में स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि नियुक्तियों की इसी क्रम में एक और अहम कड़ी जुड़ने जा रही है। लगभग 5 सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियो को नियुक्ति पत्र मिल रहा है। इस तरह अब आप सभी सरकार के अभिन्न अंग के रूप में अपनी जिम्मेदारियों को निभाएंगे।

# एलएमवी के लिए मुंबई हुआ टोल-फ्री



- विपक्ष ने की सभी वाहनों के लिए शुल्क हटाने की मांग

**मुंबई,** 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र सरकार ने 15 अक्टूबर से मुंबई के पांचों प्रवेश प्वाइंटों (एमईपी) पर लगने वाले टोल टैक्स को खत्म करने का ऐलान किया है। इस फैसले पर विपक्षी महा विकास अघाड़ी ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अध्यक्षता में प्रदेश मंत्रिमंडल ने यह फैसला लेते हुए इसे दूरगामी प्रभाव वाला निर्णय बताया। इस फैसले के बाद हल्के वाहनों को मध्य प्रदेश के मुख्य मार्गों-दहिसर, मुलुंड, ठाणे, ऐरोली और वाशी टोल प्लाजा पर टोल का भुगतान करने से छूट दे दी गई है। हालांकि, इस फैसले के बाद भी भारी मोटर वाहनों (एचएमवी) पर टोल की वसूली पहले की तरह जारी रहेगी। इन वाहनों में बड़े टैम्पो, बसें, आवश्यक वस्तुएं ले जाने वाले मालवाहक ट्रक और अन्य बड़े वाहन शामिल हैं। महाराष्ट्र सरकार के इस कदम का आम लोगों ने स्वागत किया है। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) नेताओं ने भी इस फैसले का स्वागत किया है। साथ ही कांग्रेस प्रवक्ता सचिन सावंत, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (सपा) प्रवक्ता क्लाइड क्रैस्टो, शिवसेना (यूबीटी) प्रवक्ता किशोर तिवारी, सामाजिक कार्यकर्ता प्रफुल शारदा और अन्य ने इसे राजनीति से प्रेरित बताते हुए आम लोगों के लिए सरकार से कई मांगें रखी। प्रसन्न राज ठाकरे ने मनसे कार्यकर्ताओं की सराहना की, जिन्होंने इस मुद्दे पर कई आंदोलन किए थे, जिनमें से कुछ हिंसक भी थे।

वे टोल से वसूले गए धन में पारदर्शिता की मांग कर

## चुनाव से घबराई शिंदे सरकार : कांग्रेस

मुंबई। महाराष्ट्र की एकनाथ शिंदे सरकार ने मुंबई के पांच टोल बूथों पर हल्के वाहनों से टोल टैक्स नहीं लेने का फैसला किया है। इस पर शिवसेना (यूबीटी) से राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने सोमवार को कहा कि इस फैसले से स्पष्ट है कि विधानसभा चुनाव से पहले सरकार घबराई हुई है। राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने इस पर वीडियो जारी करके कहा कि महाराष्ट्र सरकार ने एक घोषणा की है, जो याद दिलाता है कि महाराष्ट्र में महा झूठों के गठबंधन की सरकार है। ये सरकार झूठ बोलकर सत्ता में आई थी। प्रदेश में लाडली बहन योजना तब शुरू की गई, जब लोकसभा चुनाव में उनकी करारी हार हुई थी। आज महाराष्ट्र के लोगों पर 1.9 लाख करोड़ रुपये का कर्ज है।

# हिंसा फैलाने वालों के विरुद्ध हो सख्त कार्रवाई : प्रियंका

**नई दिल्ली,** 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने उत्तर प्रदेश के बहराइच में हिंसा की वारदात पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि कानून किसी को हाथ में नहीं लेना चाहिए और हिंसा फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। वाड्रा ने कहा कि हिंसा करने का अधिकार किसी को नहीं है लेकिन प्रशासन को भी इस मामले में सक्रिय बनने और जनता को विश्वास में लेकर दोषियों के विरुद्ध सख्ती से काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बहराइच, उत्तर प्रदेश में हो रही हिंसा और प्रशासन के निष्क्रिय होने की खबरें अत्यंत दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण हैं। मैं प्रदेश के मुख्यमंत्री जी एवं राज्य प्रशासन से अपील करती हूं कि त्वरित एक्शन लेते हुए, जनता को विश्वास में लें और हिंसा रोकें। दोषियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई हो। वाड्रा ने कहा कि जनता से मेरी करबद्ध अपील है कि कृपया कानून अपने हाथ में न लें और शांति बनाए रखें।



# तेलंगाना की महिलाओं ने सोनिया व राहुल को भेजा पत्र



- छह गारंटियों को लागू करने का किया आग्रह

**हैदराबाद,** 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। तेलंगाना के आदिलाबाद जिले के एक गांव के लोगों ने कांग्रेस नेता सोनियां गांधी और राहुल गांधी को पत्र लिखकर छह गारंटियों को तत्काल लागू करने की मांग की है। आदिलाबाद जिले के एचोडा मंडल के मुखरा गांव के ग्रामीणों ने सोनिया गांधी और राहुल गांधी को पोस्टकार्ड भेजकर उनसे पिछले साल नवंबर में हुए विधानसभा चुनावों के दौरान कांग्रेस के द्वारा दी गई गारंटियों को तत्काल लागू करने की अपील की है। मुखरा गांव की रहने वाली वैष्णवी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लिखे पत्र में बताया कि आपने चुनाव के दौरान अपने घोषणापत्र में जो छह वादे किए थे, उनको आपने और आपकी पार्टी ने अब तक पूरा नहीं किया है। महालक्ष्मी योजना के तहत 2,500 रुपये महिलाओं को देने का जो वादा था वह भी पूरा नहीं किया है। मैं सोनिया गांधी मैडम से अनुरोध करती हूं, आपकी पार्टी ने चुनाव के समय जो 6 वादे किए गए थे। उन्हें जल्द लागू किया जाए। महिला ने सोनिया गांधी को भी पोस्टकार्ड भेजा है। उन्होंने उसमें लिखा, सोनिया गांधी मैडम, तेलंगाना में विधानसभा चुनाव के दौरान तुक्कुगुडा में जनसभा में कहा था कि पहली गारंटी महालक्ष्मी योजना के तहत हर महिला को प्रति महीना 2,500 रुपये देने का है। 100 दिन में छह गारंटी अमल में लाने की बात कही गई थी।

**राजनीति** *जम्मू-कश्मीर में उप राज्यपाल के अधिकारों पर राजनीति तेज*

# पांच सदस्यों को मनोनीत करने वाला मामला बना गले की फांस

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। जम्मू-कश्मीर विधानसभा में पांच सदस्यों को मनोनीत करने वाला मामला उमर सरकार के गले की फांस बनने लगा है। हालांकि सोमवार को इसको लेकर कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था जिसने इस मामले को हाईकोर्ट में ले जाने का आदेश देकर स्टे देने से इनकार कर दिया।

राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 (2019 का 34) की धारा 73 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारत के संविधान के अनुच्छेद 239 और 239ए के साथ, जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश के संबंध में 31 अक्टूबर, 2019 का आदेश जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 की धारा 54 के तहत मुख्यमंत्री की नियुक्ति से ठीक पहले निरस्त माना जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा हस्ताक्षरित अधिसूचना में यह कहा गया है। हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों में नेशनल कांफ्रेंस सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। नेकां-कांग्रेस गठबंधन ने 48 सीटें हासिल की हैं पर सबसे बड़ी चिंता सरकार की उप राज्यपाल के उस अधिकार की है जिसके तहत वे पांच सदस्यों को मनोनीत करेंगें और इन सभी सदस्यों को चुने गए विधायकों की ही तरह पूर्ण अधिकार होंगें। इस मामले पर सोमवार को कांग्रेस सुप्रीम कोर्ट में पहुंची। इस याचिका पर सुनवाई करने से सुप्रीम कोर्ट ने साफ इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता से कहा कि पहले हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाएं। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस पीवी संजय कुमार की बेंच ने कहा कि वह इस मामले पर विचार करने के इच्छुक नहीं है और याचिकाकर्ता को पहले जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाना चाहिए।



- पिछले साल संशोधन कर बढ़ाई गई सदस्य संख्या

याचिकाकर्ता रविंदर कुमार शर्मा की ओर से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी कोर्ट में पेश हुए। उन्होंने कहा कि बिना चुनाव के नियुक्त किए गए उपराज्यपाल द्वारा इस तरह का फैसला काफी असर डाल सकता है। सिंघवी ने दलील दी कि यह मुद्दा बुनियादी ढांचे का है। अगर एलजी 5 लोगों को मनोनीत करते हैं तो उनकी संख्या 47 हो जाती है। वहीं हम 48 हैं। आपको केवल एक ही व्यक्ति को लाना है। दरअसल पांच विधायकों के मनोनयन ने विवाद को जन्म दे दिया है, कांग्रेस पार्टी ने आरोप लगाया है कि उपराज्यपाल का कदम लोकतंत्र और संविधान के मूल सिद्धांतों पर हमला है। जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019, उपराज्यपाल को महिलाओं का प्रतिनिधित्व करने के लिए विधानसभा में दो सदस्यों को मनोनीत करने का अधिकार देता है, जबकि 2023 में एक संशोधन द्वारा तीन और मनोनीत सदस्य जोड़े गए - दो कश्मीरी पंडित और एक पाकिस्तान नियंत्रित जम्मू और कश्मीर का प्रतिनिधि। रविंदर शर्मा की याचिका में जम्मू और कश्मीर में सरकार गठन से पहले सदस्यों को मनोनीत करने की उपराज्यपाल की शक्ति को चुनौती दी गई है, जिसमें तर्क दिया गया है कि इससे विधानसभा में शक्ति संतुलन अनुचित रूप से बदल जाएगा।

बिलासपुर, मंगलवार 15 अक्टूबर 2024
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## धार्मिक उन्माद की बलि चढ़ते युवा

उत्तर प्रदेश के बहराइच के महराजगंज कस्बे (महसी तहसील) में दुर्गा विसर्जन पर गाने-बजाने को लेकर दो समुदायों में हुई भिड़ंत से उपद्रव हो गया। एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई, तो वहीं एक गम्भीर रूप से घायल है। इसके कारण पूरे जिले में बवाल मचा हुआ है। जुलूस में शामिल लोगों का आरोप है कि एक घर से उन पर पथराव किया गया इसलिये मामला बिगड़ा। यह भी आरोप है कि एक समुदाय के लोग रामगोपाल मिश्रा (24 वर्ष) नामक युवक को घर के भीतर घसीट ले गये जहां उसको गोली मार दी गई। उसकी वहीं मौत हो गई। उसे बचाने गये 28 साल के राजन को भी गोली मारी गई। वह गम्भीर रूप से ज़ख्मी है। दूसरी तरफ ऐसे वीडियो भी वायरल हुए हैं जिसमें दिख रहा है कि वह युवक (रामगोपाल) एक घर की छत पर चढ़कर इस्लामी झंडा खींचकर गिरा रहा है और उसके साथ ही भगवा झंडा फहरा रहा है। दूसरे पक्ष का कहना है कि मामला इसी कारण से हिंसक टकराव में बदल गया। कई जगहों पर आगजनी हुई है तथा प्रदर्शन किये गये। पुलिस ने कई जगहों पर लाठियां भी चलाईं।

बहराइच की यह घटना पिछले कुछ वर्षों से युवाओं को भड़काने तथा उन्हें उन्मादी बनाने के व्यापक षड्यंत्र का परिणाम ही प्रतीत होता है। देखा गया है कि धार्मिक जुलूसों के दौरान कुछ न कुछ ऐसा बवाल होता है या पैदा कर दिया जाता है जिससे मुठभेड़ की नौबत आ जाती है। खासकर, मस्जिदों के सामने से गुजरते हुए या समुदाय विशेष के मोहल्लों से निकलते हुए भड़काऊ नारे लगाये जाते हैं या काम किये जाते हैं ताकि दूसरे वर्ग में नाराजगी फैले। पुलिस की कार्रवाई भी कई बार एकतरफा होती है। जिन घरों या इलाकों से पथराव करने के आरोप लगाये जाते हैं, उन क्षेत्रों में गिरफ्तारियों का दौर शुरू हो जाता है। बहुत से ऐसे वीडियो सामने आये हैं जिनमें पता चलता है कि पुलिस स्टेशनों में उनकी पिटाई भी की जाती है। यह नागरिक अधिकारों का हनन एवं कानूनों का सरासर उल्लंघन है।

ऐसी घटनाएं किन लोगों की शह पर होती हैं, यह इसी बात से समझा जा सकता है कि बहराइच में उन्मादी भीड़ पुलिस प्रशासन के खिलाफ कार्रवाई की मांग और दूसरी तरफ उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जय-जयकार कर रही थी। निश्चित रूप से यह खतरनाक स्थिति है। अब तक तो यह भी देखा जाता रहा है कि ऐसे मामले होने पर, वह भी विशेषकर उत्तर प्रदेश में शिकायत दर्ज होते ही, बुलडोज़रों से आरोपियों के घरों को ध्वस्त कर दिया जाता रहा है। सुप्रीम कोर्ट के एक हालिया फैसले के बाद ऐसी गैरकानूनी कार्रवाइयां फिलहाल स्थगित हैं। इसके बावजूद आरोपी, जो एक समुदाय विशेष के होते हैं, अन्य तरीकों से पुलिस एवं प्रशासन के हाथों प्रताड़ित होते हैं।

कहना न होगा कि इनमें से ज्यादातर भारतीय जनता पार्टी एवं उसकी मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अथवा उनके किसी अनुषंगिक संगठनों से जुड़े लोग होते हैं। प्रत्यक्ष तौर पर तो ये धार्मिक जुलूस होते हैं लेकिन इनके पीछे राजनीतिक उद्देश्य निहित हैं। ऐसे जुलूसों के जरिए सियासी मकसद साधे जा रहे हैं- यह बात जुलूस में शामिल होने वालों, खासकर युवाओं को समझनी होगी। इसी मामले को देखें तो इसमें एक युवक को अपनी जान गंवानी पड़ी। लोगों को इस बात पर गौर करना चाहिये कि बड़े नेताओं के बच्चे ऐसे फसादों से दूर रहकर अपना कैरियर बनाते हैं या फिर अच्छी नौकरियां करते हैं। कम पढ़े-लिखे, ड्रॉप आउट्स, निम्न वर्गीय परिवारों के बच्चों को ऐसे जुलूसों में लाया जाता है। दरअसल ऐसे आयोजन करने वालों के लिये उन लोगों की जानें बहुत सस्ती होती हैं जो उन्हें भड़काकर धार्मिक व पवित्र आयोजनों को हिंसक वारदात में बदलकर ध्रुवीकरण करते हैं और उनका अंतिम लाभ भी उन्हें या उनके राजनीतिक संगठनों को ही चुनावी सफलताओं के रूप में प्राप्त होता है।

पिछले दिनों गणेश विसर्जन के दौरान भी देश के कुछ हिस्सों में इसी तरह की घटनाएं हुईं। उनमें भी एक वर्ग विशेष के लोगों को दोषी ठहराया गया। यह नैरेटिव ही लोगों के दिमागों में बिठा दिया गया कि एक समुदाय विशेष के लोग पत्थरबाज होते हैं। यहां तक कि वंदे भारत जैसी ट्रेन पर पत्थर चलाने वाले कुछ शरारती तत्व थे लेकिन उन घटनाओं को कुछ इस तरह से पेश किया गया कि ये लोग भारत में ही रहकर देश की तरक्की से जलने वाले लोग हैं। इस विमर्श को यहां तक विस्तार दिया गया कि कुछ ट्रेन दुर्घटनाओं का कारण भी इन्हीं तत्वों द्वारा पटरियों में पत्थर रखना बतलाया गया।

विजयादशमी के अवसर पर आरएसएस के प्रमुख मोहन भागवत द्वारा जो भाषण दिया गया, वह इसी मानसिकता को उकसाने वाला था। हिन्दुओं को डराने के उद्देश्य से संघ व भाजपा बहुसंख्यकों को थोड़े से मुस्लिम समुदायों से बड़ा खतरा बताती रही है जिसका अंजाम ऐसी घटनाओं के रूप में होता है।

# भागवत की शताब्दी कथा: खतरा, खतरा, खतरा!

इस दशहरे से आरएसएस का शताब्दी वर्ष शुरू हो गया। इस मौके पर, आरएसएस के वर्तमान सरसंघचालक, मोहन भागवत के संबोधन से बहुत से लोगों ने अगर, शताब्दी पार के आने वाले वर्षों में आरएसएस की दशा-दिशा के बारे कुछ नया सुनने की उम्मीद लगा रखी थी, तो उन्हें जरूर निराशा हुई होगी। वैसे आरएसएस के भागवत काल में, जो काफी हद तक देश में मोदी के शासन का काल भी है, आरएसएस ने अपनी पहले की सार्वजनिक रौशनी तथा विशेष रूप से मीडिया से दूरी बनाए रखने की नीति को जिस तरह से बदला है और मीडिया में अपना पक्ष रखने को अपना एक महत्वपूर्ण काम बनाया है, उसके बाद से सरसंघचालक के आरएसएस के स्थापना दिवस यानी दशहरा के परंपरागत संबोधन का, उसकी दिशा के संकेतक का विशेष महत्व जाता रहा है। फिर भी यह किसी ने नहीं सोचा होगा कि शताब्दी संबोधन में संघ प्रमुख, मोदी राज के क्षमाप्रार्थी बनकर, सिर्फ और सिर्फ उसका बचाव करने की मुद्रा में नजर आएंगे।

बेशक, भागवत के दशहरा भाषण का एक अर्थ यह भी है कि कम से कम इसके बाद, पिछले आम चुनाव में मोदीशाही के फीके प्रदर्शन, भाजपा के 240 के आंकड़े पर अटक जाने तथा बहुमत के लिए एनडीए के अपने सहयोगियों पर निर्भर होकर रह जाने के बाद से मीडिया में लग रही इस आशय की अटकलों पर पूर्ण विराम लग जाना चाहिए कि आरएसएस, मोदीशाही से नाखुश है, वह मोदीशाही पर अंकुश लगाने की कोशिश कर रहा है, आदि। भागवत के संबोधन से यह स्पष्ट है कि आरएसएस के मोदीशाही से लोगों की नाराजगी को, उस पर अंकुश लगाने का औजार बनाने या कम से कम उससे असंतुष्ट होने की सारी अटकलें झूठी थीं और आरएसएस प्राण-पण से मोदीशाही के साथ खड़ा है। और यह होना ही स्वाभाविक भी था क्योंकि आरएसएस को इसका बखूबी एहसास है कि मोदी राज के कंधों पर चढ़कर ही वह इस स्थिति में पहुंचा है, जहां वह 'हिंदू राष्ट्र' (और वास्तव में हिंदू राज) के अपने सपने को तेजी से न सही, रेंगकर ही सही, एक वास्तविकता में तब्दील होते देख सकता है। शताब्दी वर्ष में आरएसएस को 'आंशिक हिंदू राज' का गिफ्ट देने वाली मोदीशाही के प्रति, भागवत का इतना कृतज्ञता ज्ञापन तो बनता भी था!

बहरहाल, भागवत कोई साधारण कृतज्ञता ज्ञापन पर ही नहीं रुक गए हैं। वह मोदीशाही के खिलाफ आम चुनाव में सामने आए और उसके बाद से बार-बार रेखांकित हो रहे, जनता के असंतोष के खिलाफ तलवार बल्कि कहना चाहिए त्रिशूल लेकर मैदान में कूद पड़े हैं। इस त्रिशूल के तीन शूल हैं—खतरा, खतरा और खतरा! भागवत सचेत रूप से अपने इस संबोधन के लिए 'खतरा-कथा' का ही चुनाव करते हैं। अपने एक घंटे से लंबे संबोधन में भागवत इसका बखान करते हैं कि कैसे भारत खतरे में हैं, भारत की परंपरा खतरे में है, भारत की संस्कृति खतरे में है, भारत का समाज खतरे में है, भारत का धर्म खतरे में है। और हिंदू शब्द का प्रयोग किए बिना, सबसे बढ़कर इसका बखान करते हैं कि कैसे हिंदू खतरे में है। भारत में ही नहीं, दुनिया भर में ही और इसके लिए वह बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के साथ ज्यादतियों के बहाने, हिंदुओं को संगठित करने की महत्ता का बखान भी करते हैं। कहने की जरूरत नहीं है कि खतरे की यह कथा सुनाने में भागवत इस विडंबना पर तनिक भी नहीं हिचकते हैं कि मोदी राज के दस वर्ष में अगर ये खतरे इतने अर्जेंट हो सकते हैं, तो इस राज में आगे ये खतरे और ज्यादा क्यों नहीं बढ़ेंगे? और यह भी बांग्लादेश में अगर हिंदू अल्पसंख्यकों के साथ अन्याय, अन्याय है, तो भारत में मोदीशाही में मुस्लिम और ईसाई भी, अल्पसंख्यकों के खिलाफ बढ़ता अन्याय, अन्याय क्यों नहीं है, जिसके खिलाफ अल्पसंख्यकों का संगठित होकर प्रतिकार करना उचित और जरूरी हो!

बहरहाल, भागवत की इस खतरा-कथा की धार, अल्पसंख्यकों के खिलाफ होने में कुछ भी नया नहीं है। यह तो आरएसएस के डीएनए में ही है। नयी न सही, फिर भी ध्यान देने वाली बात है, इस कथा में समाज के बंटने के खतरे का, जो वास्तव में हिंदुओं के ही बंटने का खतरा है क्योंकि अल्पसंख्यक तो समाज की उनकी परिभाषा से पहले ही बहिष्कृत हैं, अपेक्षाकृत नया पेच। यह पेच है, समाज के दबे-कुचले तबकों की संगठित होती आवाज के खतरे का। आरएसएस के इतिहास के जानकार बखूबी इस बात को जानते हैं कि मुसलमानों के डर की ही तरह, निचली जातियों के उभार का डर, आरएसएस को उसकी घुट्टी में मिला है बल्कि उसके संगठन की मूल प्रेरणा रहा है। फिर भी, मोदीशाही को हाल के दौर में दलितों-वंचितों की जिस तरह की मुखरता तथा सक्रिय आलोचना तथा विरोध का सामना करना पड़ा है और जिस तरह जातिगत जनगणना का मुद्दा इस परिघटना के केंद्र में आ गया है, उस पर आरएसएस के सरसंघचालक की खास निगाह रही है। इस सबकी अर्जेंसी जरूर नयी है।

बेशक, आरएसएस ने औपचारिक रूप से जाति-आधारित आरक्षण के अपने विरोध को छोड़ दिया है। उसने औपचारिक रूप से यह स्वीकार करना भी शुरू कर दिया है कि अतीत में दलितों के साथ अन्याय हुआ हो सकता है और इससे उबारने के लिए आरक्षण जरूरी हो सकता है। इसके लिए, वह 'बड़ों' से खुद हानि उठाकर भी कुछ उदारता की मांग करने के लिए भी तैयार है। लेकिन इन वंचितों का अपने अधिकारों के लिए मुखर होना और बराबरी के अधिकार के आधार पर संगठित होना, उसे हर्गिज मंजूर नहीं है। उसे सबसे बढ़कर इसी में हिंदुओं के बंटने का खतरा दिखाई देता है। यही जगह है जहां भागवत से लेकर मोदी तक, सब एक स्वर से योगी आदित्यनाथ का लगाया नारा दोहराने लगते हैं: 'बंटोगे तो कटोगे'। मुस्लिमविरोधी गोलबंदी की इससे नंगी पुकार दूसरी नहीं हो सकती है। इसी पुकार की आड़ में मनुवादी-ब्राह्मणवादी आग्रहों को, एकता की पुकार के नाम पर चलाने की कोशिश की जा रही है, जोकि हमेशा से ही आरएसएस का पैंतरा रहा है। लेकिन, आरएसएस के दुर्भाग्य से वर्तमान राजनीतिक-सामाजिक परिस्थितियां उसे आज सामने आकर जातिगत जनगणना तक का विरोध नहीं करने दे रही हैं। इसलिए, जातिगत जनगणना का जिक्र तक किए बिना, उन राजनीतिक परिस्थितियों के बांटने वाला होने का रोना-धोना किया जाता है।


राजेंद्र शर्मा

> आरएसएस ने औपचारिक रूप से जाति-आधारित आरक्षण के अपने विरोध को छोड़ दिया है। उसने औपचारिक रूप से यह स्वीकार करना भी शुरू कर दिया है कि अतीत में दलितों के साथ अन्याय हुआ हो सकता है और इससे उबारने के लिए आरक्षण जरूरी हो सकता है। इसके लिए, वह 'बड़ों' से खुद हानि उठाकर भी कुछ उदारता की मांग करने के लिए भी तैयार है।

बहरहाल, विभाजन का यह रोना सिर्फ सामाजिक रूप से वंचितों की आवाजों तक ही सीमित नहीं है। मौजूदा शासन की हर प्रकार की आलोचना, उसके हर प्रकार के विरोध को ही, बंटवारे के खाते में डाल दिया गया है। संघ प्रमुख के शब्दों में, 'समाज के लिए सर्वाधिक चिंता की बात यह है कि समाज में विद्यमान भद्रता व संस्कार को नष्ट-भ्रष्ट करने के, विविधता को अलगाव में बदलने के, समस्याओं से पीड़ित समूहों में व्यवस्था के प्रति अश्रद्धा उत्पन्न करने के तथा असंतोष को अराजकता में रूपांतरित करने के प्रयास बढ़े हैं।' वर्तमान व्यवस्था के प्रति नागरिकों से राजशाही की प्रजा जैसी श्रद्धा की मांग करने के साथ ही यह, लोगों की चिंता तथा परेशानियों की सभी आवाजों को, 'असंतोष को अराजकता में रूपांतरित करने के प्रयास' बनाने की कोशिश है। इतना ही नहीं, भागवत ने इस 'संकट' की अपनी पहचान को, मोदीशाही के राजनीतिक मित्रों-शत्रुओं की पहचान से इस कदर एकरूप कर दिया है कि सभी विपक्ष-शासित राज्य इस 'चिंता की बात' के दायरे में आ जाते हैं। 'आज देश की वायव्य सीमा से लगे पंजाब, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख; समुद्री सीमा पर स्थित केरल, तमिलनाडु; तथा बिहार से मणिपुर तक का संपूर्ण पूर्वांचल, अस्वस्थ है।'

इस सब के लिए जिम्मेदार आंतरिक शत्रुओं के रूप में कथित वोक, कल्चरल मार्क्सिस्ट आदि के नाम पर, तमाम वामपंथी, प्रगतिशील तथा जनतांत्रिक ताकतों को तो, संघ ने पहले से ही निशाने पर ले रखा था। इन संज्ञाओं के जरिए संघ अपने इन शत्रुओं को एक वैश्विक लड़ाई के खलनायक बनाने की कोशिश करता है। बहरहाल, आरएसएस के शताब्दी वर्ष में इन शत्रुओं को और भयानक बनाने के लिए, अब इनके साथ 'डीप स्टेट' का नाम और जोड़ दिया गया है। विडंबना यह है कि अक्सर डीप स्टेट की अवधारणा, जनतांत्रिक व्यवस्था के बाहर से, राज्य को संचालित करने वाली जिस तरह की षडयंत्रकारी, सैन्य-अर्द्ध-सैन्य शक्तियों की ओर इशारा करती है, उसकी परिभाषा में वर्तमान दौर में तो सबसे फिट खुद आरएसएस ही बैठता है।

बहरहाल, इस सारे रोने-धोने का एक ही मकसद है, मोदी निजाम के खिलाफ लड़ाई में अवाम को पूरी तरह से निरस्त्र करना।

तभी तो मौजूदा निजाम निश्चिंतता से, मेहनतकश अवाम की कीमत पर, उन इजारेदार पूंजीपतियों और उनके देसी-विदेशी सहयोगियों की सेवा करता रह सकता है, जिनके स्वार्थों की अब तक सेवा करता आ रहा था। वर्ना पिछले आम चुनाव ने दिखा ही दिया है कि किस तरह, सांप्रदायिकता के हथियार के सहारे मेहनतकशों को बांटने की उसकी सारी कोशिशें, अवाम की अपने वास्तविक हितों की पहचान के सामने, भोंथरी साबित हो रही हैं। ठीक इसी मुकाम पर संघ अब मोदीशाही का खुलकर बचाव करने के लिए कूद पड़ा है।

आरएसएस की स्थापना के शताब्दी वर्ष का भारत के लिए एक सुफल यह भी है कि आरएसएस और मोदीशाही के बीच जो एक झीना सा पर्दा अब तक बनाए रखा जाता था, अब वह भी हट गया है। जो मोदीशाही है, वही आरएसएस है। जो आरएसएस है, वही मोदीशाही है। इस मिथ्या-द्वैध का हटना ही सरसंघचालक मोहन की, नयी भागवत का हासिल है।

**(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

# वन संरक्षण के देसी उपाय

■ सुरेश भाई

दुनिया में जब से खेती का काम शुरू हुआ होगा तभी से वनों का महत्व इंसान की समझ में आया होगा। खेती का काम मिट्टी, पानी, गोबर के बिना नहीं चल सकता। गोबर पशुपालन से ही संभव है। पशुपालन तभी तक जिंदा है जब तक जंगल और उसके बीच में चारागाह हैं। पशुओं का गोबर भी अकेला नहीं है। उसमें भी पेड़- पौधों की पत्तियां जब पशुओं के नीचे बिछाई जाती हैं तभी खाद बनती है। इसी तरह पानी भी ग्लेशियर और पेड़ों के बीच से ही आता है जो गांव के किनारे नदियों और अन्य जलधाराओं के रूप में धीरे-धीरे बहकर आगे जा रहा है।

इसलिए खेती-बाड़ी, पानी, हवा, मिट्टी हमारा जीवन है और इसके कारखाने हमारे चारों ओर के जंगल हैं। आदिकाल से ही लोगों ने वन बचाने के लिए वन पंचायतें बनाई हैं। गांव में खेती एवं वन सुरक्षा के लिए चौकीदारी व्यवस्था को महत्व दिया गया था। जंगल पर निर्भर लोगों ने वनों से घास और लकड़ी लेने के नियम भी बनाये थे। इसके संकेत आज भी पहाड़ी और आदिवासी गांवों में दिखाई देते हैं।

कई जगहें, खासकर पहाड़ों में जंगल के रास्ते पर लकड़ी के तराजू बने हुए हैं। जब लोग जंगल से घास, लकड़ी लेकर आते हैं तो वन-पंचायत द्वारा नियुक्त चौकीदार हरेक के बोझ को तौलता है। इसका वजन 70-80 किलोग्राम से अधिक होता है तो वन-चौकीदार बोझ से घास या लकड़ी निकालकर अलग करेगा और जिसके बोझ में कम वजन है उसमें मिला देगा। सभी लोग चौकीदार को हर फसल पर अनाज के रूप में मदद करते हैं। जून से सितंबर के बीच चारागाहों में पशुओं को नहीं भेजा जाता। इन महीनों में नई-नई घास और पौधे जंगल में उगते हैं जिनकी सुरक्षा के लिए लोग पशुओं को घर पर रखकर चारे की व्यवस्था करते थे।

> खेती-बाड़ी, पानी, हवा, मिट्टी हमारा जीवन है और इसके कारखाने हमारे चारों ओर के जंगल हैं। आदिकाल से ही लोगों ने वन बचाने के लिए वन पंचायतें बनाई हैं। गांव में खेती एवं वन सुरक्षा के लिए चौकीदारी व्यवस्था को महत्व दिया गया था। जंगल पर निर्भर लोगों ने वनों से घास और लकड़ी लेने के नियम भी बनाये थे। इसके संकेत आज भी पहाड़ी और आदिवासी गांवों में दिखाई देते हैं।

ये बातें आजकल स्कूलों में नहीं पढ़ाई जातीं। फलस्वरूप जीवन शैली उस तरह की नहीं है जिससे पर्यावरण स्वस्थ रहे। जीवन को सुखमय बनाने वाली मिट्टी, पानी, जंगल, हवा प्रदूषणमुक्त हो। इस बारे में जितना पढ़ रहे हैं उतना ही हमारा प्रकृति के प्रति विपरीत आचरण सामने आ रहा हैं। ताजुब होगा कि जब न कोई विज्ञान का सिद्धांत था और न कोई पुस्तक और न ही इस तरह की चकाचौंध थी, जैसे कि आज हमारे चारों ओर है, लेकिन मनुष्य ने आदिकाल से ही अपनी खेती-बाड़ी के महत्व के लिए जंगलों का प्रबंधन करना शुरू कर दिया था।

वर्ष 1815 से पहले जब अंग्रेज यहां आए थे तो लोग अपनी आजीविका के लिए वनों का प्रबंधन करते थे। उदाहरण है कि 1850 तक अंग्रेज फ्रेडरिक विल्सन ने गंगा घाटी के उद्गम में स्थित हर्षिल में रहकर तत्कालीन टिहरी नरेश सुदर्शन शाह से सिर्फ 400 रुपये में शंकुधारी वनों का पट्टा ले लिया था। उसने वहां के वनों का अंधाधुंध दोहन किया। गंगा घाटी से तमाम प्रकार की प्रजाति के पेड़ों को काटकर नदी के बहाव के साथ हरिद्वार और वहां से रेलवे लाइन बिछाने के लिए कोलकाता तक पहुंचाया गया। विल्सन ने इसकी आड़ में जंगली जानवरों का शिकार भी किया।

इसी दौरान वर्ष 1823 में गांव की सीमाओं का भी निर्धारण किया गया था जिससे लोगों के अधिकारों को वनभूमि पर सीमित करने का प्रयास आरंभ हुआ था। अंग्रेजों ने इसके लिए वर्ष 1865 में पहला वन-अधिनियम बनाया था। इसके बाद सन् 1877 में वनों की सीमाओं को भी निर्धारित करने का काम हुआ। जिसमें मुनारा बनाकर वन-सीमायें तय की गई थीं। इस प्रक्रिया में खेती की जमीन को छोड़कर संपूर्ण भूमि सुरक्षित वनभूमि के रूप में बदली गई।

अंग्रेजों के इसी कानून के कारण वनभूमि पर लोगों को अतिक्रमणकारी मानने का सिद्धांत लागू हुआ, लेकिन अंग्रेजों की इस व्यवस्था के विरोध में लोग सड़कों पर उतर आए। लोगों ने विरोध में वनों को आग के हवाले किया। यह घटना 1915-21 के बीच हुई थी। इसके बाद अंग्रेज शासन ने एक 'शिकायत समिति' का गठन कर आरक्षित वनों को 'दर्जा एक' और 'दर्जा दो' में वर्गीकृत किया। इसमें लोगों के अधिकारों को लौटाने की व्यवस्था की गई।

इसके बाद भी 1925 में 'शिकायत समिति' की संस्तुतियों के आधार पर मद्रास प्रेसीडेंसी के कम्युनिटी फॉरेस्ट की तर्ज पर उत्तराखंड में भी पंचायती वन व्यवस्था को आरंभ किया गया। वर्ष 1931 में वन-पंचायत नियमावली बनाई गई जिसका गठन 1932 में प्रारंभ हुआ। उस समय उत्तराखंड में राजस्व ग्रामों की संख्या 13,739 थी। इसके अंतर्गत 'दर्जा एक' और 'दर्जा दो' के अनुसार आरक्षित वनों के साथ सिविल वनों की भी वन-पंचायत बनाना आरंभ किया गया। सन् 1976 में भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 28 के अंतर्गत वन पंचायत नियमावली में संशोधन करके राजस्व विभाग को अधिकार दिए गए। इस संशोधन का बहुत विरोध हुआ। इसके बाद तत्कालीन उत्तरप्रदेश सरकार ने वर्ष 1982 में 19 सदस्यों वाली 'सुल्तान सिंह भंडारी कमेटी' बनाई, लेकिन उनके जितने भी संशोधन थे वे स्वीकार नहीं हो सके।

वर्ष 1997 में जब दुनिया में निजीकरण, उदारीकरण, वैश्वीकरण का दौर चरम सीमा पर था तब विश्वबैंक की सहायता से 'संयुक्त वन प्रबंधन' योजना लागू की गई। इसको चलाने के लिए वन-पंचायत नियमावली में संशोधन किये गये। जिसके बाद वन-पंचायतों की स्वायत्तता को समाप्त करके वन विभाग के अधीन कर दिया गया और वन-पंचायत सरकार की देखरेख में चलने लगी। इससे हक-हुकूक भी प्रभावित हुए। अनुसूचित जाति के शिल्पकार और 'अन्य परंपरागत वन-निवासी' जो रिंगाल और अन्य वन-उत्पाद से आजीविका चला रहे थे, बेरोजगार हुए। उन्हें आजीविका का संकट झेलना पड़ा।

अब उत्तराखंड में ही 12 हजार से अधिक वन-पंचायतें हैं जो सरकारी नियम कानून के आधार पर चलती हैं, लेकिन वे अपने जंगल की आग भी नहीं बुझा पाती। इसका कारण है कि वन और खेती सुरक्षा के जो पुश्तैनी नियम-कानून थे वे हाशिए पर चले गए। इसके चलते बंदर और सुअर जैसे जंगली जानवरों से फसल को बचाना और जंगल पालने की पारंपरिक व्यवस्था भी नहीं बच पाई।

**(लेखक 'उत्तराखण्ड सर्वोदय मंडल' के अध्यक्ष हैं। वे 'उत्तराखण्ड नदी बचाओ अभियान' से भी जुड़े हैं।)**



## ललित सुरजन की कलम से

### अपनी सरकार से अपेक्षाएं-2

*'यह दुर्भाग्य है कि गलत सरकारी नीतियों के कारण देश में मीडिया की विश्वसनीयता लगातार घटी है। वैसे तो 1990-91 में वैश्वीकरण के पदार्पण के साथ यह गिरावट शुरू हो गई थी, लेकिन इधर जो स्थिति बनी है वह अत्यन्त शोचनीय है। एक तरफ कारपोरेट और पूंजीमुखी मीडिया है, जिसकी सत्ताधारियों के साथ सांठगांठ रहती है। दूसरी तरफ चरण चुंबन करने वाला मीडिया है जिसने अपने पेशे को कलंकित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है, लेकिन सत्ताधीशों का वरदहस्त इस पर बना रहता है। नई सरकार से हम अपेक्षा करना चाहेंगे कि मीडिया के स्वस्थ विकास की पहल की जाए। छोटे-छोटे केन्द्रों से प्रकाशित पत्रों के साथ भी न्याय किया जाए। विज्ञापन नीति एकाधिकार याने मोनोपली प्रेस को बढ़ावा देने वाली न हो।'*

*'ऑनलाइन मीडिया का आकलन उसकी विश्वसनीयता के आधार पर हो। याद रखना चाहिए कि मीडिया की भूमिका सरकार और जनता के बीच में पुल बनाने की है। जो सत्ताधीश आलोचना बर्दाश्त नहीं कर सकते वे चाटुकारों से घिर जाते हैं और फिर उन्हें पता भी नहीं चलता कि उनके राज में क्या हो रहा है। हम याद करना चाहेंगे कि नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के पहले तक हर सरकार बड़े-छोटे का भेद किए बिना अमूमन मीडिया के साथ बराबरी से व्यवहार रखती थी। रिजर्व बैंक की तो घोषित नीति थी कि समाचारपत्रों को लघु उद्योग का दर्जा देकर उसके अनुरूप सुविधाएं दी जाएं।'*

**( देशबन्धु में 30 नवंबर 2018 को प्रकाशित )**
https://lalitsurjan.blogspot.com/2018/11/2.html

## पावन प्रसंग

### शिष्टाचार मनुष्य जीवन का दर्पण

शिष्टाचार मनुष्य जीवन का दर्पण है, जिसमें उसके व्यक्तित्व का स्वरूप दिखाई देता है। शिष्टाचार के माध्यम से ही मनुष्य का प्रथम परिचय समाज को मिलता है। अच्छा या बुरा दूसरों पर जो भी प्रभाव पड़ता है, वह हमारे उस व्यवहार पर निर्भर करता है, जो हम दूसरों से करते हैं।

शिष्टाचार व्यवहार की वह रीति-नीति है जिसमें व्यक्ति और समाज की आंतरिक सभ्यता और संस्कृति के दर्शन होते हैं। परस्पर बातचीत के संबोधन, व्यवहार से लेकर दूसरों की सेवा आदर भाव, सम्मान सभी शिष्टाचार के अंतर्गत आते हैं। शिष्टाचार व्यक्ति के आचरण और व्यवहार का एकनैतिक मापदंड है। बहुत से लोग ऊंची शिक्षा व अत्छे वस्त्रों को ही शिष्टाचार का मुख्य अंग समझ लेते हैं। शिक्षित और कीमती बढ़िया पोशाक पहनने वाला व्यक्ति भी अशिष्ट हो सकता है, और निपट, अनपढ़, देहाती भी नितांत शिष्ट होता है। शिष्टता के लिए जिस आचरण, व्यवहार और आदतों की आवश्यकता होती है, जरूरी नहीं कि वे शिक्षित होने से ही आ सके। इसी प्रकार वस्त्राभूषण पहन कर शिष्ट आचरण की आशा नहीं की जा सकती। शिष्टाचार का सद्गुण अभ्यास आचरण और वातावरण के द्वारा प्राप्त किया जाना संभव है। इसके लिए संवेदनशील और कोमल हृदय की आवश्यकता है।

शिष्टाचार मानवता का प्रमुख लक्षण है। पशु पक्षियों को तो इसका ज्ञान नहीं होता क्योंकि उनका जीवन पूर्ण प्राकृतिक प्रेरणाओं पर निर्भर होता है। उनकी दिनचर्या आहार-विहार सब कुछ भिन्न है। बुद्धि से शून्य प्राणियों में भी प्रेम भावना नहीं होती। वे एक दूसरे से इतने उदासीन रहते हैं कि उन्हें सिवाय अपने आखेट करने और खाने से ही मतलब रहता है। दिखने में वे सौम्य आकृति भले ही लगते हैं, किंतु उनका आचरण पशुवत ही होता है। शिष्टता मिलनसारिता जैसे गुण उनमें नहीं होते। सभ्यता शिष्टता के आचरण व्यवहार का ज्ञान वस्तुत: पूर्वजों से विरासत में मिलता है। शिष्टाचार की भावना और नियमों का विवेचन करने से यही प्रतीत होता है। इसका अभ्यास बाल्यकाल से ही कराया जाना चाहिए। वे भूल करते हैं, जो बालकों को शिष्ट आचरण की शिक्षा आरंभ से नहीं देते। कुछ बड़े होने पर शिष्टाचार के नियमों की जानकारी देने का दायित्व शिक्षकों पर जाता है, यों शिष्टाचार के नियमों की जानकारी पाठ्य पुस्तक में भी दी गई होती है। किंतु अध्यापक, अभिभावक इस दायित्व का अभ्यास स्वयं के आचरण से कराते हैं तो ही जीवन में उतरता है।

वाणी संबंधी शिष्टता में सावधानी सतर्कता बरतना बहुत कम लोगों को आता है। अभिवादन के सामान्य व्यवहार से भी लोग बचते हैं और बोलते समय आदरसूचक शब्दों की भी कंजूसी करते हैं। जबकि नमस्कार प्रणाम करने से अपना कुछ घटता नहीं और सामने वालों को लगता है उन्हें सम्मान दिया जा रहा है। आत्मप्रशंसा और परनिंदा ऐसे दोष हैं, जो व्यक्ति का घटियापन जाहिर करते हैं। दूसरों के बीच में बात काटकर बोल पड़ना, वार्तालाप में गाली गलौज करना, अपशब्दों का प्रयोग करना भी अशिष्टता है। बात को संक्षेप, सारगर्भित कहना, क्रोधावेश में न आना, सभ्यता और शिष्टता की निशानी है। इसके विपरीत अधिक बोलना, असत्य बोलना, चुगली करना, चापलूसी करना दुर्गुण भी है और अशिष्टता भी।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

### लाइक-कमेंट के चक्कर में मौत की रील

युवा अभी रियल और रील लाइफ जी रहा है। एक असल दुनिया है और एक आभासी दुनिया। युवा इस आभासी दुनिया यानी रील पर ज़्यादा लाइक्स के चक्कर में खुद को जोखिम में डाल रहे हैं। भारत में टिकटॉक पर बैन लगने के बाद रील्स और मीम्स बनाने का चलन सामने आया। इसके बाद लोग इंस्टाग्राम पर वीडियो डालने लगे। रील्स में इंफॉर्मेशनल, फनी, मोटिवेशनल और डांस समेत कई तरह के वीडियो होते हैं। रील्स एक तरह का इंस्टाग्राम पर शॉर्ट वीडियो होता है। शुरुआत में यह रील्स 30 सेकंड का होता था, लेकिन अब इसे बढ़ाकर 90 सेकंड का कर दिया है। रील बनाने का युवाओं के बीच ऐसा क्रेज आजकल है कि वह कहीं भी रील बनाने लग जाते हैं। कई बार इस रीलबाजी के चक्कर में लोग अपना ही नुक़सान भी करा बैठते हैं। सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स बढ़ाने के शगल के कारण युवा ज़िन्दगी में रील बनाने का क्रेज बढ़ता जा रहा है। कब यह शौक सनक की हद तक पहुंच जाता है, पता ही नहीं चलता। नियमों को ताक पर रखकर रील बनाने के जुनून में जान तक गंवा देते हैं। शहर में ही युवाओं को फ़ेसबुक से लेकर इंस्टाग्राम पर फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए जान जोखिम में डालकर रेलवे ट्रैक, फ्लाई ओवर पर, चलती रेल में कोच के डिब्बे के बीच खड़े होकर या बाइक चलाते हुए रील बनाते देखा जा सकता है।

कई युवा रील को रोचक बनाने के चक्कर में पानी के बीच उतर रहे हैं तो कई युवा टूटी दीवारों पर चढ़कर रील बना रहे हैं। वैसे तो रील्स बनाने का खुमार हर वर्ग के लोगों को है, अपने फॉलोअर्स बढ़ाने के जुनून में लोग इतने खो जाते हैं कि कुछ अलग हटकर दिखाने के चक्कर में खुद के साथ-साथ कई बार दूसरों तक की जान से खिलवाड़ कर डालते हैं। लोकप्रियता हासिल करने के लिए कभी कोई रेलवे ट्रैक पर ट्रेन के सामने पहुँच जाता है तो कभी कोई बहुमंजिला इमारत पर खड़े होकर वीडियो बनाता है। कभी वाहन चलाते समय स्टंटबाजी, कभी सड़कों व चौक-चौराहों पर डांस, स्टंट करना, सिलीसेढ़ और बांध पर खड़े होकर रील्स बनाना। कभी किसी पहाड़ पर खड़े होकर अजीब हरकतें करना। कहीं झरनों व जलाशयों के बीचोंबीच जाकर पानी में बेपरवाह मस्ती करते हुए रील्स बनाना। कभी रेलवे ट्रैक पर जाकर या प्लेटफार्म या चलती ट्रेन में दरवाजे पर खड़े होकर रील्स बनाना।

रील लाइफ की तुलना से युवाओं का आत्मसम्मान प्रभावित हो रहा है। सोशल मीडिया की दुनिया में परफेक्ट दिखने की होड़ में जब उनकी पोस्ट को वांछित प्रतिक्रिया नहीं मिलती, तो वे निराश हो जाते हैं। इसका सीधा असर उनकी मानसिक स्थिति पर पड़ता है, जिससे वे और ज़्यादा सोशल मीडिया पर सक्रिय हो जाते हैं और इस चक्रव्यूह से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। विशेषज्ञों का सुझाव है कि इस समस्या से निपटने के लिए अभिभावकों और शिक्षकों को मिलकर युवाओं को वास्तविक जीवन के महत्व का अहसास कराना चाहिए। टेलेंट है तो बहुत से विषय हैं रील बनाने के यदि किसी में टेलेंट है तो जान को जोखिम में डालने वाली रील बनाने की बजाय मोटिवेशनल, संगीत, नृत्य, तकनीकी ज्ञान, सेहत से जुड़ी टिप्स, धर्म, विज्ञान, फिटनेस, हास्य-व्यंग्य, खान-पान सहित सैकड़ों विषयों पर रील बनाकर ख्याति अर्जित कर सकता है। रील्स की बजाय अपने दोस्तों के साथ समय गुजारें मॉर्निंग वॉक के साथ व्यायाम करने में समय बिताएं रील्स देखने के कारण बच्चे वर्चुअल ऑटिज्म के शिकार हो रहे हैं, उन्हें मोबाइल से दूर रखें। बच्चों के सामने कम से कम मोबाइल का इस्तेमाल करें बच्चों को वक्त दे।

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

देशबन्धु
संस्कारधानी
5 बिलासपुर
मंगलवार, 15 अक्टूबर 2024

उल्टा पुल्टा

एक बच्चा अपनी मां से पूछता है-
माँ, आप मेरे जीवन के बारे में
क्या सोचती हो?

मां ने हँसते हुए कहा, मैं तुम्हारे
जीवन के बारे में सोचती हूँ कि तुम
मुझे और कब उल्लू बनाओगे!

# उच्च शिक्षण संस्थान सामाजिक सरोकारों के लिए सजग रहें-प्रो.चक्रवाल

## सीयू और सरस्वती महाविद्यालय के बीच हुआ समझौता ज्ञापन

**बिलासपुर,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। गुरू घासीदास विश्वविद्यालय (केन्द्रीय विश्वविद्यालय) नैक से ए.ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय और सरस्वती महाविद्यालय कोनी, विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ के बीच 14 अक्टूबर, 2024 को अपराह्न 1 बजे समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए।

समझौता ज्ञापन के हस्ताक्षर अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल ने कहा कि उच्च शिक्षण संस्थानों को अपने सामाजिक सरोकारों के प्रति सजग रहते हुए भारतीय परंपरा के अनुसार समाज के सभी वर्गों को साथ लेकन चलना चाहिए। इसी समावेशी दृष्टिकोण के तहत गुरु घासीदास विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न योजनाएं प्रारंभ की गई हैं जिनमें सुदामा योजना, स्वाभिमान थाली योजना, श्रवण लाइन योजना एवं स्वावलंबी छत्तीसगढ़ शामिल हैं। सरस्वती महाविद्यालय ने विद्यालयीय शिक्षा में उच्च आदर्श स्थापित किये हैं।

कुलपति प्रोफेसर चक्रवाल ने उम्मीद जताई कि महाविद्यालय के रूप में उन्नयन के उपरांत यह उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आदर्श शिक्षा एवं शिक्षण को स्थापित करेगा। इस एमओयू के माध्यम से दोनों संस्थान एक दूसरे को अकादमिक एवं प्रशाससनिक सहयोग प्रदान करेंगे।

सरस्वती महाविद्यालय के अध्यक्ष बृजेंद्र शुक्ला ने कहा कि एमओयू के रूप में केन्द्रीय विश्वविद्यालय द्वारा हमारे महाविद्यालय को मंच प्रदान कर बड़ा अवसर दिया जा रहा है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को शिक्षा के समस्त क्षेत्रों में विस्तार के अवसर प्राप्त होगा।




जुड़ावन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष विद्या भारती छत्तीसगढ़ ने कहा कि शिक्षा, संस्कृति और साहित्य किसी भी देश की पहचान है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के माध्यम से विश्वविद्यालय द्वारा महाविद्यालय के विकास में योगदान से शिक्षा के स्तर में महत्वपूर्ण बदलाव आए हैं।

डॉ. देवनारायण साहू, प्रांत संगठन मंत्री विद्या भारती छत्तीसगढ़ ने कहा कि बिलासपुर में प्रारंभ यह महाविद्यालय विद्या भारती के अंतर्गत चलने का छत्तीसगढ़ का तीसरा महाविद्यालय है। इसके अतिरिक्त सरगुजा एवं जगदलपुर में महाविद्यालय कार्यरत हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में इस एमओयू के माध्यम से उच्च शिक्षा के क्षेत्र में लाभ प्राप्त होगा।

इससे पूर्व अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। मंचस्थ अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर मां सरस्वती एवं बाबा गुरु घासीदास जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किये। स्वागत भाषण अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. शैलेन्द्र कुमार ने दिया। एमओयू के विषय में विस्तार से जानकारी डॉ. एस.एस. ठाकुर ने प्रदान किया।

कार्यक्रम का संचालन प्रो. भारती अहिरवार, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी विकास विभाग ने संचालन किया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. अभय एस. रणदिवे ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में सरस्वती महाविद्यलाय के पदाधिकारीगण एवं अन्य गणमान्य अतिथिओं के साथ ही विश्वविद्यालय के विभिन्न विद्यापीठों के अधिष्ठातागण, विभागाध्यक्षगण, अधिकारीगण, शिक्षणगण एवं शोधार्थी उपस्थित रहे।

## संपादकीय

### धान खरीद का लक्ष्य हो पूरा

*छत्तीसगढ़ सरकार अमूमन 1 नवम्बर से किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी करती है। इस बार प्रदेश सरकार ने यह तिथि 15 नवम्बर कर दी है जिसे लेकर विवाद हो गया है। सरकार का कहना है कि कायदे से तो 1 दिसम्बर से यह खरीद की जानी चाहिये लेकिन सरकार ने 15 दिन ही बढ़ाये हैं। इसका विरोध करते हुए प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस का मानना है कि पहले से जो परम्परागत तारीख तय है उसी दिन से प्रारम्भ होनी चाहिये। जो हो, सरकार के पास इसके अपने कारण हैं, इसलिये अब इस पर विवाद करने की बजाय इस बात पर ध्यान दिया जाये कि सरकार द्वारा धान खरीदी का लक्ष्य पूरा हो और किसानों का एक-एक दाना समर्थन मूल्य पर खरीदा जाये।*

*मंत्री टंकराम वर्मा के अनुसार सरकार ने पाया है कि नवम्बर माह में कुल लक्ष्य का 10 फीसदी धान ही खरीदा जाता है। इसमें असली तेजी दिसम्बर के बाद ही आती है। उनका यह भी कहना था कि अभी धान पूरी तरह से सूखा नहीं है। पूरी तरह से सूखा धान लेकर किसान दिसम्बर में ही आते हैं। फिर भी सरकार ने 15 नवम्बर से इसकी शुरुआत करने का ऐलान किया है। इसके अनुसार समय रहते तैयारियां पूरी कर ली जायेंगी। उन्होंने यह भी बताया कि धान खरीद की काफी प्रक्रिया कम्प्यूटरों के जरिये होती है। इसके लिये तीन हजार कम्प्यूटर ऑपरेटरों को भी तैयार कर लिया गया है। 10 नवम्बर से वे इस काम में पूरी तरह लग जायेंगे। उन्होंने बताया कि नियमितीकरण की मांग को लेकर इन कम्प्यूटर ऑपरेटरों ने हड़ताल भी की थी। उनसे बातचीत जारी है। हालांकि उस बाबत अभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है। दूसरी ओर कांग्रेस ने इस विलम्ब को लेकर सरकार की आलोचना की है। कांग्रेस को अपना इस ओर अधिक ध्यान देना चाहिये कि किसानों को कोई दिक्कत न हो तथा वह उनका धान सुविधाजनक तरीके से बिकवाने में मदद करे।*

*धान खरीदी छग सरकार की एक प्रमुख सालाना गतिविधि कही जा सकती है। सरकार को चाहिये कि वह धान को सुरक्षित रखने के लिये स्थायी व्यवस्था करे। पाया यह जाता है कि किसानों से खरीदा गया धान खराब भी होता है। कई बार उपार्जन केन्द्रों में रखे गये धान को या तो खुला छोड दिया जाता है तो कई बार वह चूहों द्वारा खा लिया जाता है। हाल ही में विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने आरोप लगाया है कि खरीफ वर्ष 2023 में सरकार द्वारा खरीदे गये धान का काफी हिस्सा खराब हो गया है या गायब है। उनके अनुसार लगभग 1000 करोड़ रुपये का धान उपार्जन एवं खरीद केन्द्रों से गायब है अथवा उसे चूहे खा गये हैं इसलिये धान को सुरक्षित रखने के उपाय हों।*

## सार-संक्षेप



### स्वास्थ्य सेवा के प्रति विशेष योगदान के लिए राजेंद्र अग्रवाल को राज्यपाल ने किया सम्मानित

**बिलासपुर,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के श्री अग्रसेन जयंती भव्य समारोह में गत दिवस *मुख्य अतिथि रमन डेका राज्यपाल छत्तीसगढ़ के तथा विशिष्ट अतिथि बृजमोहन अग्रवाल पूर्व मंत्री एवं सांसद एवं संपत अग्रवाल विधायक बसना तथा प्रदीप मित्तल राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन सियाराम अग्रवाल राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन की अध्यक्षता में रायपुर में श्री अग्रसेन जयंती का भव्य समारोह पूरे छत्तीसगढ़ से पधारे अग्रवाल समाज के पदाधिकारीयो की उपस्थिति में संपन्न हुआ इस सम्मेलन में जिन-जिन स्थानों में श्री अग्र अलंकरण समारोह संपन्न हुआ था उन स्थानों की अग्रवाल सभाओं के अध्यक्षों का सम्मान किया गया तथा जिन स्थानों में कार्यकारिणी की बैठक संपन्न हुई थी उस स्थान के व्यक्ति तथा संस्थाओं को भी राज्यपाल के द्वारा सम्मानित किया गया इसी व्यवस्था में छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र राजू अग्रवाल का स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता हेतु लीवर फाइब्रो स्कैन के कार्यक्रम को रेखांकित किया गया सभी लोगों ने मुक्त कंठ से सराहना की राजेंद्र अग्रवाल राजू के लगातार संगठन के प्रति समर्पण की भावना को देखते हुए मुख्य अतिथि राज्यपाल रमन डेका ने मोमेंटो एवं बुके देकर सम्मानित किया तत्पश्चात द्वितीय सत्र में निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न हुई प्रांतीय नवनिर्वाचित अध्यक्ष अशोक अग्रवाल हनुमान मार्केट को निर्वाचित घोषित किया गया भाई अशोक अग्रवाल ने अशोक मोदी को प्रांतीय चैयरमैन मनोनीत किया ।

### आयुष्मान कार्ड बनाने शिविर का आयोजन आज

**बिलासपुर,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु) ।राज्य शासन द्वारा दिये गये निर्देशानुसार जिले में शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर श्री अवनीश शरण ने लोगों से अपील की है कि वे शिविर में शामिल होकर अपना आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवाएं। शहरी क्षेत्रों में छूटे हुए सभी पात्र सदस्यों को आयुष्मान कार्ड का लाभ दिलाने शिविर का सिलसिला लगातार जारी है। इसी कड़ी में 15 अक्टूबर को आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए वार्ड क्रमांक 20 के पंचायत भवन सिंधी कॉलोनी तिलक नगर में, वार्ड क्रमांक 19 हमर क्लीनिक कस्तूरबा नगर एवं वार्ड क्रमांक 52 के आंगनबाड़ी केन्द्र 6 पुरानी बस्ती लिंगियाडीह में शिविर का आयोजन किया गया है।

### आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद पर आवेदन 28 तक

**बिलासपुर,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। एकीकृत बाल विकास परियोजना सीपत अंतर्गत ग्राम झलमला के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 01 में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद पर भर्ती हेतु आवेदन 28 अक्टूबर तक आमंत्रित किये गए हैं। इच्छुक आवेदिका कार्यालीन समय में सीधे अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से आवेदन कर सकती है। आवेदन के संबंध में अधिक जानकारी के लिए एकीकृत बाल विकास परियोजना सीपत में संपर्क कर सकते हैं।

### स्थानीय अवकाश अब 10 दिसंबर को,कलेक्टर ने जारी किया आदेश

**बिलासपुर,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर अवनीश शरण ने 1 नवंबर के स्थान पर अब 10 दिसम्बर शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदान दिवस पर जिले में स्थानीय अवकाश घोषित किया है। छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 1 नवंबर 2024 को राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। इसके मद्देनजर कलेक्टर ने 1 नवंबर 2024 दिपावली के दूसरे दिन (गोवर्धन पूजा) को घोषित स्थानीय अवकाश को निरस्त करते हुए 10 दिसंबर 2024 शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदान दिवस के दिन जिले में स्थानीय अवकाश घोषित किया है।

# जिले में 4 नये ग्राम पंचायत गठन का प्रस्ताव

## दावा-आपत्तियां आमंत्रित

**बिलासपुर,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। बिलासपुर जिले में 4 नये ग्राम पंचायत - जोगीपुर, विचारपुर, बछालीखुर्द एवं नवागांव के गठन की प्रक्रिया शुरू की गई है।

त्रिस्तरीय आम चुनाव 2024-25 के पहले इनका निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। वर्तमान में जिले में 483 ग्राम पंचायत हैं। कलेक्टर (पंचायत) द्वारा इस संबंध में परिसीमन के लिए 14 अक्टूबर को अधिसूचना प्रकाशित कर दी गई है। संबंधित ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत एवं अनुविभागीय राजस्व अधिकारी कार्यालय में इसकी प्रति चस्पा की गई है। एक सप्ताह में इस अधिसूचना पर पर अपना लिखित में सुझाव, दावा एवं आपत्ति आमंत्रित किये गये हैं। गौरतलब है कि तखतपुर जनपद पंचायत के अंतर्गत जोगीपुर (वर्तमान ग्राम पंचायत डोमनपुर) एवं विचारपुर (वर्तमान ग्राम पंचायत ढनढन) कोटा जनपद पंचायत के अंतर्गत बछालीखुर्द (वर्तमान ग्राम पंचायत भैंसाझार) तथा मस्तुरी विकासखण्ड के ग्राम नवागांव (वर्तमान ग्राम पंचायत टिकारी) में नया ग्राम पंचायत के गठन का प्रस्ताव किया गया है। दावा एवं आपत्ति संबंधित एसडीएम कार्यालय में निर्धारित तिथि तक स्वीकार किये जाएंगे। दावा आपत्तियों की सुनवाई के बाद अंतिम निर्णय के लिए रिपोर्ट जिला कलेक्टर को भेजा जायेगा।

# निरंतर दृढ़ता शुभ संकल्पों को अवश्य सफलता दिलाती है-बीके मंजू



## झाँकी में सुसज्जित चैतन्य देवियों का सम्मान किया गया

## राजयोग शिविर में बताया गया नींद का सही तरीका

**बिलासपुर,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। शिव अनुराग भवन राजकिशोरनगर में राजयोग शिविर के प्रथम दिन सही तरीके से नींद लेने का महत्व बताया गया ।बीके मंजू ने कहा कि रात्रि दस बजे से बारह बजे की गहरी नींद संपूर्ण स्वास्थ्य के लिये बहुत आवश्यक है। यह समय अगर मोबाइल देखने, व्यर्थ चिंतन मे बीतता है तो इसकी भरपाई करना मुश्किल है। रात्रि दस से प्रात: चार बजे के बीच नींद का दो दो घंटे का तीन चक्र पूरा होता है। इस समय नींद लेने से मन बुद्धि सहित शरीर के सभी अंग अगले दिन की दिनचर्या के लिये तैयार हो पाते है।

आगे आपने कहा कि शुभ संकल्पों में अगर निरंतर दृढता हो तो संकल्पों को पूरा करने में परमात्मा की मदद सफलता अवश्य दिलाती है। दृढता में कमी से स्थिति ऊपर नीचे होने से सफलता भी दूर होती जाती है। नौ दिनों तक चले चैतन्य देवियों की झाँकी मे समर्पित बहनों के अतिरिक्त अट्ठाइस कन्याओं ने साधना की थी। लायंस क्लब के अध्यक्ष लव श्रीवास्तव की टीम द्वारा सौगात देकर देवियों का सम्मान किया गया।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने विजयादशमी पर बिल्हा खंड मे किया पथ संचलन

**बिलासपुर,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का विजयादशमी उत्सव पर बिल्हा खंड मे पथ संचलन किया गया, संचलन का शुरुआत बिल्हा मंडी से किया गया एवं नगर भ्रमण उपरांत समापन बिल्हा मंडी में किया गया, कार्यक्रम मे विभाग प्रचारक गणेश जी का उद्बोधन प्राप्त हुआ। इस अवसर पर बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक जी, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी जी,बिलासपुर जिला संघ चालाक श्री रामधन रजक जी, दक्षिण बिल्हा खंड संघ चालक श्री रामरतन सेन जी, मागेराराम अग्रवाल जी, डॉ लखनगिरी गोस्वामी जी,कृष्ण कुमार कौशिक चित्रसेन पांडेय जी, रमेश गोयल जी, शिव अग्रवाल जी, भृगु अवस्थी जी, डॉ. देवेंद्र कौशिक जी, बिल्हा मंडल अध्यक्ष सोमेश तिवारी जी, कोमल ठाकुर जी, अशोक कौशिक जी, बोदरी मंडल महामंत्री दिनेश कुमार पांडेय जी, परसदा सरपंच जितेन्द्र निर्णेजक जी आदि उपस्थित थे।

# स्वच्छता पखवाड़ा: मंडल रेलवे ने विभिन्न स्टेशनों में चलाया प्लास्टिक निषेध अभियान

**बिलासपुर,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय रेलवे द्वारा स्वच्छ रेल स्वच्छ भारत के तहत स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। दिनांक 01 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक आयोजित इस स्वच्छता पखवाडा में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल में प्रत्येक दिवसों के थीम के अनुसार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में आज बिलासपुर मंडल द्वारा बिलासपुर सहित मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर प्लास्टिक कचरे को कम करने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। इस क्रम में रेलवे स्टेशनों पर लगे प्लास्टिक बोतल क्रशिंग मशीनों के रखरखाव और कार्य की समीक्षा की गई। इन मशीनों की मदद से यात्रियों द्वारा उपयोग की गई प्लास्टिक बोतलों का सही ढंग से निपटारा हो सके। इस दौरान नामित अधिकारियों द्वारा यात्रियों को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने के लिए प्रेरित करते हुए कपडे के थैले बांटे गये। साथ ही स्टेशन एवं गाडियों के यात्रियों से संवाद कर गाडियों तथा रेलवे परिसर को स्वच्छ बनाये रखने में सहभागी बनने तथा स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन में अपनाने का आग्रह किया गया।



इस अभियान का मुख्य उद्देश्य एकल उपयोग प्लास्टिक के उपयोग को समाप्त करना है। इस दिशा में, मंडल ने जागरूकता बढ़ाने के लिए व्यापक स्तर पर अभियान चलाया, जिसमें यात्रियों, केटरिंग स्टॉल और अन्य स्टेशनों के उपयोगकर्ताओं को एकल उपयोग प्लास्टिक के खतरों के प्रति संवेदनशील किया गया। एकल उपयोग प्लास्टिक का उपयोग नहीं करते हुये स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजग रहने का आह्वान किया गया।

इसके साथ ही मंडल के अम्बिकापुर, शहडोल, उमरिया, पेंड्रारोड, कोरबा, चांपा, रायगढ, ब्रजराजनगर, अनूपपुर सहित मंडल के सभी प्रमुख स्टेशनों, गाडियों में यात्रियों से सीधा संवाद स्थापित कर फीडबैक लिया गया तथा स्वच्छता में भागीदारी सुनिश्चित करने का आग्रह भी किया गया।

# जल जीवन मिशन से महिलाओं को मिली राहत,समय और श्रम की हो रही बचत

**बिलासपुर,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय से लगभग 47 किलोमीटर की दूरी पर स्थित कोटा ब्लॉक का आश्रित गांव डोंगी अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है। यह छोटा सा गांव है जिसमें 80 परिवार रहते हैं। जल जीवन मिशन आने के पूर्व इस ग्राम के लोगों को शुद्ध पेय जल की समस्या हमेशा बनी रहती थी। डोंगी के लोगों को पीने के पानी के लिए हैण्डपंप पर निर्भर रहना पड़ता था ऐसी परिस्थितियों में महिलाओं के लिए चुनौती बढ़ जाती थी। जल जीवन मिशन योजना का सबसे ज्यादा लाभ महिलाओं को हुआ है। महिलाएं दूर जाकर हैण्ड पंप से पानी लाने का संघर्ष करती थी। जल जीवन मिशन से उन्हे इन समस्याओं से छुटकारा मिल गया है। उनके समय और श्रम दोनों की बचत हो गई है। डोंगी में 80 परिवारों को घर में नल से पीने का शुद्ध पानी मिल रहा है। हैण्ड पंप पर निर्भरता खत्म हो गई है।

ग्राम पंचायत डोंगी के ग्रामीण और महिलाओं के लिए जल जीवन मिशन योजना किसी वरदान से कम नही है। महिलाओं को घंटो लगने वाली लाईन से छुटकारा मिल गया है। पहले डोंगी में बरसात में गंदा पानी निकलने की समस्या और गर्मी के दिनों में भू जल स्तर में गिरावट की समस्या के कारण हैण्डपंप से भी पानी नहीं मिल पाता था, तब गांव में हैण्डपंप होने के बाद भी पेजल संबंधित समस्या बनी रहती थी। अब जल जीवन मिशन के तहत पुरे डोंगी गांव में 80 टेप नल कनेक्शन दिए जाने के लिए 20,000 लीटर का स्टील स्ट्रक्चर जलागार का निर्माण किया गया है। कार्य पूर्ण होने पर ग्राम डोंगी के लोगों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति की खुशी में हर घर जल उत्सव मनाया गया एवं डोंगी को हर घर जल ग्राम घोषित किया गया। अब डोंगी के लोगों को पेयजल संबंधित समस्या से निजात मिल गया है। घरों तक नल का पानी पहुंचने से लोग खुश हैं।




हितग्राही श्रीमती धनकुंवर ने बताया कि पहले पानी भरने के लिए उन्हें दूसरे मोहल्ले जाना पड़ता था। वहां लोगों की बहुत भीड़ हुआ करती थी जिसके कारण पानी भरने में बहुत मशक्कत करनी पड़ती थी और बहुत थकान हो जाती थी। लेकिन अब जल जीवन मिशन योजना से घर पर ही शुद्ध पेयजल मिल रहा है जिससे मैं बहुत खुश हूं। उन्होंने बताया कि अब मेरे श्रम और समय दोनों की बचत हो रही है। गांव के श्री चंद्रकुमार साहू ने बताया कि जल जीवन मिशन से पूर्व उन्हे पेयजल के लिए हैण्डपंप पर निर्भर रहना पड़ता था और अपनी बारी के इंतजार में बहुत समय बीत जाता था जिससे वे अपने घरेलू कार्य एवं कृषि कार्य करने में पिछड़ जाते थे और कई महत्वपूर्ण कार्य समय के कमी के कारण चुक जाता था।

जल जीवन मिशन के तहत अब घर पर ही टेप नल लगाये जाने से पानी भरने हेतु हैण्डपंप पर निर्भर नहीं होना पड़ता, अब सारा काम समय पर हो जाता है।

## सार-संक्षेप

### शस्त्र पूजन में शामिल हुए प्रभारी एसपी कुकरेजा



**कोरबा,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। पुलिस विभाग ने परंपरा के अनुसार पुलिस लाइन में शस्त्र पूजन किया। पुलिस अधीक्षक राजेश कुकरेजा व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती नेहा वर्मा ने विधि विधान से शस्त्र पूजन किया। हवन व आरती के पश्चात पुलिस अधिकारियों व जवानों के अलावा अन्य गणमान्य नागरिकों को प्रसाद वितरित किया गया। इसके साथ ही पुलिस लाइन में हवाई फायरिंग की गई। शस्त्र पूजन कार्यक्रम में नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा भूषण एक्का, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्रीमती प्रतिभा मरकाम, एसडीओपी कटघोरा पंकज ठाकुर, उप पुलिस अधीक्षक बेनेडिक्ट मिंज ,उप पुलिस अधीक्षक आई.तिर्की, रक्षित निरीक्षक अनथराम पैकरा, नगर कोतवाल मोती पटेल, सिविल लाइन रामपुर प्रभारी निरीक्षक प्रमोद डनसेना, थाना प्रभारी कुसमुंडा रूपक शर्मा, थाना प्रभारी उरगा निरीक्षक युवराज तिवारी ,चौकी प्रभारी मानिकपुर उप निरीक्षक नवीन पटेल, आरमोरर शाखा प्रभारी अंगध्वज राठौर एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### शिवाजी नगर में गोपाल मोदी ने किया रावण दहन



**कोरबा,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। शिवाजी नगर डांडिया गरबा उत्सव समिति द्वारा रावण दहन का कार्यक्रम विजयदशमी के अवसर पर रखा गया जिसमें भाजपा नेता को गोपाल मोदी मुख्य अतिथि रहे। शिवाजी नगर में रात 10 बजे रावण दहन मुख्य अतिथि के हाथों किया गया उसके पूर्व आकर्षक आतिशबाजी का आनंद कॉलोनी के लोगों ने उठाया। समिति द्वारा आतिशबाजी के बेहतरीन प्रबंध किए गए थे। मुख्य अतिथि गोपाल मोदी ने शिवाजी नगर डांडिया गरबा उत्सव समिति के इस प्रयास की काफी सराहना की और उन्हें उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दी। दशहरा उत्सव के दौरान समिति के अध्यक्ष राजकुमार गांगुली, शिव वैष्णव,अयोध्या प्रसाद सोनी, राजू पवार, मनोज रतन परखी, संतोष राय,पवन सिन्हा, विक्की गांगुली, पीतांबर चौहान, अभिषेक जनार्दन, रतन भाटिया, कान्हा, ओम पांचाल सहित मंदिर समिति की पुरी भजन मंडली के साथ कॉलोनी के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### सर्वमंगला मंदिर से निकली विसर्जन यात्रा



**कोरबा,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। मां सर्वमंगला मंदिर में नवरात्रि पर्व विधि-विधान के साथ हवन-पूजन के साथ संपन्न हुआ। नवरात्रि के दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। नवमी तिथि को मां सर्वमंगला मंदिर से ज्वारा-ज्योति कलश विसर्जन यात्रा निकाली गई। ज्वारा विसर्जन यात्रा में सैंकड़ों की संख्या में महिलाएं, युवतियां सहित अन्य श्रद्धालु शामिल हुए। विसर्जन शोभायात्रा को देखने भक्तों की भीड़ लगी रही। गाजे-बाजे व जस गीत की धुन पर हसदेव नदी के तट पर ज्वारा-ज्योति कलश विसर्जन किया गया। पर्व के अंतिम दिन मां सर्वमंगला मंदिर सहित पंडालों में भोग भंडारे का आयोजन किया गया। देवी मां की दर्शन के साथ आयोजित भंडारा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुगणों ने प्रसाद ग्रहण किया।

### भाजयुमो उपाध्यक्ष ने दुर्गा पंडालों में किये दर्शन



**कोरबा,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। केबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन के प्रतिनिधि के रूप में भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष व पार्षद नरेन्द्र देवांगन नवरात्रि व दशहरा पर्व पर अंचल के दुर्गा व गरबा पंडालों में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे है। नरेन्द्र देवांगन बालको पूजा पंडाल, बाल्को सेक्टर-4 गरबा उत्सव, दुर्गा पूजा परसाभाटा, दुर्गा पूजा नेहरूनगर, गरबा उत्सव हाउसिंग बोर्ड बालको, दुर्गा पूजा उत्सव ढेंगुरनाला, दुर्गा पूजा राताखार, दुर्गा पूजा भदरापारा, दुर्गा पूजा लालघाट, दुर्गा पूजा संजय नगर, पुरानी बस्ती कोरबा, दुर्गा पूजा पम्प हाउस, गरबा उत्सव एमपी नगर, दुर्गा पूजा मोतीसागरपारा, दुर्गा पूजा पुरानी बस्ती कोहड़िया, भोग भंडारा रविशंकर नगर, आरपी नगर गरबा महोत्सव में बतौर अतिथि सम्मिलित हुए व विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया।

# इंटक से निकाले गए गोपालनारायण, कानूनी कार्रवाई की चेतावनी

## संगठन के चंदे का दुरुपयोग व संघ के विरुद्ध कार्य करने का आरोप

**कोरबा,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के श्रम जगत में एक बड़े घटनाक्रम में एसईसीएल इंटक के केंद्रीय अध्यक्ष गोपाल नारायण सिंह को निष्कासित कर दिया गया है।

साउथ ईस्टर्न कोयला मजदूर कांग्रेस (इंटक) के संपत कुमार शुक्ला अध्यक्ष (केंद्रीय) सदस्य एवं, कंपनी कल्याण समिति ने आम सूचना जारी किया है।

आम सभा में आहूत बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार गोपाल नारायण सिंह केंद्रीय अध्यक्ष साउथ ईस्टर्न कोयला मजदूर कांग्रेस (इंटक) पंजीयन क्रमांक 4139 को समस्त पदों एवं प्राथमिक सदस्यता से पद मुक्त किया जाता है। उनके स्थान पर संपत कुमार शुक्ला को (इंटक) को नये केंद्रीय अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है। साथ ही गोपाल नारायण सिंह को निर्देशित किया जाता है कि वो संगठन के संदर्भ में किसी भी तरह के भौतिक एवं आर्थिक गतिविधियों से दूर रहें, अन्यथा संलिप्त पाये जाने पर कानूनी कार्यवाही की जायेगी। साथ ही गोपाल नारायण सिंह को इस संबंध में पत्र जारी कर सूचित किया गया है कि कुसमुंडा क्षेत्र के संघ कार्यालय एम/124, विकास नगर, कुसमुंडा (छग) में विकेश पाल, सचिव यूथ इंटक (छत्तीसगढ़) की अध्यक्षता में एसईसीएल के समस्त क्षेत्रों से एसईकेएमसी संगठन के पधारे सदस्यों के साधारण सभा की बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार आपको साउथ ईस्टर्न कोयला मजदूर कांग्रेस (इंटक) पंजीयन क्रमांक 4139 (1990) के केंद्रीय अध्यक्ष पद एवं संगठन के प्राथमिक सदस्यता से तत्काल प्रभाव से संगठन के चंदे का दुरुपयोग करने एवं संघ के विरुद्ध जाकर कार्य करने के कारण पद से निष्कासित कर दिया गया है।

### संपत शुक्ला को सभा बुलाने का अधिकार ही नहीं : गोपाल



गोपाल नारायण सिंह ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि इस तरह के फर्जीवाड़ा पत्र को जारी करने वाले संपत शुक्ला जो पूर्व में महामंत्री के पद पर थे, जिन्हें हटाया जा चुका है। वे बताएं कि ट्रेड यूनियन रजिस्टार फार्म-ई में वे क्या लिपिबद्ध है। वर्तमान में उपाध्यक्ष के पद हैं, जिन्हें साधारण सभा बुलाने का अधिकार ही नहीं है। साधारण सभा न बुलाकर आमसभा में इस तरह का बेबुनियाद और संगठन विरोधी कार्य करने वाले संपत शुक्ला के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के साथ-साथ कानूनी कार्यवाही भी की जाएगी।

# कलेक्टर जनदर्शन में हुई पटवारी की शिकायत

## अपर कलेक्टर ने तहसीलदार को दिए जांच के निर्देश



**कोरबा,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। अपर कलेक्टर दिनेश कुमार नाग ने सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन में जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से आए ग्रामीणों एवं आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना एवं सम्बंधित अधिकारियों को आवेदनों का जांच कर गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए।

जनदर्शन में ग्राम तिलकेजा के ग्रामीण बसंत राव शिंदे ने फौती नामांतरण, ऋण पुस्तिका बनाने के लिए पटवारी द्वारा पैसा मांगने तथा ऋण पुस्तिका नहीं बनाने की शिकायत करते हुए संबंधित पटवारी के विरूद्ध कलेक्टर से कार्यवाही की मांग की। अपर कलेक्टर ने तहसीलदार को आवेदन प्रेषित कर इस मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। जनदर्शन में राजस्व अभिलेख, विद्युत विभाग, ट्राइसाइकल की मांग, जमीन विवाद तथा अपनी जमीन अन्य लोगों द्वारा कब्जा किए जाने की शिकायत की है। रूमगरा की फूलबाई कंवर ने शिकायत की है कि उनके खसरा नंबर 813/5 रकबा 0.53 को गैर आदिवासी द्वारा कब्जा किया जा रहा है। इसी तरह जनदर्शन में ग्राम बोकरदा तहसील करतला के अजय कुमार ने वनभूमि को साठगांठ कर पट्टे प्राप्त करने और निरस्त करने, सरस्वती सोनी ने अभिलेख में नामांतरण, ग्राम कोथारी की सुकुत राम ने उनकी जमीन को अन्य व्यक्ति के नाम पर कराने की शिकायत की।

इसके साथ ही जनदर्शन में केसला भिलाईबाजार में सबस्टेशन और कर्मचारी की मांग, सरईसिंगार से धरमपुर तक सड़क डामरीकरण की मांग सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए। सभी प्राप्त आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान खाद्य, शिक्षा, कृषि, समाज कल्याण, महिला व बाल विकास सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## अंगदान की मिसाल बना महतो परिवार



**कोरबा,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के ग्राम बरपाली के महतो परिवार ने देहदान व नेत्रदान की घोषणा कर समाजसेवा के लिए उत्कृष्ट व अनुकरणीय मिसाल प्रस्तुत की है। इस विशाल हृदय कार्य हेतु भारत विकास परिषद के प्रकल्प प्रभारी महेश गुप्ता, प्रकल्प सह प्रभारी धर्मेंद्र कुदेसिया व अन्य ने परिवार को सम्मानित किया।

समाजसेवा के क्षेत्र में अग्रणी रहे जिले के ग्राम बरपाली, करतला ब्लॉक के निवासी वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप महतो ने तमाम विरोध के बावजूद अपने देह का दान जीवित काल में कर दिया। उन्होंने 01 मई 2019 को अपने जन्मदिन के अवसर पर देहदान की घोषणा की थी। स्व.महतो का दशगात्र एवं चंदनपान की रस्म 13 अक्टूबर 2024 को पूरे विधि से सम्पन्न कराई गई। इस अवसर पर पिता के नक्शे कदम पर चलते हुए उनके पुत्र महेन्द्र महतो एवं पुत्रवधू श्रीमती प्रीति महतो ने भी देहदान की घोषणा की। इन्होंने देहदान का घोषणा पत्र भरकर पिता को अपनी श्रद्धांजली दी। इसी तरह स्व.महतो की धर्मपत्नी ने अपने नेत्रों का दान करने की घोषणा की। इन घोषणाओं ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों की आंखों को सहसा छलका ही दिया। इस दौरान कोरबा मेडिकल कॉलेज की टीम मौजूद रही।

## दशहरा पर भू-विस्थापितों ने जलाया एसईसीएल प्रबंधन का पुतला



**कोरबा,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। एसईसीएल प्रबंधन के कारनामों को लेकर ऊर्जाधानी संगठन के प्रदेश मीडिया प्रभारी ललित महिलांगे ने प्रभावित ग्रामीणों के साथ मिलकर ग्राम कृष्णानगर में रावण की जगह एसईसीएल प्रबंधन का पुतला दहन किया। ललित महिलांगे ने बताया कि एसईसीएल के मेगा प्रोजेक्ट गेवरा,दीपका, कुसमुंडा और कोरबा के प्रभावितों के पैतृक संपत्ति के साथ एसईसीएल प्रबंधन षड्यंत्र रच के नया-पुराना कर ग्रामीणों के साथ खेल खेल रही है। उद्योग नीति में बने कानून कोल बेयरिंग एक्ट, कोल इंडिया पॉलिसी, लार पॉलिसी के नियमों का हवाला देकर ग्रामीणों के साथ जबरन मुआवजे में कटौती कर परोसा जा रहा है जबकि 2013 छत्तीसगढ़ पुनर्वास नीति के नियमों का प्रबंधन खुला उल्लंघन कर रही है। इस नियम में ग्रामीणों के पैतृक संपत्ति के मुआवजे में सोलिशियम सहित चार गुना मुआवजा व हर प्रभावित व्यक्ति को पूरी व्यवस्थाओं के साथ बसाहट देना है। प्रशासन को हस्तक्षेप कर प्रबंधन को नया कानून 2013 छत्तीसगढ़ पुनर्वास नीति के नियमों का पालन करवाना अति आवश्यक है जिससे ग्रामीणों में विश्वास पैदा हो कि उनके पैतृक संपत्ति का सही मूल्यांकन बोर्ड के दर के हिसाब से किया जा रहा है।

# कृषि उपज मंडी में 5 करोड़ का टेंडर घोटाला...!

## ठेकेदार संघ ने की अनियमितता की शिकायत

**कोरबा-कटघोरा,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के कृषि उपज मंडी समिति, कटघोरा में 5 करोड़ रूपये से अधिक गोपनीय निविदा में अनियमितता की शिकायत की गई है। मंडी के प्रभारी सचिव मदन यादव, निर्माण लिपिक राजेश झारिया के खिलाफ आर्थिक अपराध का प्रकरण दर्ज करने की मांग उठी है व शासन को भी पत्र प्रेषित किया गया है।

भारसाधक अधिकारी कृषि उपज मंडी समिति कटघोरा से ठेकेदार संघ द्वारा की गई शिकायत में बताया गया है कि कटघोरा में 5 करोड़ रूपये से अधिक की गोपनीय निविदा में मंडी के प्रभारी सचिव मदन यादव और निर्माण लिपिक राजेश झारिया के द्वारा गोपनीय निविदा निकालकर भ्रष्टाचार को अंजाम देने के लिए एवं शासन को करोड़ों रूपयो की क्षति पहुंचाने की दिशा में काम किया गया है।

अपने चहेते ठेकेदारो को आबंटित करने का गंभीर आर्थिक अपराध किया है। शासकीय सेवक होने के साथ-साथ प्रभारी सचिव, व्यापार करने की दृष्टि से कुछ ठेकेदारो के साथ मिलकर निर्माण कार्यों में शासन को क्षति पहुंचाने के लिए ठेकेदारो के साथ भागीदार बन गये।

बताया गया है कि पूर्व में कृषि उपज मंडी समिति कटघोरा द्वारा दिनांक 01/08/2024 को क्रमांक/मंडी/निर्माण/2024-25/219 में निविदा आमंत्रित कर 05 कार्यों के लिए निविदा मंगाया और बिना किसी सूचना के अपने ठेकेदारो को लाभ पहुंचाने के लिए निविदा को निरस्त कर दिया जो गंभीर अपराध का विषय है, और जो अभी निविदा कृषि उपज मंडी के सूचना पटल पर चस्पा नहीं किया गया।

और टेंडर करोड़ों का था जिसमें आवेदन करने अंतिम तिथि 9 या 10 अक्टूबर बतायी जा रही है, उक्त निविदा की जानकारी कुछ चुनिंदा ठेकेदार जो इस आर्थिक अपराध में लिप्त हैं, उनको छोड़कर जिले के किसी भी ठेकेदार को जानकारी नहीं है। दिनांक 07/10/2024 से आज दिनांक तक कोई भी कर्मचारी व अधिकारी कार्यालय में उपस्थित नहीं है जिससे किसी भी प्रकार की निविदा संबंधी जानकारी मिल सके।

ठेकेदार संघ ने निवेदन किया है कि यह जो गोपनीय निविदा प्रभारी सचिव द्वारा निकाली गयी है, इस निविदा को निरस्त कर प्रभारी सचिव कृषि उपज मंडी समिति कटघोरा व लिपिक राजेश झारिया के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज कराया जाए।

## कीर्ति देवी अग्रवाल का निधन



**कोरबा-ढेलवाडीह,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। घुड़देवा निवासी नरेश अग्रवाल एवं बालाजी जनरल स्टोर्स ढेलवाडीह के संचालक दिनेश अग्रवाल की माता श्रीमती कीर्ति देवी अग्रवाल का 83 वर्ष की आयु में दुखद निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 15 अक्टूबर मंगलवार को घुड़देवा स्थित स्थानीय मुक्तिधाम में सुबह 9 बजे किया जाएगा। वे अपने पीछे पुत्र-पुत्रियों, पोता-पोतियों से भरापूरा परिवार को छोड़कर चली गई है।

## कोरबी हाईस्कूल मैदान में हुआ रावण दहन



**कोरबा-कोरबी-चोटिया,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के दुरस्थ वनांचल एवं पोड़ी उपरोड़ा ब्लाक के कोरबी में श्री श्री दुर्गा पूजा दशहरा उत्सव समिति के तत्वावधान में आयोजित नृत्य गायन,गरबा-डांडिया महोत्सव ने कोरबी हाई स्कूल मैदान में अपनी विशेष पहचान बनाई। इस महोत्सव का आयोजन विजयदशमी रावण दहन के बाद दशहरा की रात को हुआ, जहां बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे एवं युवतियों ने भाग लिया और अपनी अद्भुत प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में लगभग 51 प्रतिभागियों ने पारी - पारी से एक साथ डांडिया, नृत्य एवं डांस,की आकर्षक प्रस्तुति दी, जो इस आयोजन का मुख्य आकर्षण रहा। हाई स्कूल मैदान में देवी की वेशभूषा धारण कर डी जे की धुन पर आकर्षक प्रस्तुति दी गई एवं गरबा-डांडिया महोत्सव के भव्य आयोजन में पारंपरिक संगीत की धुनों पर रंग-बिरंगे परिधानों में सजी महिलाएं और युवतियां झूमती नजर आईं। कोरबी बाजार पारा दुर्गा पंडाल में शारदीय नवरात्र नवमी पर विशाल भोग भंडारा एवं कन्या पूजन,भोज का आयोजन किया गया, जिसमें नौ कन्याओं का पूजा अर्चना किया गया एवं ग्राम वासियों तथा आसपास के क्षेत्रवासीयो एवं श्रद्धालु जनों के लिए भोजन प्रसादी का व्यवस्था श्री श्री दुर्गा उत्सव समिति कोरबी द्वारा किया गया था, जिसमें हजारों की संख्या में भक्त प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे थे।

## बिहान के प्रयास से महिलाएं बन रही हैं आत्मनिर्भर




**कोरबा,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। कोरबा कलेक्ट्रेट में मुख्य अतिथि श्रीमती रीना अजय जायसवाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष, कोरबा और चिराग ठक्कर जिला कार्यक्रम प्रबंधक ने टी एवं कॉफी आउटलेट 'उनाटी' का उद्घाटन किया। छत्तीसगढ़ में संचालित ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' के सहयोग से बालको की उन्नति परियोजना के माइक्रो एंटरप्राइज 'उनाटी' के स्टॉल की शुरूआत की गई। स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की महिलाएं कलेक्ट्रेट में विभिन्न फ्लेवर की चाय, कॉफी और नाश्ता बेचेंगी। बिहान और बालको द्वारा एसएचजी महिलाओं को सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और उनके बेहतर जीवनशैली को सुनिश्चित करने की दिशा में यह एक मजबूत कदम है।

कलेक्ट्रेट परिसर में उन्नति परियोजना के अंतर्गत आउटलेट 'उनाटी' को ग्राम नकटीखार की मातृ भूमि स्व सहायता समूह द्वारा संचालित किया जाएगा। यहां जसपूर एवं बस्तर से उत्पादित चाय तथा कॉफी के विभिन्न फ्लेवर के साथ छत्तीसगढ़ी पारंपरिक कलेवा का स्वाद भी ग्राहक ले सकेंगे।

## पीएम आवास का लाभ लेकर तालम ने बनाया खूबसूरत मकान



**कोरबा,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। पक्का आवास होने से व्यक्ति के ना केवल सामाजिक प्रतिष्ठा, मान-सम्मान में वृद्धि होती है, बल्कि आंधी, बारिश, सर्दी सभी मौसमों में होने वाली समस्याओं से भी निजात मिलती है। कोरबा नगरीय क्षेत्र के मुड़ापार निवासी तालम दास महंत के बरसों का सपना प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के सफल क्रियान्वयन से हकीकत बन गया है।

तालम दास ने पीएम आवास योजना एवं अपनी सालों की बचत की हुई जमापूंजी से खूबसूरत आवास का निर्माण कराया है। हितग्राही तालम दास अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि जीविकोपार्जन के प्रबंध के बाद अपने परिवार वालों को सुकून व सुरक्षा की छत दिलाना किसी भी व्यक्ति की पहली प्राथमिकता होती है। उनके परिजन एक सुरक्षित मकान के अंदर चैन से अपना जीवन बिताए, इससे बड़ी खुशी और क्या होगी।

लेकिन आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण पक्का मकान का निर्माण कर पाना बहुत मुश्किल होता है।

आर्थिक रूप से कमजोर ऐसे परिवारों के आवास निर्माण की चाहत को केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना पूरा कर रही है। हितग्राही ने बताया कि उसके परिवार में उनकी धर्मपत्नी, 4 बेटे, बहू, नाती पोते सहित कुल 16 सदस्य रहते है। मिट्टी की कच्ची दीवार और शीट वाली छत से बने पुराने घर में उनका परिवार एक साथ रहता था। बड़ा परिवार होने के कारण कच्चे और छोटे मकान में पूरे परिवार को गुजारा करने में परेशानी होती थी, विशेषकर चारों बेटों की शादी के बाद उन्हें नए आवास निर्माण की नितांत आवश्यकता पड़ने लगी।

## चलती स्कूटी में लगी आग, चालक ने कूदकर बचाई जान



**कोरबा,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत बुधवारी मुख्य मार्ग पर चलती इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी में अचानक आग लग गई। चालक ने धुंआ निकलता देख स्कूटी से कूद कर अपनी जान बचाई। स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया, लेकिन स्कूटी से धुआं निकलता ही जा रहा था। इसकी सूचना फायर विभाग को दी गई। मौके पर पहुंची फायर विभाग की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

बताया जा रहा है कि पुरानी बस्ती निवासी विकास केसरवानी किसी काम से बुधवारी बाजार से अपने घर वापस लौट रहा था। विकास ने इसकी सूचना इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी के कंपनी को भी दी, जहां कंपनी के कुछ कर्मचारी मौके पर पहुंचे और स्कूटी की बैटरी को डिस्कनेक्ट करने का प्रयास किया, लेकिन इसके बावजूद भी धुआं रुक नहीं रहा था। आग बढ़ती देख कर्मचारियों ने भी हार मान ली और दमकल वाहन का इंतजार करने लगे। घटना के बाद सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। भीड़ को देख इसकी सूचना मानिकपुर चौकी पुलिस को भी दी गई। इस घटना के बाद लोगों में इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी को लेकर कंपनी पर भारी आक्रोश देखने को मिला। घटना के दौरान चर्चा का विषय बना रहा कि इलेक्ट्रॉनिक वाहनों पर लगातार आगजनी और खराब होने की घटना सामने आ रही हैं।

## गुजराती समाज का शरदपूर्णिमा उत्सव 17 को



कोरबा, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। श्री गुजराती समाज कोरबा द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शरदपूर्णिमा उत्सव 17 अक्टूबर दिन गुरुवार को रात्रि 9 बजे से गुजराती समाज भवन में मनाया जाएगा। शरदपूर्णिमा उत्सव रात्रि 9 बजे से आरंभ होगा, प्रथम आरती के बाद रास-गरबा का आयोजन किया जावेगा। इसके पश्चात रात्रि 12 बजे आरती उपरांत स्वल्पाहार एवं खीर प्रसाद वितरण के पश्चात कार्यक्रम का समापन किया जावेगा। श्री गुजराती समाज के अध्यक्ष नलीन शाह व सचिव अतुल चौहान ने समाज के सभी सदस्यों से सपरिवार आयोजन में शामिल होने आग्रह किया है।

# सार-संक्षेप

## भाजपा सदस्यता अभियान का रेणुका ने लक्ष्य किया पूरा



**मनेन्द्रगढ़,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में भाजपा का सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री व भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह ने अपने रेफरल आईडी से 10 हजार से ज्यादा बीजेपी के सदस्य बना कर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा मिले लक्ष्य को पूरा कर लिया हैं। विधायक रेणुका सिंह ने लक्ष्य पूरा होने पर क्षेत्र के देवतुल्य भाजपा कार्यकर्ताओं का आभार जताया है। दरअसल, 2 सितंबर से शुरू हुए भाजपा संगठन के सदस्यता अभियान के लिए सभी नेताओं को लक्ष्य दिया गया है। छत्तीसगढ़ में अब तक 33 लाख सदस्य हैं, इससे ज्यादा सदस्य बनाए जायेंगे। सांसदों को 20-20 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है। वहीं विधायकों को 10-10 हजार सदस्य बनाने की लक्ष्य दिया गया है। अपने विधानसभा क्षेत्र में जनता के बीच पहुंचकर उन्हें भाजपा की सदस्यता बनवाते हुए भरतपुर सोनहत विधानसभा में 10 हजार से अधिक सदस्य बनवा चुकी हैं। उन्होंने समस्त कार्यकर्ताओं से अपील की है कि 15 अक्टूबर तक अभियान के तहत सदस्य बनाने कार्य करते रहे।

कार्यकर्ताओं की टीम के साथ सुबह शाम अलग अलग शेड्यूल बनाकर सदस्यता अभियान को लेकर विधायक रेणुका सिंह स्वयं मैदान में उतरकर कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन कर रही हैं। प्रदेश द्वारा निर्धारित सदस्यता एवं पार्टी द्वारा दिए गए लक्ष्य को पार करने के लिए कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा निर्देश भी दे रही है। विधायक रेणुका सिंह ने भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र के जनकपुर, केल्हारी, कोटडोल, सोनहत, रामगढ़, नागपुर, बरबसपुर, नई लेदरी, खोंगापानी, चैनपुर, लोहारी, सरभोका, तारबहरा, पसौरी, उजियारपुर समेत विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पहुंचकर नागरिकों से संपर्क कर भाजपा से जुडने की अपील करते हुए स्वयं ही अपने रेफरल कोड से भाजपा का सदस्यता ग्रहण करवा रही है।

## संभागीय संयुक्त संचालक, स्वास्थ्य सेवायें डॉ कुमार शुक्ला ने शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नवापारा का किया आकस्मिक निरीक्षण



**अम्बिकापुर,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। संभागीय संयुक्त संचालक, स्वास्थ्य सेवायें, डॉ अनिल कुमार शुक्ला ने सोमवार को शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नवापारा का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संस्था में पदस्थ ए.एन.एम. श्रीमती सुचिता माझी द्वारा उक्त समय पर अपने कर्तव्य पर अनुपस्थित पाई गई, जिस कारण उन्होंने संस्था प्रभारी को उक्त ए.एन.एम. को एक दिवस का अवैतनिक किये जाने हेतु निर्देश जारी किया। निरीक्षण के दौरान संस्था प्रभारी डॉ. शीला नेताम प्रभारी चिकित्सा अधिकारी नवापारा द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त संस्था में 02 नेत्र सहायक अधिकारी पदस्थ हैं, जिस पर डॉ शुक्ला ने एक नेत्र सहायक अधिकारी श्री लक्ष्मण प्रसाद गुप्ता को उनके मूल पदस्थापना स्थल में कार्यमुक्त किये जाने हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सरगुजा को पत्र जारी किया।डॉ. कृष्ण कुमार साहू, आयुष चिकित्सा अधिकारी जो वर्तमान में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नवापारा में पदस्थ व कार्यरत हैं, उन्हे उनके मूल पदस्थापना स्थल हेतु तत्काल कार्यमुक्त किये जाने हेतु हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला-सरगुजा को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान डॉ शुक्ला द्वारा छत्तीसगढ़ शासन द्वारा चलाये जा रहे समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रम के फ्लेक्स व बैनर तैयार कर आम जनता हेतु प्रदर्शित किये जाने हेतु निर्देश जारी किया गया। आकस्मिक निरीक्षण के दौरान शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नवापारा में पदस्थ अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 18 अक्टूबर तक उचित मूल्य दुकान संचालन हेतु आवेदन आमंत्रित

**एमसीबी,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। सर्वसाधारण आज जनता को कार्यालय नगर पालिक निगम चिरमिरी जिला-मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर छत्तीसगढ़ क्षेत्रांर्तगत नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकानों के संचालन हेतु कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व चिरमिरी के आदेश द्वारा दिनांक 27 अगस्त 2024 को सूचना प्रकाशित किया गया था उक्त प्रकाशिता सूचना को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है एवं नवीन वार्ड वार सूची अनुसार शासकीय उचित मूल्य दुकानों के आबंटन हेतु पुन: संशोधित विज्ञप्ति जारी किया जाता है। जो इस प्रकार हैं जिसमें वार्ड का नाम तथा वार्डों में कार्ड की संख्या दी हुई है। अब्दुल हमीद वार्ड क्र.02, 548, गंगाधर तिलक वार्ड क्र. 06, 508, महात्मा गांधी वार्ड क्र. 09, 461, संत रामकृष्ण वार्ड क्र. 15, 442, संत कबीरदास वार्ड क्र. 18, 254, डॉ. अम्बेडकर वार्ड क्र. 22, 222, विवेकानंद वार्ड क्र. 24, 285, संत कालिदास वार्ड क्र. 27, 420, महाराणा प्रताप वार्ड क्र. 29, 560, शास्त्री वार्ड क्र. 31, 379, अहिल्या बाई वार्ड क्र. 34, 484, राजीव गांधी वार्ड क्र. 36, 200, सरोजिनी नायडू वार्ड क्र. 38, 266, भगत सिंह वार्ड क्र. 40, 479 तथा मौलाना आजाद वार्ड क्र. 04 458 वार्ड शामिल है। उक्त वार्डों की सूचना इस कार्यालय को प्राप्त है। इस हेतु आदिम जाति सहकारी समिति/बहुउद्देशीय सहकारी समिति/महिला स्वयं सहायता समूह/वन सुरक्षा समिति एवं अन्य समितियों से आवेदन पत्र आमंत्रित कर नियमानुसार आबंटन की कार्यवाही किया जाना है। अत: उपरोक्त संबंधितों से 04 अक्टूबर 2024 से 18 अक्टूबर 2024 तक कार्यालयीन समय में पंजीयन प्रमाण पत्र, पासबुक की छायाप्रति एवं अन्य सम्यक दस्तावेज सहित आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

## पैदल चल रहे युवक को अज्ञात वाहन ने कुचला, मौत

**रायगढ़** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के सड़क में पैदल चल रहे युवक को अज्ञात वाहन के चालक ने पीछे से कुचलकर मौत के घाट उतार दिया। परिजनो की रिपोर्ट के बाद पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पुसौर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम नवापारा अ का रहने वाला बलदेव यादव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसका भतीजा राजु यादव 11 अक्टूबर की रात ग्राम केसाईपाली पास स्थित मुनी मंदिर में दुर्गा पुजा एवं गांव नावापारा (अ) का कार्यक्रम होने से देखने गया था। कार्यक्रम देखने के पश्चात वह केसाइपाली में ही सो गया था और सुबह-सुबह करीब 4-5 बजे के बीच वह पैदल अपने घर आ रहा था। इस दौरान जब वह केसाईपाली गांव के पास मेन रोड़ में पहुंचा ही था कि अज्ञात वाहन चालक के द्वारा तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए पीछे से राजु को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई।

बहरहाल परिजनों की रिपोर्ट के बाद पुसौर थाने की पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 106 (1) के तहत अपराध दर्ज कर उसकी खोजबीन में जुट गई है।

# रेलवे लाइन से कैटेनरी व कॉन्टैक्ट वायर चोरी करने वाले आठ आरोपी गिरफ्तार, 2 क्विंटल तार बरामद

**रायगढ़** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। रायगढ़ जिले में पिछले साल फरवरी माह में निर्माणाधीन रेलवे लाइन से 227 मीटर केटनरी तार व 227 कोन्टेक्ट तार की चोरी करने वाले 8 आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 1 लाख रूपये का 2 क्विंटल केटनरी व कोन्टेक्ट वायर को जब्त किया है। मामला तमनार थाना क्षेत्र का है। पकड़े गए सभी आरोपी रेलवे लाइन के निर्माण कार्य से जुड़े तारों की लंबे समय से चोरी में संलिप्त थे।




### क्या है पूरा मामला

जानकारी के मुताबिक 10 फरवरी 2023 को लगभग 4 बजे, पेट्रोलिंग टीम ने सूचना दी कि भालूमुड़ा एसपी के पास निर्माणाधीन रेलवे लाइन से 227 मीटर केटनरी तार और 227 कोन्टेक्ट तार, जिसकी कीमत लगभग 40 हजार की चोरी हो गई है। प्रार्थी पार्थ सारथी पंडा की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 379 आईपीसी के तहत अपराध दर्ज किया गया था। मामले की जांच के दौरान अज्ञात आरोपी और चोरी किए गए माल की पतासाजी के लिए लगातार प्रयास किए गए।

### चोरी का सामान खपाने बना रहे थे योजना

लंबे समय तक अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध कोई ठोस सबूत न मिलने के कारण प्रकरण में सितम्बर 2023 में खात्मा चाक की गई थी, लेकिन थाना प्रभारी आशीर्वाद राहटगांवकर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने संदिग्धों से पूछताछ जारी रखी। आखिरकार आज मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम कठरापाली के कुछ व्यक्ति रेलवे तार चोरी कर उसे बेचने की योजना बना रहे हैं।

### आरोपियों को भेजा गया जेल

तमनार पुलिस ने ग्राम कठरापाली से मोहित भारद्वाज और उसके साथियों को हिरासत में लिया। पूछताछ के बाद मोहित ने बताया कि उसने अपने साथियों लोकेश मिरी, श्यामलाल मिरी, जयराम सोनी, भागीरथी रात्रे, तेजराम रात्रे, कृष्णा सतनामी, और राजेश रात्रे के साथ मिलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने इन सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 2 क्विंटल केटेनरी और कॉन्टेक्ट तार, मूल्य करीब 1 लाख रूपये के साथ ही अपराध में प्रयुक्त कुल्हाड़ी, हथौड़ा, कटर और छेनी जब्त किए।आरोपियों ने अपना अपराध कबूल कर लिया है और उनके बयान गवाहों के सामने दर्ज किए गए हैं। सभी आरोपियों को न्यायिक प्रक्रिया के तहत भेजा गया है।

# सिविल ठेकेदार के सुने मकान में चोरी

### लाखों के सोनें चांदी के जेवरात समेत नगदी ले भागे

**रायगढ़** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय में अज्ञात चोरों ने एक बार फिर से एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए नगदी रकम समेत लाखों की चोरी की घटना को अंजाम दिया है। पीड़ित ठेकेदार की रिपोर्ट के बाद पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है। उक्त घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के मुताबिक कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले आशीर्वादपुरम कालोनी निवासी नीरज शर्मा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह सिविल ठेकेदारी का काम करता है। 08 अक्टूबर की सुबह 11 बजे वह अपने घर को तालाब बंद करके पूरे परिवार समेत भिलाई गया हुआ था और इस दौरान उन्होंने घर की चाबी पड़ोस में छोड़ दिया था। नीरज शर्मा ने बताया कि इस दौरान उनके घर में काम करने वाली नौकरानी प्रतिदिन दोपहर में साफ-सफाई करके चली जाती थी। 11 अक्टूबर की दोपहर नौकरानी ने फोन करके बताया कि घर का ताला टूटा हुआ है। घर में चोरी की आशंका को देखते हुए नीरज शर्मा देर रात जब घर पहुंचा तो देखा कि मुख्य गेट के अलावा अंदर का ताला टूटा हुआ था एवं आलमारी खुली हुई थी, साथ ही साथ घर का सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ था।

नीरज शर्मा ने बताया कि आलमारी में रखे सामानों का मिलान करने पर पता चला कि सोने का चैन 04 नग वजन करीब लगभग 03 तोला, सोने का नथनी 01 नग वजन करीब 04 ग्राम, सोने की अंगूठी 01 नग वजन करीब 02 ग्राम कीमत करीब 2 लाख 10 हजार के अलावा चांदी का पायल 02 जोड़ी वजन करीब 20 ग्राम कीमत करीब 2 हजार रूपये तथा नगदी रकम 5 हजार को मिलाकर कुल 2 लाख 17 हजार की चोरी की घटना को अज्ञात चोरों ने अंजाम दिया है।

बहरहाल पीड़ित नीरज शर्मा की रिपोर्ट के बाद सिटी कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ धारा 305 (ए) बीएनएस 331(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है।

# ग्राम दर्रामुड़ा में धूमधाम से मनाया गया विजयादशमी पर्व गौतम चौक में प्रभु श्रीराम ने किया रावण दहन

### बुराई पर अच्छाई की जीत का मनाया गया जश्न






**खरसिया,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। बुराई पर अच्छाई, अधर्म पर धर्म और असत्य पर सत्य की जीत का महापर्व विजयादशमी (दशहरा) 12 अक्टूबर, शनिवार को खरसिया के ग्राम दर्रामुड़ा में बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया गया। सार्वजनिक नवदुर्गा उत्सव युवा समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के द्वारा गौतम चौक में दशहरा मेले का सुंदर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में बच्चे, बुजुर्ग, महिला और पुरुष शामिल हुए। कार्यक्रम के मुताबिक सर्वप्रथम प्रभु श्रीराम-लक्ष्मण और हनुमान जी की सुंदर झांकी निकाली गई। युवा समितियों द्वारा प्रभु श्रीरामचन्द्र जी की पूजा-अर्चना की गई, तत्पश्चात् पूरी सेना के साथ गांव में शोभायात्रा निकाली गई।

इस दौरान कर्मा-नृत्य और मांदर झांझ ने सभी को अपनी ओर आकर्षित किया। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया।

जब प्रभु श्रीरामचन्द्र जी की पूरी सेना गांव भ्रमण कर गौतम चौक पहुंची, तो जोरदार रंग-बिरंगी आतिशबाजी की गई, जिसके बाद युवा समितियों द्वारा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रभु श्रीराम ने अग्नि बाण चलाकर रावण दहन किया। इस दौरान जय-जय श्री राम के जोरदार नारे लगाए गए जिससे वातावरण भक्ति-मय हो गया और उपस्थित सभी लोगों ने बुराई पर अच्छाई की जीत का जश्न हर्षोल्लास से मनाया।

रावण दहन के बाद रात्रिकालीन नाटक (महाभारत से नागलोक प्रेमकथा चित्रांगदा अर्जुन उलपी मिलन ङ्क ग्राम पुसल्दा छाल, रायगढ़) कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विजयादशमी (दशहरा) का पर्व ग्राम दर्रामुड़ा के गौतम चौक में समस्त युवा समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के विशेष सहयोग से धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ सफलतापूर्वक आयोजित किया गया, जो ऐतिहासिक रहा।

# कलेक्टर ने जल जीवन मिशन अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक में दिए महत्वपूर्ण निर्देश

### ठेकेदार व सम्बंधित अधिकारी समन्वय से काम करें-श्रीमती चन्दन त्रिपाठी

### अपूर्ण कार्य को 15 दिवस के भीतर पूर्ण करने के निर्देश

**कोरिया,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला जल एवं स्वच्छता मिशन के अध्यक्ष श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने आज कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में जल जीवन मिशन अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा की।

कलेक्टर ने जिले में क्रियान्वित एकल व समूह नल जल योजनाओं के कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने ठेकेदारों को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने तथा समय पर पानी टंकी, नल कनेक्शन आदि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी ठेकेदारों एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, ऊर्जा विभाग एवं क्रेडा के अधिकारियों से कहा कि आपसी समन्वय के साथ कार्य करना सुनिश्चित करें। उन्होंने ठेकेदारों को अपूर्ण कार्य को 15 दिवस के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने 80 प्रतिशत तक पूर्ण किए जा चुके ग्रामो, बसाहटों के सम्बंध में विस्तार से समीक्षा की साथ ही उन्होंने योजनाबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सम्बंधित अधिकारियों, टीपीआई एजेंसी एवं आईएसए को-ऑर्डिनेटर्स से कहा है कि परीक्षण, सत्यापन के कार्य में तेजी लाएं। सम्बंधित अधिकारी से कहा है कि डिमांड नोट जारी करें वहीं सम्बंधित



ठेकेदार डिमांड राशि नियत समय पर जमा करें ताकि कार्य में प्रगति हो सके।

कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कि राज्य व केन्द्र सरकार की यह महत्वपूर्ण योजना है, इसमे किसी भी तरह की लापरवाही व कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए तेजी से कार्य करने की जरूरत है, इसके लिए निर्माणाधीन कार्यों को समय पर पूरा करें। इस योजना के तहत हर घर में साफ पेयजल उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी है। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्य को तेज गति देने के लिए मिशन मोड में कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने समीक्षा बैठक में कुछ ठेकेदारों की अनुपस्थिति पर नाराजगी जाहिर करते हुए उन्हें नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं।

# अस्पताल में भर्ती महिला की मौत

### चरित्र शंका को लेकर पति ने कुल्हाडी से किया था वार

**रायगढ़** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। रायगढ़ जिले में एक पति ने अपनी ही पत्नी के चरित्र पर शंका करते हुए कुल्हाड़ी से वार कर घायल कर दिया था। रायगढ़ मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती महिला ने आज सुबह उपचार के दौरान दम तोड दिया। पोस्टमार्टम पश्चात पुलिस ने शव को परिजनों को सौंपते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

मिली जानकारी के मुताबिक खरसिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम अगासमार में 05 अक्टूबर की रात घर में सो रही पत्नी सुशीला धनवार पर महिला के पति श्याम कुमार धनवार ने जानलेवा हमला करते हुए गर्दन में कुल्हाड़ी से वार कर घायल कर दिया था इस दौरान बीच बचाव करने आये महिला के ससुर पर भी आरोपी श्याम कुमार ने हमला कर उसे भी घायल कर दिया था। इस घटना में घायल महिला को उपचार के लिये रायगढ़ मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां आज सुबह उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई।

### आरोपी जंगल से हुआ था गिरफ्तार

महिला के परिजनों ने बताया कि धारदार कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला करने वाला आरोपी श्याम कुमार धनवार घटना के बाद जंगल में जाकर छिप गया था जहां से पुलिस ने उसे अगले ही दिन गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, अब इस घटना में महिला की मौत हो जाने के बाद पुलिस शव का पोस्टमार्टम कर शव को परिजनों को सौंप दिया है।

# चिरमिरी-नागपुर हॉल्ट न्यू रेल लाईन-विस्तारीकरण परियोजना के सर्वे का प्रथम चरण पूर्ण, राजस्व निरीक्षक कलेक्टर को कल करेंगे रिपोर्ट पेश, 5 से 6 माह में हो जायेगा गजट का प्रकाशन

## स्वास्थ मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल अपने पहले कार्यकाल में कराये थे चिरमिरी-नागपुर हाल्ट न्यू रेल लाइन की स्वीकृति

### पूरवर्ती सरकार ने रोक रखा था परियोजना के विस्तारीकरण का कार्य

### मात्र 4 दिन में हुआ ड्रोन और फील्ड सर्वे का कार्य पूर्ण

**एमसीबी/चिरमिरी,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के चिरमिरी का जीवनदायिनी कहे जाने वाले चिरमिरी ङ्क नागपुर हाल्ट न्यू रेल लाइन विस्तारीकरण परियोजना, स्वास्थ्य मंत्री के प्रयास से धरातल पर उतर गया। 241 करोड़ रुपए से बनने वाले इस न्यू रेल लाइन में 50 प्रतिशत केंद्र सरकार और 50 प्रतिशत राज्य सरकार द्वारा भुगतान करना था लेकिन पूर्ववर्तीय राज्य सरकार अपना 50 प्रतिशत हिस्सा जारी ही नही की जिससे न्यू रेल लाइन विस्तारीकरण का कार्य 05 साल तक अधर में लटका रहा जबकि केंद्र सरकार अपने हिस्से की राशि 120.50 करोड़ रुपए 2019 में ही जारी कर दी थी।



इस बार सरकार बदलते ही पूर्व विधायक श्याम बिहारी जायसवाल एक बार फिर चुनाव जीतकर विधायक बने, और इस बार उन्हें विष्णु सरकार में स्वास्थ्य मंत्री का दायित्व मिला। क्षेत्र को नया जीवन देने कृत संकल्पित स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के प्रयास से पुन: न्यू रेल लाईन ङ्क नागपुर हाल्ट परियोजना पर काम करना शुरू हुआ और इसका परिणाम है कि 07 अक्तूबर से 10 अक्तूबर यानि 04 दिवस के भीतर ही रेल्वे और राजस्व की टीम ने ड्रोन और फील्ड सर्वे पूरा कर लिया।राजस्व निरीक्षक के अनुसार चिरमिरी ङ्क नागपुर हाल्ट न्यू रेल लाइन विस्तारीकरण परियोजना के अंतर्गत एमसीबी जिले के पराडोल, खरबना, साजा पहाड़, चित्ताझोर पोड़ी, सरभोका, चिरयी पानी, बंजी और सरोला ग्राम के क्षेत्र शामिल है। जिसमे कुछ फारेस्ट लैंड होना बताया गया।

ज्ञात रहे की प्रदेश की विष्णु देव सरकार ने अधर में लटके इस प्रोजेक्ट के लिए अपने पहले ही बजट 2024 में राज्यांश की राशि शामिल कर स्वीकृति प्रदान की और अब सर्वे का प्रथम चरण भी 10 अक्तूबर को पूर्ण कर लिया गया है।

जानकारी के अनुसार राजस्व निरीक्षक संभवत: सोमवार या मंगलवार को सर्वे रिपोर्ट कलेक्टर एमसीबी को सौप देंगे। दूसरे चरण के सर्वे में आउटर लाइन, स्टेशन का क्षेत्रफल, मोड़ वाली जगह का कुल क्षेत्र और पत्थर लगाने का एरिया जैसे 200 मीटर, 10 मीटर, 8 मीटर शामिल होंगे जो कलेक्टर द्वारा प्रथम चरण के सौपे रिपोर्ट के बाद शुरू होगा फिलहाल राजस्व अधिकारी की माने तो 05 से 06 माह में गजट का प्रकाशन हो सकता है।

उल्लेखनीय रहे कि प्रोजेक्ट के पूर्ण होने के बाद चिरमिरी तक चलने वाली पांच ट्रेने चिरमिरी, चंदिया, भोपाल, अनूपपुर और रीवा का अंबिकापुर तक विस्तार होगा जिससे व्यापार और अन्य चीजों में वृद्धि होने की उम्मीद है वही अंबिकापुर से चलने वाली ट्रेन सीधे बोरीडाड़ जक्शन होकर चली जाती थी जिससे चिरमिरी के लोगों को बिजुरी, कोतमा या अनूपपुर से जाकर ट्रेन पकड़ना पड़ता था, यही नहीं अंबिकापुर से चलने वाली ट्रेन से सफर करने के लिए मनेंद्रगढ क्षेत्रवासी भी बिजुरी जाकर ही ट्रेन पकड़ पाते थे किंतु इस परियोजना के पूर्ण होते ही अंबिकापुर से होकर चलने वाली सभी ट्रेनें चिरमिरी मनेंद्रगढ़ होकर गुजरेगी। फिलहाल उक्त परियोजना के जल्द पूर्ण होने की आस जिले वासियों समेत चिरमिरी क्षेत्रवासियों को है जिसका सबसे ज्यादा लाभ उन्हें ही मिलने वाला है।

## सार-संक्षेप

### आज एमएमयू वाहन द्वारा की जाएगी स्वास्थ्य जांच




**सारंगढ़,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। नागरिकों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए जिला प्रशासन द्वारा डॉक्टर आपके द्वार (डॉक्टर्स फॉर यू) के माध्यम से जिले के नागरिकों के स्वास्थ्य जांच गांव या शहर में पांच मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) वाहन से की जा रही है। जिले के स्वास्थ्य कार्यालय द्वारा कार्य योजना (एमएमयू रूट मैप) तैयार किया गया है, जिसके अनुसार 15 अक्टूबर 2024 को जिले के बरमकेला ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम बनवासपाली, झाल, डोंगरीपाली, बिलाईगढ़ क्षेत्र में ग्राम कोदोपाली, खुरदरहा, पिरदा, भटगांव, शीतलपुर, मुच्छमल्दा, सेन्दुरस, गोपालपुर, सारंगढ़ ब्लॉक क्षेत्र में ग्राम दमदरहा, सरायपाली, टमटोरा और कनकबीरा में एमएमयू वाहन से स्वास्थ्य सेवाएं दी जाएंगी। प्रत्येक एमएमयू वाहन में चिकित्सक, स्टॉफ नर्स, फर्माशिष्ट, लैब टेक्नीशियन उपलब्ध रहेंगे। एमएमयू सभी सुविधाओं से लैस रहेगी, जिसमें लैब टेस्ट और उपचार की व्यवस्था होगी।

### 2 साल से लंबित कार्य कलेक्टर जनदर्शन में 2 घंटे में पूर्ण



**सारंगढ़,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)।- प्रत्येक सोमवार को आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में आवेदिका ललिता चंद्रा की दो साल से लंबित कार्य कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू के संज्ञान में आते ही 2 घंटे में पूर्ण किया गया। कलेक्टर ने तहसीलदार को आवेदिका के रिकॉर्ड का तुरंत ऑनलाइन दुरुस्ती करने के लिए तहसीलदार को निर्देशित किया, जिससे कार्य तुरंत हो गया। जिला प्रशासन के इस कार्य से लोगों के मन में बैठी हुई शासन के प्रति विश्वास को मजबूती मिली है।

आवेदिका ग्राम उच्चभिठी पहन-09 रानिम कोसीर में विकासखण्ड एवं तहसील सारंगढ़ की कृषि भूमि को क्रेता ललिता चंद्रा पति धनेश्वर ने खसरा नं.-1568/1 जिसका रकबा 0.162 हैं जो लगभग 40 डिसमिल को खरीदी की थी, जिसको आनलाईन दर्ज कराने हेतु जनवरी में आवेदन उपतहसील कार्यालय कोसीर में आवेदन कर चूंकी थी। इसके बाद आवेदिका ने फिर से उपतहसील कार्यालय, कोसीर में आनलाईन दर्ज कराने हेतु आवेदन दिया था, परन्तु सोमवार तक इस खसरा नं.-1568/1 जिसका रकबा 0.162 हैं को आनलाईन दुरूस्त नही किया जा रहा है। आवेदिका वर्तमान कोरबा में निवासी कर रही हैं। वहां से आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

### छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ का मिलन समारोह पर हआ विचारों का आदान-प्रदान आगे की रणनीतियां बनाई गई




**डभरा,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ का मिलन समारोह ग्राम धुरकोट में रखा गया था इस कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सेवानिवृत्त प्रधान पाठक नरेश चंद्र पटेल ने बताया कि यह मिलन समारोह जितने भी पेंशनर है उनके बारे में रखा गया था समस्याओं के बारे में चर्चा किया गया साथ ही एक दूसरे की विचार को आदान-प्रदान किया गया एवं भविष्य के बारे में रणनीतियां बनाई गई है आगे भी इस तरह के कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में डी. पी. मनहर प्रांताध्यक्ष एवं रोहित कुमार चन्द्रा रतन लाल कैवर्त प्रांतीय सचिव महामंत्री भगत राम चन्द्रा प्रांतीय प्रवक्ता समय लाल बरेठ एम एल खांडे यशवंत कुमार पटेल जी आर. साहू हीरामणी वर्मा हेमचरण पटेल प्राचार्य स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय डभरा एवं उमाशंकर पटेल सहित बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त पेंशनर कर्मचारी उपस्थित रहे।

### भूविस्थापितों को नौकरी दो की मांग को लेकर चरणबद्ध बेमियादी हड़ताल शुरू विधायक ने दिया आंदोलन को अपना समर्थन



**जांजगीर चांपा,**, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। मड़वा ताप विद्युत कामगार एवं भू-विस्थापित श्रमिक संघ, एटक जिला-जांजगीर-चांपा छत्तीसगढ़ द्वारा भूविस्थापितों को नौकरी दो की मांग को लेकर चरणबद्ध अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू किया गया। इस आंदोलन को अपना समर्थन देने आज क्षेत्रीय विधायक ब्यास कश्यप शामिल हुए। विधायक ने मंच में उपस्थित साथियों को संबोधित करते हुए कहा कि जनहित के इस आंदोलन में उनका साथ है। उन्होंने कहा कि विधानसभा में भू-विस्थापितों को नौकरी देने का मुद्दा उठाते रहे हैं और आगे भी विधानसभा सत्र में यह मुद्दा जोर से उठाया जाएगा। इस दौरान सुधीर यादव, रघुनंदन सोनी, श्याम कुमार बरेठ, लोचन, राजेश शुक्ला, आशा सोनी, नसीम बानो, जानकी पटेल, रानू वैष्णव, अनुराधा शुक्ला, नवधा बरेठ, हितराम साहू, रथ राम निर्मलकर, महेश महंत सहित विभिन्नजन संगठनों के साथी भी उपस्थित रहें।

# प्रभारी सचिव वोरा ने बैठक लेकर की विभागीय कामकाज की समीक्षा

### विभिन्न निर्माण कार्यों के संबंध में दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**जांजगीर,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। जांजगीर-चांपा जिले के प्रभारी सचिव सोनमणि बोरा ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में चल रहे कार्यों के संबंध में जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मूलभूत सुविधाओं पेयजल, साफ-सफाई के लिए आम नागरिकों को परेशानी न हो,असुविधा होने पर फीडबैक ली जाए और समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाएं। इसके अलावा प्रभारी सचिव ने मत्स्य पालन, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन, खाद बीज भंडारण, समाज कल्याण विभाग, धान खरीदी, रेशम, शिक्षा विभाग सहित विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग में रिक्त पदों की जानकारी ली एवं रिक्त पदों पर भर्ती करने आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने शत प्रतिशत संस्थागत प्रसव एवं आयुष्मान कार्ड निर्माण पूर्ण करने के निर्देश दिए।

प्रभारी सचिव ने क्रोकोडाइल पार्क कोटमीसोनार में ईकोटूरिज्म, रिसोर्ट, रिक्त स्थानों पर वृक्षारोपण की कार्ययोजना बनाने कहा। उन्होंने कहा कि जिले में रेशम कॉरिडोर, लाख के लिए प्रचुर संभावना है। इसको लेकर जिले के किसानों को प्रशिक्षण देकर आगे बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि जिले में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए ड्रोन दीदी के रूप में तैयार किया जाए। साथ ही उन्हें प्रशिक्षित कर आत्मनिर्भर बनाने कहा। इसके अलावा उन्होंने वृक्षारोपण पर भी विशेष ध्यान देने को कहा।



बैठक में आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के कार्यों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी ली गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

सभी अधिकारी को समन्वय से कार्य करने व जिले के निवासियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर, उन्होंने पुलिस प्रशासन को शांति समिति की बैठकें नियमित रूप से करने और हर स्तर पर सतर्कता बनाए रखने के निर्देश दिए। प्रभारी सचिव ने ग्राम पंचायत कोसला के कलेश्वर सूर्यवंशी को बैटरी चलित ट्रायसायकल प्रदान की। इसके साथ उन्होंने कलेक्टोरेक्ट परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौध रोपण भी किया।

बैठक में कलेक्टर आकाश छिकारा ने जिले के चलायी जा रही विभिन्न नवाचारी कार्यक्रमों और उपलब्धियों की जानकारी दी, जिनमें उत्कृष्ट जांजगीर-चांपा, स्वस्थ जांजगीर-चांपा, दिव्यांगता जांच शिविर, संवाद कॉल सेंटर, घर पहुंच पेंशन योजना, बाल मूल्यांकन, रोजगार मेला, टीबी मुक्त अभियान, दस प्राणायाम, स्वच्छता श्रमदान, जाति प्रमाण पत्र शिविर, और राजस्व शिविर शामिल हैं। इसके साथ ही उन्होंने जिले में चल रहे कार्यों के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, वनमंडलाधिकारी श्रीमती प्रियंका पांडेय एवं सहायक कलेक्टर दुर्गा प्रसाद अधिकारी अपर कलेक्टर एसपी वैद्य, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र जायसवाल, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे सहित जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## जीवन में तरक्की के साथ-साथ प्रकृति से जुड़ के रहना जरूरी- वोरा

### प्रभारी सचिव ने किया छात्रावास, पीएमश्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय का निरीक्षण

**जांजगीर,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के प्रभारी सचिव सोनमणि बोरा ने आज जिले के राहौद के शासकीय नवीन प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छात्रवास के बच्चों से खेल कूद मनोरंजन एवं पढ़ाई से संबंधित सवाल जवाब किये। उन्होंने एसडीएम तहसीलदार को समय समय पर छात्रावास का निरीक्षण व बच्चों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने छात्रावास में बागवानी फल-सब्जी भी लगाने कहा। इस मौके पर कलेक्टर आकाश छिकारा, पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, सहायक कलेक्टर दुर्गा प्रसाद अधिकारी उपस्थित रहे।



प्रभारी सचिव श्री बोरा ने छात्रावास में विद्यार्थियों से कहा जीवन में तरक्की के साथ प्रकृति से जुड़ के रहना जरूरी है। प्रभारी सचिव ने यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि छात्रों को बेहतर शैक्षिक माहौल मिले और सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हों। इस दौरान उन्होंने छात्रावासों की व्यवस्था, स्वच्छता और छात्रों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों से बातचीत कर छात्रों के रहने, खाने और पढ़ाई की स्थिति की जानकारी ली। श्री बोरा ने छात्रावास में रहने वाले छात्रों से भी संवाद करते हुए उनसे चर्चा की। उन्होंने बच्चों को नियमित योगा अभ्यास करने कहा। पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय क्र 1 जांजगीर के विद्यार्थियों से चर्चा करते हुए जिले के प्रभारी सचिव श्री बोरा ने कहा कि आप अपने विषय की तैयारी लक्ष्य बनाकर करें। इससे संबंधित विषय को लेकर आप बेहतर परिणाम प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने जिले में चलाये जा रहें उत्कृष्ट जांजगीर-चांपा अभियान को लेकर शिक्षकों और विद्यार्थियों से चर्चा की और बोलेगा बचपन, पढ़ाई का कोना अभियान की सराहना भी की। उन्होंने बारहवीं के विद्यार्थियों से कहा कि उन्होंने कहा कि शिक्षा में लक्ष्य बनाकर आगे बढ़ने से आप सफलता की ओर बढ़ सकते हैं। इसके लिए आपको पता होना जरूरी है कि आपको क्या हासिल करना है, लक्ष्य बनाने से आपको मोटिवेशन मिलता है। उन्होंने कहा कि आपके पास अभी जो समय है उसका सही तरीके से उपयोग करे। लक्ष्य बनाकर आगे बढ़ने से आप अपनी शिक्षा में सफलता प्राप्त कर सकते हैं और अपने जीवन के लक्ष्यों को हासिल कर सकते हैं। बच्चों ने अपने हाथों से बनायें ग्रीटिंग भी जिले के प्रभारी सचिव श्री बोरा को भेंट किये, जिन्हे देखकर उन्होंने बच्चों की सराहना करते हुए उन्हे गुलाब के फूल एवं टॉफी पुरस्कार स्वरूप दी। इस अवसर पर उन्होंने जाति प्रमाण पत्र का वितरण भी किया।

## बीमित पुत्री के मृत्यु होने पर इंश्योरेंस कंपनी ने बीमा राशि देने से किया था इंकार, अब देनी होगी राशि

### जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग जांजगीर का आदेश

**जांजगीर,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। शिकायतकर्ता ने अपनी पुत्री की बीमा राशि 5 लाख रुपये की मांग एगान लाईफ इंश्योरेंस कंपनी से की परंतु कंपनी ने बीमा राशि इस आधार पर देने से इंकार कर दिया कि बीमित व्यक्ति ने अपने प्रस्ताव फॉर्म में अपनी पूर्व बीमारी को छुपाया था। इस पर शिकायतकर्ता ने जिला उपभोक्ता आयोग जांजगीर के समक्ष परिवाद पेश किया था। जिस पर फैसला देते हुए आयोग ने एगान लाईफ इंश्योरेंस कंपनी को उपभोक्ता को बीमा राशि 5 लाख रुपये तथा मानसिक संताप व वाद का खर्च देने का आदेश दिया है।

उपभोक्ता/ शिकायतकर्ता कार्तिक दास महंत पिता मुंडा दास निवासी दर्राभाटा जिला शक्ति की पुत्री धनेश्वरी ने एगान लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड से 10 जनवरी 2021 को एक वर्ष के लिए ग्रुप टर्म इंश्योरेंस प्लान लिया था जिसमें शिकायतकर्ता नॉमिनी था। बीमा अवधि में शिकायतकर्ता की पुत्री की 29 मार्च 21 को मौत हो गयी। शिकायतकर्ता ने अपनी पुत्री की बीमा राशि 5 लाख रुपये की मांग एगान लाईफ इंश्योरेंस कंपनी से की परंतु कंपनी ने बीमा राशि इस आधार पर देने से इंकार कर दिया कि बीमित व्यक्ति ने अपने प्रस्ताव फॉर्म में अपनी पूर्व बीमारी को छुपाया था, तथा दवा शीघ्र मृत्यु दावा के अंतर्गत आता है। शिकायतकर्ता ने जिला उपभोक्ता आयोग जांजगीर के समक्ष परिवाद पेश कर अपनी मृत पुत्री की बीमा दावा राशि इंश्योरेंस कंपनी से दिलाए जाने मांग की। जिला उपभोक्ता आयोग जांजगीर के अध्यक्ष प्रशांत कुंडू, सदस्य विशाल तिवारी, सदस्य श्रीमती महिमा सिंह ने पेश दस्तावेजो का सूक्ष्मता से अध्ययन कर यह पाया कि बिमीत व्यक्ति ने अपनी बीमारी के संबंध में कोई गलत जानकारी नहीं दी थी, तथा बीमा की शर्त में यह कहीं भी नहीं है कि यदि बीमित व्यक्ति की मृत्यु बीमा करने के एक वर्ष के अंदर हो जाती है तो बीमा का लाभ नहीं दिया जाएगा। एगान लाईफ इंश्योरेंस कंपनी ने शिकायतकर्ता को दावा की गयी बीमा राशि न देकर सेवा में कमी की है।




जिला आयोग ने एगान लाईफ इंश्योरेंस कंपनी को उपभोक्ता/ शिकायतकर्ता को बीमा राशि 5 लाख रुपये तथा मानसिक संताप का 5 हजार रुपये व वाद का खर्च 2 हजार रुपये आदेश दिनांक से 45 दिनों के भीतर देने का आदेश दिया। नियत अवधि में आदेशित राशि नहीं देने पर आदेश दिनांक से भुगतान दिनांक तक 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज देने का आदेश दिया।

### बम्हनीडीह में जेसीबी मशीन लगाकर रेत उत्खनन गौठान में भारी मात्रा में रेत का भंडारण

**जांजगीर,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। बम्हनीडीह में इन दिनों हसदेव नदी से जेसीबी मशीन लगाकर रेत निकाल कर सरस्वती शिशु मंदिर के पास गौठान में भारी मात्रा में रेत का भंडारण किया जा रहा है जिससे गायों को बैठने कि जगह नहीं है। जिसके चलते वह किसानों के खेत में घुस कर खेतों को नुक्सान पहुंचा रहे हैं। इसके साथ ही धान खरीदी केंद्र निर्माणाधिन आईटीआई भवन इसके साथ रेत माफियाओं ने शासकीय नवीन प्राथमिक शाला भागोडीह के सामने भी अवैध रूप से रेत का भंडारण किया है जबकि इस अवैध उत्खनन की पुरी जानकारी बम्हनीडीह तहसीलदार को है।



## जनदर्शन में आज मिले कुल 113 आवेदन

**जांजगीर,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। आज कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में अपर कलेक्टर एसपी वैद्य ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में जनदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से जिले के आमजनों की शिकायतों, मांग एवं समस्याओं को सुना और उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को त्वरित कार्यवाही करते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए। आज जनदर्शन में कुल 113 आवेदन प्राप्त हुए हैं।



आज जनदर्शन में तहसील पामगढ़ के ग्राम कोसिर निवासी श्री ओमप्रकाश बघेल द्वारा मोटराईज्ड ट्रायसायकल दिलाने, तहसील बलौदा के ग्राम पंचायत जावलपुर निवासी शिवचरण साहू द्वारा नकल की प्रति दिलाने, ग्राम पंचायत हरदीविशाल के सरपंच द्वारा नया आंगनबाड़ी भवन बनवाने, तहसील सारागांव के ग्राम चोरिया निवासी अघोरीराम धीवर द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि की राशि दिलाने, ग्राम मुक्ताराजा निवासी दीनानाथ सूर्यवंशी द्वारा प्रधानमंत्री आवास का लाभ दिलाने एवं शौचालय बनवाने, तहसील अकलतरा के ग्राम नरियरा निवासी तीजराम द्वारा रिकार्ड दुरूस्तिकरण करवाने, विकासखंड बम्हनीडीह के ग्राम पंचायत सरहर निवासी श्रीमती अमरीत बाई चन्द्रा द्वारा राशन कार्ड निरस्त कराने संबंधी आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में अन्य विभिन्न आवेदकों द्वारा वन अधिकार पट्टा दिलाने, रोजगार प्रदाय, नामांतरण, भूमि सीमांकन, आर्थिक सहायता, प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, राशन कार्ड बनाने सहित कुल 113 आवेदन प्राप्त हुए।

## सपनों को साकार करने का मिलेगा मंत्र

### हरिलीला ट्रस्ट के मोटिवेशनल आयोजन में 16 को अवध ओझा और ओपी चौधरी करेंगे शिरकत

**जांजगीर,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। क्षेत्र की अग्रणी समाज सेवी संस्था हरिलीला ट्रस्ट का नि:शुल्क मोटिवेशनल आयोजन 16 अक्टूबर को अपरान्ह 4 बजे स्टेशन रोड जांजगीर-नैला में आयोजित होने जा रहा हैं। इस संबंध में ट्रस्ट के सचिव अमर सुल्तानिया ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा हैं। विश्वविख्यात मोटिवेशनल स्पीकर अवध ओझा और पूर्व आईएएस तथा छ.ग. शासन के मंत्री ओपी चौधरी सेशन के दौरान मौजूद विद्यार्थियों और जनसमूह को संबोधित करेंगे जिसमें उनके द्वारा सफलता के नई ऊचाईयों को छूने की कला तथा सपनों को साकार करने के मंत्र दिये जायेंगे।

इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े, जांजगीर-चांपा विधायक व्यास कश्यप, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, अकलतरा विधायक राघवेन्द्र सिंह, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पूर्व विधायक सौरभ सिंह, जांजगीर-नैला नगर पालिका अध्यक्ष भगवान दास गढ़ेवाल विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। गौरतलब है कि हरिलीला ट्रस्ट बनारी समाज सेवा के लिए जिले मे ही नही बल्कि पूरे अंचल में सुप्रसिद्ध है हर साल ट्रस्ट के अध्यक्ष लीलाधर सुल्तानिया के जन्मदिवस 16 अक्टूबर के अवसर पर जरूरतमंदो के विशेष सहयोग के लिए आयोजन कराये जाते है, गत वर्षो में भी छात्र छात्राओं और आमजन के लिए प्रेरणादायी आयोजन कराये जाते रहे हैं। जिसमें विश्वविख्यात मोटिवेटर और स्पीकर सोनू शर्मा, पूर्व आई.ए.एस. ओ.पी. चौधरी, शंकर गोयनका दिल्ली, डॉ. संतोष राय भिलाई शिरकत कर चुकें हैं। इन आयोजनों को आमजनता ने भरपूर स्नेह दिया था जिसकी वजह से यह आयोजन जिले के इतिहास में मील का पत्थर बन चुके हैं। बता दे कि जांजगीर नैला शहर में हरिलीला ट्रस्ट के आयोजन में इस बार विश्वविख्यात मोटिवेटर अवध ओझा और छ.ग. शासन के मंत्री ओ.पी. चौधरी शिरकत कर रहें हैं। 16 अक्टूबर को आयोजित होने जा रहा यह कार्यक्रम छात्रों के साथ ही आम जनता के लिए बहुउपयोगी रहेगा ,इस दौरान दोनो मोटिवेटर, स्पीकर और एजुकेटर शिक्षा और समय का सही प्रबंधन, बदलते परिवेश में सफलता पाने, चुनौतियों से सामना करने का तरीका, प्रतियोगी परीक्षाओं के तैयारी के गुण सिखाएंगे साथ ही कल के इस विशेष आयोजन में छात्रों को जीवन बदलने का मौका मिलेगा।



### अव्यवस्था से बचने समय पर पहुंचें- अमर सुल्तानिया

आयोजक हरिलीला ट्रस्ट की ओर से सचिव अमर सुल्तानिया ने विद्यार्थियों और आमजनता से अनुरोध किया है कि आयोजन स्थल पर तय समय पर कार्यक्रम प्रारंभ हो जायेगा इसलिए असुविधा, अव्यवस्था से बचने और महत्वपूर्ण कार्यक्रम का लाभ उठाने समय से पहले पहुंचकर अपना स्थान सुरक्षित करने की अपील उन्होने की हैं। अमर सुल्तानिया ने बताया कि आयोजन को लेकर अंचल में भारी उत्साह है लगातार ट्रस्ट द्वारा दिये गए लिंक से पंजीयन करने की प्रक्रिया जारी हैं। अमर सुल्तानिया ने यह भी बताया कि 10वीं, 12वीं के प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने वाले छात्र-छात्राओं का 21000 रू. नगद और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया जायेगा।

### प्रभारी सचिव ने शिवरीनारायण स्थित भगवान नर नारायण मंदिर में दर्शन कर की पूजा-अर्चना



**जांजगीर,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। जांजगीर-चांपा जिले के प्रभारी सचिव सोनमणि बोरा ने आज शिवरीनारायण स्थित भगवान नर नारायण मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इसके साथ ही उन्होंने गौशाला के विभिन्न मंदिरों के दर्शन किए।

इस मौके पर कलेक्टर आकाश छिकारा, पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, सहायक कलेक्टर दुर्गा प्रसाद अधिकारी उपस्थित रहे।

## अमेरिकी अस्पतालों में मेडिकल प्रोडक्ट्स की कमी

**सैक्रामेंटो,** 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। संयुक्त राज्य अमेरिका में हेल्थ केयर प्रोवाइडर को मेडिकल प्रोडक्ट्स की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। तूफान हेलेन और मिल्टन ने इंट्रावेनस (आईवी) फ्लुइड्स की सप्लाई चेन को गंभीर रूप से बाधित कर दिया है। अमेरिका में सबसे बड़े अस्पताल-बेस्ड रिसर्च एंटरप्राइज, मास जनरल ब्रिघम ने घोषणा की कि वह रविवार से कम से कम बुधवार तक गैर-आपातकालीन, वैकल्पिक प्रक्रियाओं को स्थगित कर देगा। इसने कहा कि यह साफ नहीं है कि आईवी फ्लुइड्स की आपूर्ति कब सुधरेगी। हेल्थकेयर लॉजिस्टिक्स कंपनी प्रीमियर इंक की तरफ से गुरुवार को जारी एक सर्वे के अनुसार, देश भर में 86 फीसदी से अधिक हेल्थ केयर प्रोवाइडर आईवी फ्लुइड्स की कमी का सामना कर रहे हैं।

# देश विदेश

# रेलवे त्योहारों की भीड़-भाड़ से निपटने के लिए तैयार

**नई दिल्ली**, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। त्योहार सीजन के दौरान, उत्तर रेलवे यात्रियों के लिए सुगम और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक उपाय कर रहा है। यात्रियों की भारी भीड़ को समायोजित करने के लिए उत्तर रेलवे ने एक मजबूत कार्य योजना लागू की है। उत्तर रेलवे अन्य जोनल रेलवे के सहयोग से त्योहार सीजन के दौरान 01 से 30.11.2024 तक 2,950 से अधिक त्योहार स्पेशल ट्रेनें चला रही है।

पिछले वर्ष इसी अवधि में उत्तर रेलवे द्वारा कुल 1,082 स्पेशल ट्रेनों की व्यवस्था की गई थी, इसलिए इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 172 फीसदी की वृद्धि होगी। उपरोक्त 2950 ट्रेनों में से लगभग 83 फीसदी फेस्टिवल स्पेशल पूर्व की ओर जाने वाले राज्यों जैसे उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, असम आदि राज्यों के लिए चलाई जाएगी। बरौनी, समस्तीपुर, सहरसा, वाराणसी, अयोध्या, गोरखपुर, जयनगर, दरभंगा, जोगबनी, पटना, कोलकाता, गुवाहाटी, हावड़ा, मुजफ्फरपुर, कटिहार, टाटानगर, लखनऊ आदि जैसे शहर/कस्बे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से इन विशेष ट्रेनों के कुछ लोकप्रिय गंतव्य हैं। उत्तर रेलवे ने वास्तविक समय के आधार पर आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए अनारक्षित विशेष ट्रेनें चलाने का प्रावधान किया है।




- यात्रियों की सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए कार्य योजना लागू
- पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 172 फीसदी स्पेशल ट्रेनों की वृद्धि होगी

**अतिरिक्त ट्रेनें और कोच:** त्योहार के दौरान विभिन्न ट्रेनों में कुल 52 अतिरिक्त कोच जोड़े जा रहे हैं, जो 2740 चक्कर लगाएंगे और 2.06 लाख से अधिक यात्रियों को सुविधा प्रदान करेंगे।

**बढ़ी हुई यात्री सुविधाएं:** आरक्षित डिब्बों में अनधिकृत प्रवेश को रोकने, ज्वलनशील पदार्थों को ले जाने पर अंकुश लगाने और ट्रेनों और स्टेशन परिसर में धूम्रपान और कूड़ा-करकट फैलाने जैसी समस्याओं के समाधान के लिए सख्त उपाय लागू किए जा रहे हैं। एफओबी, प्रवेश/निकास बिंदुओं, प्लेटफार्मों, बुकिंग कार्यालयों और अन्य क्षेत्रों में भीड़ को प्रबंधित करने के लिए टिकट चेकिंग स्टाफ और आर

स्टेशनों पर भीड़भाड़ को रोकने के लिए महत्वपूर्ण स्टेशनों पर निर्दिष्ट होल्डिंग क्षेत्र बनाए जा रहे हैं। वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों और महिलाओं के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है। पर्याप्त पेयजल व्यवस्था और प्रतीक्षालय जैसी यात्री सुविधाएं ध्यान दिया जा रहा है।

सूचनाओं की जानकारी के लिए यात्री उद्घोषणाओं और मनोरंजन आदि के लिए स्क्रीन का प्रावधान।

**कुशल टिकट बुकिंग :** आसान टिकट खरीद की सुविधा के लिए सुविधाजनक स्थानों पर अतिरिक्त बुकिंग काउंटर, आरक्षण काउंटर और एटीवीएम उपलब्ध कराए गए हैं। शहरवार टिकट काउंटर बनाने की भी योजना बनाई गई है।

**भोजन की उपलब्धता :** प्लेटफार्मों पर भोजन/नाश्ता के लिए पर्याप्त काउंटर चालू हैं। यात्रियों के लिए जनता खाना भी उपलब्ध कराया गया है।

**प्राथमिक चिकित्सा/चिकित्सा व्यवस्था :** आपातकालीन स्थिति में यात्रियों को प्राथमिक उपचार प्रदान करने के लिए रेलवे स्टेशनों पर रेलवे डॉक्टर और चिकित्सा कर्मचारी तैनात किए जाएंगे। जोनल और डिवीजनल मुख्यालयों में मेडिकल टीमों को यात्रियों को चिकित्सा देखभाल की आवश्यकता वाली किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए अलर्ट पर रखा गया है।

**नियमित घोषणाएं :** स्टेशनों पर विशेष ट्रेनों और अतिरिक्त कोचों के संचालन के बारे में समय-समय पर घोषणाएं की जा रही हैं। अधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफार्मों सहित सभी माध्यमों से 360 डिग्री सूचना का प्रसार किया जा रहा है।

**सुचारू संचालन :** परिचालन के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए, उत्तर रेलवे ने स्टेशन अधिकारियों को अंतिम समय में प्लेटफ़ॉर्म परिवर्तन से बचने का निर्देश दिया है और महत्वपूर्ण स्टेशनों पर जनरल कोचों की मार्शलिंग लागू की है। **सुरक्षा :** यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्लेटफ़ॉर्म और ट्रेनों में महिला कर्मचारियों सहित अतिरिक्त आरपीएफ कर्मियों की तैनाती की गई है।

**नियंत्रण केंद्र :** विभिन्न स्तरों पर रेलवे अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे यात्रियों को निर्बाध अनुभव सुनिश्चित करने के लिए प्रमुख स्टेशनों पर नियंत्रण केंद्र से व्यवस्थाओं की बारीकी से निगरानी करें। स्टेशन निदेशकों को अपने-अपने स्टेशनों पर योजना के कार्यान्वयन की देख-रेख करने का निर्देश दिया गया है। उत्तर रेलवे त्योहारी सीजन के दौरान सभी यात्रियों को सुरक्षित, आरामदायक और परेशानी- मुक्त यात्रा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## सुडोकू 6706


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | 3 | | | | | | |
| | 7 | | 2 | | 6 | 4 | | |
| 4 | | | | 1 | | 7 | | |
| | 8 | | 6 | | | 1 | | |
| | 1 | 4 | 7 | | 9 | 6 | 3 | |
| | | 6 | | | 1 | | 2 | |
| | | 8 | | 3 | | | | 6 |
| | | 1 | 8 | | 7 | | 4 | |
| | | | | | | 8 | 5 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6706



**बायें से दाये:-**

१. वह पतला रास्ता जो पैदल आने-जाने वालों के पैरों के दबाव से बन जाता है
३. किसी पुस्तक आदि का पूरक अंश
५. वर्षा
६. आलिंगन, स्वीकार करना (मुहावरा)
७. सप्ताह का एक दिन
९. अन्यथा (उर्दू)
१०. एक प्रकार का सूखा मेवा
१२. या
१३. दुख, उदासी
१४. एकटक, अनिमेष दृष्टि
१६. दरवाजा खटखटाने की क्रिया, हाथ का हल्का आघात (उर्दू)
१८. प्रवाहित करना, ठंडा करना
२०. असुर, राक्षस
२१. जहरीली औरत
२३. सृजनात्मक

**ऊपर से नीचे:-**

१. पराग का फैलना या बिखरना
२. गेंहू, ज्वार-धान आदि का काटने के बाद बचा हुआ हिस्सा
३. धोना, चरण धोना
४. शिकायत
५. किसी वस्तु के होने का ढंग
८. सारथि
१०. बेमिसाल
११. दिलचस्प, अच्छा लगने वाला
१२. संख्या, अंक (उर्दू)
१३. बेचने वाला
१४. संकीर्ण हृदय, कंजूस
१५. जिसे वरदान मिल गया हो
१७. फूलों का गुलदस्ता, स्तुति करने वाला
१८. स्वप्न, ख्वाब
१९. नाव खेने वाला
२२. इंसाफ

## वर्ग पहेली-6705



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## सुडोकू 6706 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 7 | 8 | 9 | 6 | 5 |
| 8 | 7 | 5 | 2 | 9 | 6 | 4 | 1 | 3 |
| 4 | 6 | 9 | 5 | 1 | 3 | 7 | 8 | 2 |
| 3 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 | 1 | 9 | 7 |
| 5 | 1 | 4 | 7 | 2 | 9 | 6 | 3 | 8 |
| 7 | 9 | 6 | 3 | 8 | 1 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 8 | 1 | 3 | 5 | 2 | 7 | 6 |
| 2 | 5 | 1 | 8 | 6 | 7 | 3 | 4 | 9 |
| 6 | 3 | 7 | 9 | 4 | 2 | 8 | 5 | 1 |

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : मंगलवार 15 अक्टूबर , 2024 आश्विन शुक्ल पक्ष13**

### राशिफल

मेष - आज आर्थिक मामलों में आपका दिन अच्छा है। शादी योग्य युवाओं को जीवनसाथी मिलने का योग है। सामाजिक रूप से आपको यश-कीर्ति मिलेगी। व्यापार में लाभ होगा। पर्यटन पर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

वृषभ - आज का दिन शुभ फलदायी है। व्यापार में स्थिति अनुकूल रहेगी। आपके काम की उचित प्रशंसा होगी। सामाजिक रूप से मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। काम भी सरलता से संपन्न होंगे। आर्थिक लाभ होगा।

मिथुन - विरोधियों और अधिकारियों के साथ आज किसी भी तरह से वाद-विवाद में ना पड़ें। आनंद- प्रमोद से सम्बंधित वस्तुओं को खरीदने में अधिक खर्च हो सकता है। व्यापार के क्षेत्र में वातावरण अच्छा रहेगा।

कर्क - आज नेगेटिव विचार आपको घेरे रखेंगे। वाणी पर संयम रखें। परिवार में तकरार होने से शारीरिक और मानसिक अस्वस्थता आपको सताएगी। दोपहर के बाद विदेश से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। संतान के विषय में चिंता रहेगी।

सिंह - स्वास्थ्य की दृष्टि से आज आप प्रसन्न और आनंदित रहेंगे। मित्रों तथा संबंधियों के साथ घूमने- फिरने की योजना बनाएंगे और आनंददायी प्रवास भी कर पाएंगे। सामाजिक रूप से सम्मान प्राप्त होगी।

कन्या - आप के स्वभाव में आज कुछ अधिक संवेदनशीलता रहेगी। काम की सफलता से मानसिक रूप से आप प्रफुल्लित रहेंगे। यश और कीर्ति में भी वृद्धि होगी। मायके से अच्छे समाचार मिलेंगे।

तुला - अपनी बौद्धिक शक्ति से लेखन काम और अन्य रचनात्मक काम करने में आगे बढ़ेंगे। विचारों में आते शीघ्र परिवर्तन से मानसिक रूप से आप स्वस्थ नहीं रह पाएंगे। संभवत: यात्रा को टाल दें। आकस्मिक खर्च के योग हैं।

वृश्चिक - आज विद्यार्थियों के लिए दिन अनुकूल है। स्वभाव से जिद्दीपन छोड़कर आगे बढेंगे, तो अनेक समस्याओं का निराकरण होता दिखेगा। नए वस्त्र और सौंदर्य की चीजें खरीदने में आपकी रुचि बनेगी।

धनु - शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य आज बना रहेगा। परिजनों के साथ किसी छोटी यात्रा पर जा सकते हैं। मित्रों और स्वजनों के साथ अच्छे समय का आनंद ले पाएंगे।

मकर - आज आप अधिक वाद-विवाद न करें। धार्मिक काम और उपासना के पीछे धन खर्च हो सकता है। परिजनों के साथ किसी बात पर वाद-विवाद हो सकता है। दोपहर के बाद आपका मन प्रफुल्लता का अनुभव करेगा।

कुंभ - आज आपका मन खुश रहेगा। आध्यात्मिकता से मन को शांत रखने की कोशिश करेंगे। नेगेटिव विचारों को मन से निकाल देने में ही आपकी भलाई है। वाणी पर संयम रखें। किसी अनावश्यक काम में धन खर्च हो सकता है।

मीन - आज किसी के साथ भी धन संबंधी कोई व्यवहार ना करें। दिन की शुरुआत में मन को एकाग्र रखने में दिक्कत आएगी। आज खर्च पर संयम रखें। स्वजनों से विवाद हो सकता है, इससे आपका मन उदास रहेगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# भारत ने ट्रूडो के राजनीतिक एजेंडे पर साधा निशाना



■ जानबूझकर भारत को बदनाम करने की रणनीति अपना रहा कनाडा

**नई दिल्ली**, 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत ने सोमवार को कनाडा के उस डिप्लोमेटिक कम्युनिकेशन को खारिज कर दिया जिसमें कहा गया कि इंडियन हाई कमिशनर और अन्य डिप्लोमेट जांज से जुड़े एक मामले में 'पर्सन ऑफ इंटरेस्ट' हैं। भारत ने आरोपों को 'बेतुका करार दिया।

विदेश मंत्रालय (एमईए) ने कहा कि हमें कल कनाडा से एक डिप्लोमेटिक कम्युनिकेशन प्राप्त हुआ, जिसमें कहा गया कि भारतीय उच्चायुक्त और अन्य राजनयिक उस देश में जांच से संबंधित मामले में 'पर्सन ऑफ इंटरेस्ट' हैं। भारत सरकार इन बेतुके आरोपों को दृढ़ता से खारिज करती है और इन्हें ट्रूडो सरकार के राजनीतिक एजेंडे का हिस्सा मानती है, जो वोट बैंक की राजनीति पर केंद्रित है। बयान में कहा गया कि चूंकि प्रधानमंत्री ट्रूडो ने सितम्बर 2023 में कुछ आरोप लगाए थे लेकिन हमारी ओर से कई अनुरोधों के बावजूद, कनाडा सरकार ने भारत सरकार के साथ सबूतों को साझा नहीं किया। एक बार फिर से बिना किसी तथ्य के दावे किए गए हैं। इससे कोई संदेह नहीं रह जाता है कि यह जांच के बहाने राजनीतिक फायदे के लिए भारत को बदनाम करने की एक जानबूझकर अपनाई रणनीति है। बता दें 'पर्सन ऑफ इंटरेस्ट' का इस्तेमाल संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा और अन्य देशों में किसी ऐसे व्यक्ति की पहचान करते समय किया जाता है जो संभवत: आपराधिक जांच में शामिल है, लेकिन जिसे गिरफ्तार नहीं किया गया या औपचारिक रूप से आरोपी नहीं बनाया गया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि उनके मंत्रिमंडल में ऐसे व्यक्ति शामिल हैं जो भारत के संबंध में चरमपंथी और अलगाववादी एजेंडे से खुले तौर पर जुड़े हुए हैं।

# ट्रंप की कैलिफोर्निया रैली के पास से बंदूकधारी गिरफ्तार

**वाशिंगटन,** 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। कैलिफोर्निया के कोचेला में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की रैली में संदिग्ध को बंदूक, कारतूस और कई फर्जी पासपोर्ट संग गिरफ्तार किया गया है।

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, 49 वर्षीय संदिग्ध वेम मिलर एक काले रंग की एसयूवी चला रहा था, जब उसे सुरक्षा चौकी पर पुलिसकर्मियों ने रोका। तलाशी के दौरान उसके पास से दो हथियार और एक 'हाई-कैपेसिटी मैगजीन' बरामद हुई। यूएस सीक्रेट सर्विस ने दावा किया है कि ट्रंप पर कोई खतरा नहीं था, साथ ही कहा कि इस घटना से सुरक्षा अभियानों पर कोई असर नहीं पड़ा है। रिवरसाइड काउंटी शेरिफ के कार्यालय ने कहा कि मिलर को बिना किसी घटना को अंजाम दिए हिरासत में ले लिया गया और उस पर भरी हुई बंदूक और हाई-कैपेसिटी मैगजीन (उच्च क्षमता वाली मैगजीन) रखने का मामला दर्ज किया गया। स्थानीय शेरिफ ने संदिग्ध को 'पागल' बताया और उनके कार्यालय ने कहा कि इस मुठभेड़ से ट्रंप या रैली में शामिल होने वालों की सुरक्षा पर कोई असर नहीं पड़ा। जबकि रिवरसाइड काउंटी के शेरिफ चैड बियान्को ने कहा (बीबीसी रिपोर्ट के अनुसार) कि संदिग्ध के दिमाग में क्या चल रहा था, इस बारे में अनुमान लगाना असंभव है। कहा कि उन्हें 'पूरा विश्वास है' कि उनके अधिकारियों ने ट्रंप की तीसरी हत्या की कोशिश को नाकाम किया। उन्होंने आगे कहा कि यह साबित करना असंभव है कि उस व्यक्ति का इरादा क्या था। एक संघीय कानून प्रवर्तन अधिकारी ने सीबीएस न्यूज़ को बताया कि इस घटना से जुड़े हत्या के प्रयास का कोई संकेत नहीं मिला है। संघीय अधिकारियों का कहना है कि वे अभी भी घटना की जांच कर रहे हैं। बियान्को एक निर्वाचित अधिकारी और रिपब्लिकन हैं जिन्होंने पहले भी ट्रंप के समर्थन में बयान दिया है। वह ट्रंप के चुनाव अभियान के एक प्रतिनिधि के रूप में भी काम कर रहे हैं।



## सहयोग के नए रास्ते तलाशने जापान पहुंचे भारतीय थल सेनाध्यक्ष

**नई दिल्ली,** 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय थल सेनाध्यक्ष (सीओएएस) जनरल उपेन्द्र द्विवेदी सोमवार, 14 अक्टूबर से जापान की आधिकारिक यात्रा पर हैं। जनरल उपेन्द्र द्विवेदी की इस यात्रा का उद्देश्य भारत और जापान के बीच सहयोग के नए रास्ते तलाशना है।



इसके अलावा भारतीय थल सेनाध्यक्ष की इस यात्रा से भारत और जापान की सेनाओं के बीच होने वाले सैन्य सहयोग को मजबूती मिलने की उम्मीद है। अपनी इस यात्रा के दौरान सेनाध्यक्ष जापान के हिरोशिमा पीस पार्क व महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि भी अर्पित करेंगे।

जनरल उपेन्द्र द्विवेदी 14 से 17 अक्टूबर तक जापान की यात्रा पर रहेंगे। भारतीय रक्षा मंत्रालय ने इसे भारत और जापान के बीच रक्षा सहयोग को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। 14 अक्टूबर 2024 को जनरल उपेन्द्र द्विवेदी जापान में भारतीय राजदूत सिबी जॉर्ज के साथ बातचीत कर रहे हैं।

# पाकिस्तान में जयशंकर का बेसब्री से हो रहा इंतजार

**इस्लामाबाद,** 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान मंगलवार से शुरू होने वाली दो दिवसीय एससीओ काउंसिल ऑफ हेड्स ऑफ गवर्नमेंट (सीएचजी) की बैठक की मेजबानी कर रहा है। हालांकि सभी की निगाहें भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर पर है जो इस बैठक में भाग लेने के लिए इस्लामाबाद आ रहे हैं। यहां तक की उनके दौरे को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष में ठन गई है। पाकिस्तान में जयशंकर का दौरा चर्चा का विषय बना हुआ है। सत्तारूढ़ सरकार के कई मंत्रियों और विपक्षी नेताओं ने घरेलू राजनीतिक फायदे के लिए उनकी यात्रा को सुर्खियों में ला दिया है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के सांसद और खैबर-पख्तूनख्वा (केपी) के सूचना सलाहकार बैरिस्टर मुहम्मद अली सैफ ने जयशंकर को पीटीआई कार्यकर्ताओं से मिलने के लिए आमंत्रित किया, जो देश की राजधानी में विरोध रैली कर रहे हैं।



■ जयशंकर के दौरे को लेकर सत्ता पक्ष व विपक्ष में ठनी

सैफ ने कहा कि एससीओ शिखर सम्मेलन के लिए इस्लामाबाद आने वाले सभी विदेशी प्रतिनिधिमंडल हमारे विरोध को देखकर खुश होंगे और हमारे देश की लोकतांत्रिक प्रथाओं और ताकत की सराहना करेंगे... हम जयशंकर को हमारे सरकार विरोधी प्रदर्शन को संबोधित करने के लिए भी आमंत्रित करेंगे और वह खुद देखेंगे कि पाकिस्तान का लोकतंत्र कितना मजबूत है।

## आज का इतिहास

1240-दिल्ली सल्तनत पर 1236 ई0 से 1240 ई0 तक शासन करने वाली रज़िया सुल्तान का निधन।
1542-मुगल बादशाह अकबर का जन्म हुआ।
1918 -शिरडी के साईं बाबा ने शरीर त्यागा।
1931 -पूर्व राष्ट्रपति एवं मिसाइल मैन एपीजे अब्दुल कलाम का जन्म।
1932 -टाटा समूह ने पहली एयरलाइन की शुरुआत की। इसका नाम 'टाटा संस लिमिटेड' रखा गया।
1951 -अमेरिकी टेलीविजन के हास्य धारावाहिक 'आई लव लूसी' का प्रसारण शुरू। इसमें लूसील बॉल और उनके पति डेसी एरनाज ने प्रमुख भूमिकाएं निभाईं। यह धारावाहिक दुनियाभर में खूब देखा और सराहा गया।
1961-कवि, उपान्यासकार, निबंधकार और कहानीकार सूर्यकांत निराला का निधन हुआ।
1969 -सोमालिया के राष्ट्रपति कैब्दीराशिद केली शेरमार्के की हत्या।
1987 -बुर्किना फासो में सैनिक विद्रोह में शासन प्रमुख थामस संकारा का तख्ता पलट करने के बाद उनकी और उनके कुछ समर्थकों की हत्या की।
1988 -उज्जवला पाटिल एक नौका में दुनिया की यात्रा करने वाली पहली एशियाई महिला बनीं।
1993 -दक्षिण अफ्रीका के नेता नेल्सन मंडेला और एफ डब्ल्यू क्लार्क को रंगभेद को शांतिपूर्ण ढंग से खत्म करने और नये लोकतांत्रिक दक्षिण अफ्रीका की नींव रखने पर नोबेल शांति पुरस्कार के लिए चुना गया।
2003 -अंतरिक्ष में मानवयुक्त यान भेजने वाला चीन तीसरा देश बना।
2012-ब्रिटीश लेखिका हेलरी मेंटल को मैन बुकर पुरस्कार से नवाजा गया।

**मामला** — *दक्षिणी लेबनानी गांवों को अपना मिलिट्री टारेगट मानता है इजरायल, कहा*

# हिजबुल्लाह को अपने ठिकानों पर कब्जा नहीं करने देंगे

**यरुशलम, 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। इजरायल का कहना है कि वह मिलिट्री ऑपरेशन खत्म होने के बाद हिजबुल्लाह को दक्षिणी लेबनानी सीमा क्षेत्र पर दोबारा कब्जा नहीं करने देगा। इजरायल के रक्षा मंत्री योआव गैलेंट ने कहा कि इजरायल हिजबुल्लाह के बुनियादी ढांचे वाले (दक्षिणी लेबनानी) गांवों की पूरी पहली पंक्ति को अपना मिलिट्री टारेगट मानता है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के मुताबिक, गैलेंट ने कहा कि हिजबुल्लाह आतंकवादियों ने इन गांवों में कई भूमिगत सुरंगों और हथियारों के गोदाम का निर्माण किया है।**

इजरायली रक्षा मंत्री ने कहा कि आईडीएफ सैनिक वर्तमान में इन (हिजबुल्लाह) संपत्तियों को जमीन के ऊपर और नीचे दोनों जगह नष्ट कर रहे हैं। उन्होंने चल रहे छापों को शक्तिशाली और प्रभावी बताया। गैलेंट ने कहा कि आईडीएफ सैनिकों के वापस चले जाने के बाद भी हम हिजबुल्लाह आतंकवादियों को इन क्षेत्रों में वापस नहीं आने देंगे।

इजरायल-लेबनान सीमा पर रविवार को भी लड़ाई जारी रही। इजरायली सेना ने दावा किया कि उसने लेबनान में हिजबुल्लाह के लगभग 200 ठिकानों पर हमला किया, जिसमें रॉकेट लांचर, एंटी-टैंक मिसाइल पोजिशन और अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर शामिल हैं। सेना ने यह भी बताया कि हिजबुल्लाह लड़ाकों के साथ लड़ाई में 28 सैनिक घायल हुए हैं।



आईडीएफ ने दक्षिणी लेबनान के 21 से अधिक गांवों के निवासियों से अवली नदी के उत्तर के इलाके को खाली करने का अल्टीमेटम दिया।

इजरायली सैन्य प्रवक्ता अविचाय एड्राई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि अपनी सुरक्षा के लिए, आपको तुरंत अपने घर छोड़ देने चाहिए। बिना देरी किए खाली कर दें।

## अमेरिका पर भड़का ईरान

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री सैय्यद अब्बास अराघची ने चेतावनी दी कि इजरायल में अपने सैनिकों को तैनात करके अमेरिका इनकी जान खतरे में डाल रहा है। उनका रिएक्शन उन रिपोर्टों पर आया जिनमें कहा गया कि वाशिंगटन ने इजरायल को टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस (थाड) सिस्टम भेजने का फैसला किया है और इस सिस्टम को मैनेज करने के लिए अमेरिकी कर्मियों की जरूरत होगी।



अराघची ने रविवार को सोशल मीडिया पर यह टिप्पणी की। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, मंत्री ने अमेरिका पर इजरायल को 'अभूतपूर्व स्तर की सैन्य मदद' प्रदान करने का आरोप लगाया।

## दुनिया को जानें

# मोबाइल-लैपटॉप के ज्यादा इस्तेमाल से हड्डियां हो रही कमजोर

**नई दिल्ली,** 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। डिजिटल युग ने हमारे जीवन को कई तरह से बदल दिया है। स्मार्टफोन, टैबलेट और लैपटॉप जैसे इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स अब हर किसी की जिंदगी का एक जरूरी हिस्सा बन चुके हैं। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक, हर कोई इन गैजेट्स का इस्तेमाल कर रहा है।

सोशल मीडिया, गेमिंग और स्ट्रीमिंग सर्विस ने हमें इन गैजेट्स की ओर ज्यादा आकर्षित किया है। खासतौर से 20 से 40 साल की उम्र के लोग जो दिन का ज्यादातर समय इन गैजेट्स के साथ ही बिताते हैं। बता दें, ऐसे लोगों में पीठ दर्द, गर्दन दर्द और रीढ़ की हड्डी से जुड़ी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। आइए इस आर्टिकल में जानते हैं कि कैसे यह आदत आपकी हड्डियों को नुकसान पहुंचा रही है और इससे बचाव के लिए आप क्या-कुछ तरीके अपना सकते हैं। कई शोध बताते हैं कि 20 से 40 साल के लोगों में पीठ और रीढ़ की हड्डी की समस्याओं में 50प्रतिशत का जबरदस्त इजाफा हुआ है, जिसका सीधा संबंध गैजेट्स के ज्यादा इस्तेमाल से है।

# खेल जगत

## स्मिथ भारत के खिलाफ टेस्ट मैचों में मध्यक्रम में वापस आएं : जॉर्ज बेली

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख बल्लेबाज स्टीव स्मिथ इस साल के अंत में भारत के खिलाफ पांच मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में मध्यक्रम में बल्लेबाजी करने उतरेंगे, इसकी पुष्टि मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने की है। सिडनी में पाकिस्तान के खिलाफ मैच के बाद डेविड वार्नर के संन्यास लेने के बाद स्मिथ टेस्ट मैचों में चौथे नंबर से ओपनिंग करने आए थे। लेकिन वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड के खिलाफ चार टेस्ट मैचों में ओपनर के तौर पर खेलते हुए स्मिथ को सफलता नहीं मिली, उन्होंने 28.50 की औसत से 171 रन बनाए। साथ ही, बेली ने पुष्टि नहीं की कि स्मिथ चौथे नंबर पर खेलेंगे या नहीं। 'पैट, एंड्रयू और स्टीव स्मिथ के बीच लगातार बातचीत चल रही थी, कैमरून (ग्रीन) की असामयिक चोट के अलावा।' मेलबर्न में पत्रकारों से बात करते हुए बेली ने कहा, 'स्टीव ने ओपनिंग पोजीशन से नीचे जाने की इच्छा जताई थी और पैट तथा एंड्रयू ने पुष्टि की है कि वह गर्मियों में नीचे की ओर उतरेंगे।



### आईसीसी टी-20 महिला क्रिकेट विश्व कप : हरमनप्रीत कौर का अर्धशतक भी भारत के काम न आया

# नौ रन से हारा भारत, बाहर होने की कगार पर

## ऑस्ट्रेलिया की टीम भारत को हरा शीर्ष पर रहकर सेमीफाइनल में

**नई दिल्ली,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। कप्तान हरमनप्रीत कौर (54* रन, 47 गेंद, छह चौके का लगातार दूसरा अविजित अर्धशतक और उनकी दीप्ति शर्मा (29 रन, 25 गें तीन चौके )के साथ चौथे विकेट की 53 तथा पूजा वस्त्रकर (9 रन, 6 गेंद, एक चौके) के साथ छठे विकेट की 28 रन की भागीदारी भी भारत को पिछली तीन कुल छह बार के विजेता ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शारजाह में आईसीसी टी 20 महिला क्रिकेट विश्व कप में ग्रुप ए के चौथे और अहम मैच में 9 रन से हार से नहीं बचा पाया। ऑस्ट्रेलिया ने लगातार चौथी जीत और कुल आठ अंकों के साथ ग्रुप ए में आठ अंकों के साथ शीर्ष पर रहकर सेमीफाइनल में स्थान बनाया। भारत के रविवार को ऑस्ट्रेलिया के हाथों सहित दो हार और दो जीत के साथ चार ग्रुप ए में चार अंक ही रह गए और वह सेमीफाइनल की होड़ से बाहर होने के कगार पर पहुंच गया। भारत को 20वें और आखिर ओवर में जीत के लिए 14 रन की जरूरत थी लेकिन उसने इसमें भारत ने अनाबेल सदरलैंड के इस ओवर में चार रन बनाए और चार विकेट



आईसीसी टी 20 महिला क्रिकेट विश्व कप

गंवाए। सदरलैंड ने पूजा वस्त्रकार को बोल्ड और राधा यादव को एलबीडब्ल्यू आउट किया जबकि इसी की चौथी गेंद पर अरुंधति रेड्डी और श्रेयंका पाटील खाता खोले बना रन आउट हो गई। भारत ने 31 रन के भीतर छह विकेट खोए। भारत अब ग्रुप ए में न्यूजीलैंड के मैच में न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के मैच का इंतजार करेगा। न्यूजीलैंड की टीम पाकिस्तान से जीती तो वह ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहकर सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी। भारत की अनुभवी तेज गेंदबाज रेणुका सिंह (2/24) और ऑफ स्पिन ऑलराउंडर (2/28) की बढ़िया गेंदबाजी के बावजूद ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी की दावत पाकर ओपनर ग्रेस हैरिस ( 40 रन, 41 गेंद, पांच चौके) और टाहिला मैक्ग्रा (32 रन, 26 गेंद, चार चौके) की तीसरे विकेट की 62 रन तथा एलिसा पैरी (32 रन, 23 गेंद, एक छक्का , दो चौके) व फॉबी लिचफील्ड (15 रन*, 9 गेंद, एक चौका एक छक्का) की छठे विकेट की 33 रन की बदौलत पहले बल्लेबाजी की दावत पाकर निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 151 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। जवाब में उप कप्तान स्मृति मंधाना और शैफाली वर्मा की जोड़ी ने भारत की पारी का तेज आगाज किया। शैफाली वर्मा(20 रन, 13 गेंद, एक छक्का और दो चौके) ने ऑफ स्पिनर एशले गार्डनर की गेंद को उड़ाने की कोशिश में सदरलैंड के लॉन्ग ऑन पर कैच थमा दिया और भारत ने पारी के चौथे ओवर में पहला विकेट 26 रन पर खो दिया। स्मृति मंधाना (6 रन, 12 गेंद) वूमेन ऑफ द' मैच ऑस्ट्रेलिया की बाएं हाथ की स्पिनर सौफी मालीनक्स (2/28) की ऑफ स्टंप पर गिर मिडल की ओर घूमी गेंद को खेलने से चूकी और अंपायर ने उन्हें एलबीडब्ल्यू आउट घोषित किया और भारत ने दूसरा विकेट 39 पर खो दिया। जेमिमा रॉड्रिग्ज (16 रन, 12 गेंद, 3 चौके ) ने विश्वास से आगाज करने के बाद तेज गेंदबाज मेघन शट की गेंद को पुल करने की कोशिश में डीप मिडविकेट पर गार्डनर को कैच थमा दिया और भारत सातवें ओवर में तीसरा विकेट 47 रन पर गंवा गहरे संकट में फंस गया। कप्तान हरमनप्रीत कौर और दीप्ति शर्मा (29 रन, 25 गें तीन चौके ) ने स्कोर को 110 रन पर पहुंचा थी कि तभी दीप्ति ने बाएं हाथ की स्पिनर मालीनेक्स की गेंद को उड़ाने की कोशिश में डीप मिडविकेट पर वरेहम कैच थमा चौथी बल्लेबाज के रूप में आउट हो पवेलियन लौट गई।

## भारत की सेमीफाइनल उम्मीदें पाकिस्तान की जीत पर निर्भर



**दुबई।** ऑस्ट्रेलिया की भारत के ऊपर जीत ने न्यूज़ीलैंड के सामने सेमीफ़ाइनल में प्रवेश करने का बेहद सरल समीकरण बना दिया है। सोमवार की शाम दुबई में पाकिस्तान के ख़िलाफ़ होने वाले ग्रुप ए के मुक़ाबले में न्यूज़ीलैंड को बस जीत की आवश्यकता है। न्यूज़ीलैंड की जीत जहां उन्हें इस ग्रुप से ऑस्ट्रेलिया के बाद सेमीफ़ाइनल का टिकट दिला देगी, तो वहीं पाकिस्तान के साथ-साथ भारत को भी प्रतियोगिता से बाहर कर देगी। न्यूज़ीलैंड को इस विश्व कप में सिर्फ़ एक हार मिली है जब उन्हें ऑस्ट्रेलिया ने करारी शिकस्त दी थी। हालांकि उसके बाद श्रीलंका को आठ विकेट से हराते हुए इस टीम ने बेहतरीन वापसी की थी। दूसरी तरफ़ पाकिस्तान ने श्रीलंका को हराते हुए टूर्नामेंट का आग़ाज़ लाजवाब अंदाज़ में किया था लेकिन उसके बाद उन्हें भारत और ऑस्ट्रेलिया से हार मिली है। शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में, भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन कैच छोड़े, एक स्टंपिंग और एक रन-आउट का मौका गंवाया, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने 151/8 का स्कोर बनाया, जो मौजूदा टूर्नामेंट में इस मैदान पर सबसे बड़ा स्कोर है। जवाब में, कप्तान हरमनप्रीत कौर के 47 गेंदों पर नाबाद 54 रनों के बावजूद, भारत लक्ष्य का पीछा करने में विफल रहा और 142/9 पर समाप्त हुआ।

## अगर कुछ मौके भुनाए जाते तो कहानी अलग हो सकती थी : मुजुमदार

2̀24 महिला टी2̀ विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया से नौ रन से मिली हार के बाद, भारत के मुख्य कोच अमोल मुजुमदार ने स्वीकार किया कि अगर उनकी टीम ने मैदान पर कुछ मौके भुनाए होते तो कहानी अलग हो सकती थी। शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में, भारत ने तीन कैच छोड़े, एक स्टंपिंग और एक रन-आउट का मौका गंवाया, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने 151/8 का स्कोर बनाया, जो मौजूदा टूर्नामेंट में इस मैदान पर सबसे बड़ा स्कोर है। जवाब में, कप्तान हरमनप्रीत कौर के 47 गेंदों पर नाबाद 54 रनों के बावजूद, भारत लक्ष्य का पीछा करने में विफल रहा और 142/9 पर समाप्त हुआ। मैच समाप्त होने के बाद मुजुमदार ने कहा, 'मुझे लगता है कि हम खेल में सही थे, आखिरी ओवर तक। ऑस्ट्रेलिया के अनुभव ने ही उन्हें जीत दिलाई।'

## विश्व कप के बाद, भारत की टीम अहमदाबाद में न्यूज़ीलैंड के खिलाफ तीन वनडे खेलेगी

**नई दिल्ली,** 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। 2024 महिला टी20 विश्व कप के 20 अक्टूबर को दुबई में समाप्त होने के बाद, भारत 24, 27 और 29 अक्टूबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन वनडे खेलेगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा घोषित कार्यक्रमों के अनुसार, तीन मैचों की यह श्रृंखला आईसीसी महिला वनडे चैंपियनशिप 2022-25 का हिस्सा है। न्यूजीलैंड वर्तमान में 10 टीमों की चैंपियनशिप स्टैंडिंग में छठे स्थान पर है, जिसने अब तक अपने 18 वनडे में से केवल आठ जीते हैं। भारत, जो 2025 महिला वनडे विश्व कप का मेजबान है, ने इस मेगा इवेंट के लिए स्वचालित योग्यता प्राप्त कर ली है। भारत के अलावा, चैंपियनशिप तालिका में शीर्ष पांच टीमें मुख्य कार्यक्रम में आगे बढ़ेंगी, जबकि शेष चार टीमों को विश्व कप के लिए अपना स्थान हासिल करने के लिए क्वालीफायर से गुजरना होगा।



दोनों टीमों के छोटी वनडे सीरीज के लिए अपनी पूरी ताकत के साथ खेलने की उम्मीद है, इसका मतलब है कि दोनों टीमों के खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया में 2024 महिला बिग बैश लीग (डब्लूबीबीएल) के शुरुआती मैचों से चूक जाएंगे। इस साल के डब्लूबीबीएल में भारत की उप-कप्तान स्मृति मंधाना, बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स, विकेटकीपर यास्तिका भाटिया, ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा, दयालन हेमलता और शिखा पांडे आठ टीमों की प्रतियोगिता में भाग लेंगी। न्यूजीलैंड की कप्तान-एवं-बल्लेबाजी ऑलराउंडर सोफी डिवाइन, सलामी बल्लेबाज सूजी बेट्स और लेग-स्पिन ऑलराउंडर अमेलिया केर भी टूर्नामेंट में खेलेंगी। 1 दिसंबर को डब्लूबीबीएल समाप्त होने के बाद, भारतीय टीम को 5-11 दिसंबर तक मौजूदा वनडे विश्व कप धारक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे मैच खेलने हैं। भारत और न्यूजीलैंड के बीच हाल ही में चल रहे टी20 विश्व कप में मुकाबला हुआ था, जहां न्यूजीलैंड ने 6 अक्टूबर को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में भारत पर 58 रनों से जीत दर्ज की थी।

## एचआईएल की नीलामी में दूसरे दिन बेल्जियम के विक्टर 4 लाख में बिके

**नई दिल्ली,** 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) खिलाड़ी नीलामी 2024-25 के लिण् दूसरे दिन सोमवार को पहले हाफ में सूरमा हॉकी क्लब ने सबसे ऊंची बोली लगाकर बेल्जियम के विक्टर वेगनेज को 40 लाख रुपए में खरीदा। आज यहां नीलामी के दूसरे दिन सभी आठ फ्रैंचाइजी टीमों ने बोली लगाई। विदेशी खिलाड़ियों में डेनमार्क की जोड़ी थिएरी ब्रिंकमैन को 38 लाख और आर्थर वैन डोरेन को 32 लाख रुपए में कलिंगा लांसर्स ने खरीदा। वहीं दिल्ली एसजी पाइपर्स ने टॉमस डोमेन को 36 लाख रुपए में, कलिंगा लांसर्स ने ऑस्ट्रेलिया के एरन जेलेव्स्की को 27 लाख रुपये में, तमिलनाडु ड्रैगन्स ने ब्लेक गोवर्स को 27 लाख रुपए की बोली लगाते हुए अपनी टीम में शामिल किया। इस दौरान कलिंगा लांसर्स ने मोरियांगथेम रबीचंद्र को 32 लाख और मोहम्मद राहील मौसीन को 25 लाख रुपए में तमिलनाडु ड्रैगन्स ने खरीदा।

आज पहले हाफ में कुल देशी विदेशी 51 खिलाड़ी बिके। इनमें शीर्ष बोली में विक्टर वेगनेज (बेल्जियम) को सूरमा हॉकी क्लब ने 40 लाख रुपए में, थिएरी ब्रिंकमैन (नीदरलैंड) को कलिंगा लांसर्स ने 38 लाख रुपए, टॉमस डोमेने (अर्जेंटीना) को दिल्ली एसजी पाइपर्स ने 36 लाख रुपए, मोरियांगथेम रबीचंद्र को कलिंगा लांसर्स ने 32 लाख रुपए, आर्थर वैन डोरेन (बेल्जियम) को कलिंगा लांसर्स 32 लाख रुपए में टीम में शामिल किया है।



- नीलामी के दूसरे दिन सभी आठ फ्रैंचाइजी टीमों ने बोली लगाई
- डेनमार्क की जोड़ी थिएरी ब्रिंकमैन को 38 लाख
- आर्थर वैन डोरेन को 32 लाख रुपए में कलिंगा लांसर्स ने खरीदा

## यह भारतीय टीम दुनिया की किसी भी टीम को हराने में सक्षम : पार्थिव पटेल

**नई दिल्ली,** 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत की तीन मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले, पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज पार्थिव पटेल का दृढ़ विश्वास है कि रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम खेल के सबसे लंबे प्रारूप में दुनिया की किसी भी टीम को हराने में सक्षम है। जब से न्यूजीलैंड ने 2021 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भारत को हराया है, तब से भारत 2023 में एक और फाइनल में पहुंचा है और वर्तमान में इस प्रारूप में शीर्ष स्थान पर है। वे बांग्लादेश पर 2-0 की सीरीज जीत के बाद भी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, खासकर बारिश से प्रभावित कानपुर टेस्ट में आक्रामक बल्लेबाजी करके उल्लेखनीय जीत दर्ज करने के बाद।

पार्थिव पटेल ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि बांग्लादेश के खिलाफ जैसी पिचें थीं, वैसी होंगी। यह चेन्नई और कानपुर की तरह उतनी सीम नहीं होगी, लेकिन इस टीम को देखते हुए, मुझे नहीं लगता कि भारत को उस तरह की पिचों या यहां तक कि टर्नर की भी जरूरत है। यह भारतीय टीम इस समय दुनिया की किसी भी टीम को हराने के लिए काफी अच्छी है। पार्थिव ने जियो सिनेमा से कहा, 'डब्ल्यूटीसी को ध्यान में रखते हुए, मुझे यकीन है कि भारत 3-0 से जीतना चाहेगा, और यह एक संभावित परिणाम है। लेकिन भारत के सामने चुनौतियां होंगी, और उनकी सबसे बड़ी चुनौती बाएं हाथ के स्पिनरों, मिशेल सेंटनर और एजाज पटेल को संभालना होगी। भारत को हमेशा बाएं हाथ के स्पिनरों के खिलाफ संघर्ष करना पड़ा है, इसलिए यह उनकी सबसे बड़ी परीक्षा होगी।' पूर्व विकेटकीपर और चयनकर्ता सबा करीम को लगता है कि भारत को इस साल के अंत में ऑस्ट्रेलिया में होने वाली पांच मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज़ के बारे में सोचने के बजाय अपने काम पर ध्यान केंद्रित करना होगा। 'मुझे लगता है कि भारत की सबसे बड़ी चुनौती वर्तमान पर ध्यान केंद्रित करना और ऑस्ट्रेलियाई दौरे के बारे में बहुत दूर तक नहीं सोचना होगा। उन्हें हाल की घरेलू सीरीज़ में देखी गई सकारात्मक चीज़ों पर काम करने की ज़रूरत है, जैसे कि रोमांचक युवा तेज गेंदबाज़ों का उभरना। आकाश दीप एक रहस्योद्घाटन था, और भारत के पास चुनने के लिए कई स्पिनर भी हैं।



- बांग्लादेश पर 2-0 की सीरीज जीत के बाद भी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं खिलाड़ी

## रेसिंग के तीन विभिन्न प्रारुपों में होगी भारतीय नौसेना नौकायन चैम्पियनशिप

**नई दिल्ली,** 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय नौसेना की सबसे बड़ी नौकायन प्रतियोगिता, 'भारतीय नौसेना नौकायन चैम्पियनशिप' आयोजित होने जा रही है। 'भारतीय नौसेना नौकायन चैम्पियनशिप' (आईएनएससी) 16 अक्टूबर से प्रारंभ होगी और 19 अक्टूबर तक तक यह प्रतियोगिता जारी रहेगी। इस प्रतियोगिता का आयोजन भारतीय नौसेना अकादमी (आईएनए), एझिमाला में किया जाएगा। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक प्रतियोगिता में भाग लेने वाले भारतीय नौसेना के 100 से अधिक प्रतिभागी हैं। इनकी मेजबानी और रेसिंग के तीन विभिन्न प्रारूपों में पांच विभिन्न वर्गों की नौकाओं में नौकायन कौशल का परीक्षण होगा। यह परीक्षण आईएनए स्थित मरक्कर वाटरमैनशिप प्रशिक्षण केंद्र (एमडब्ल्यूटीसी) द्वारा किया जाएगा।



भारतीय नौसेना नौकायन चैम्पियनशिप (आईएनएससी) एक वार्षिक अंतर कमान कार्यक्रम है। इसका आयोजन नौसेना मुख्यालय स्थित भारतीय नौसेना नौकायन संघ (आईएनएसए) के तहत प्रतिस्पर्धी नौकायन में नौसेना कर्मियों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए किया जाता है।

रक्षा मंत्रालय का कहना है कि इस प्रतियोगिता में नौसेना की तीनों कमानों के अधिकारी, कैडेट और नाविकों व अग्निवीरों की टीमें भाग लेंगी। नौकायन के चार सबसे लोकप्रिय प्रारूपों में रेसिंग होगी। महिलाओं के लिए फ्लीट रेसिंग इंटरनेशनल लेजर क्लास एसोसिएशन (आईएलसीए-6) क्लास बोटिंग होगी। पुरुषों के लिए आईएलसीए -7 क्लास बोट और विंडसर्फिंग ओपन बिक बीच क्लास बोटिंग होगी। टीम रेसिंग एंटरप्राइज क्लास बोट में होगी। रक्षा मंत्रालय का कहना है कि भारतीय नौसेना जल कौशल गतिविधियों पर विशेष जोर देती है। नौकायन खेल, नौसेनिकों में नौचालन कौशल, सौहार्द, साहस और अन्य नेतृत्व गुणों को विकसित करने के लिए है।

गौरतलब है कि हाल ही में भारतीय नौसेना की दो महिला अधिकारी 'नाविका सागर परिक्रमा' अभियान के जरिए दुनिया का चक्कर लगाने के असाधारण मिशन पर निकली हैं।

## दूसरे टेस्ट के लिए पाकिस्तान ने प्लेइंग इलेवन घोषित किया, कामरान गुलाम करेंगे डेब्यू

**मुल्तान,** 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। दाएं हाथ के बल्लेबाज कामरान गुलाम टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने के लिए तैयार हैं, क्योंकि पाकिस्तान ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के लिए अपनी प्लेइंग इलेवन की घोषणा की है, जो मंगलवार को मुल्तान क्रिकेट स्टेडियम में शुरू होगा। इंग्लैंड के खिलाफ चल रही तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में पाकिस्तान 1-0 से पीछे है और 16.67 प्रतिशत के साथ चल रही विश्व टेस्ट चैंपियनशिप स्टैंडिंग में भी सबसे निचले स्थान पर है। गुलाम, जिन्होंने पाकिस्तान के लिए एक वनडे कैप अर्जित की है, ने 59 प्रथम श्रेणी मैचों में 49.17 की औसत से 4377 रन बनाए हैं, जिसमें 16 शतक और 20 अर्द्धशतक शामिल हैं। वह बाबर आजम की जगह प्लेइंग इलेवन में शामिल हुए हैं, जिन्हें सीरीज के बाकी मैचों से आराम दिया गया है। शाहीन शाह अफरीदी और नसीम शाह को भी आराम दिया गया है और अबरार अहमद डेंगू बुखार के कारण उपलब्ध नहीं हैं, इसलिए पाकिस्तान ने अपने गेंदबाजी संयोजन में बड़े पैमाने पर बदलाव करने का फैसला किया है।



- पाकिस्तान की प्लेइंग इलेवनः सईम अयूब, अब्दुल्ला शफीक, शान मसूद (कप्तान), कामरान गुलाम, सऊद शकील, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), सलमान अली आगा, आमिर जमाल, नोमान अली, साजिद खान और जाहिद महमूद

उन्होंने तीन पूर्णकालिक स्पिनरों - नोमान अली, साजिद खान और जाहिद महमूद - के साथ सलमान आगा के अंशकालिक कौशल और आमिर जमाल के रूप में सिर्फ एक तेज गेंदबाज को शामिल किया है।

## सार संक्षेप

### पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट में बेन स्टोक्स की वापसी

**मुल्तान।** बेन स्टोक्स दो महीने के बाद एक बार फिर इंग्लैंड की प्लेइंग-एकादश में वापसी कर रहे हैं। हैम्सट्रिंग में चोट की वजह से स्टोक्स की जगह ऑली पोप कप्तानी कर रहे थे लेकिन मुल्तान में पाकिस्तान के खिलाफ़ होने वाले दूसरे टेस्ट में स्टोक्स कप्तानी करते हुए नज़र आएंगे। इंग्लैंड ने दूसरे टेस्ट के लिए प्लेइंग-इलेवन में दो बदलाव किए हैं, स्टोक्स के लिए जहां क्रिस वोक्स को बाहर बैठना होगा। तो वहीं गस एटकिंसन को आराम देते हुए मैथ्यू पॉट्स को अंतिम एकादश में शामिल किया गया है। इंग्लैंड को लग रहा है कि दूसरा टेस्ट कम स्कोर वाला हो सकता है क्योंकि ये मुक़ाबला उसी पिच पर खेला जाएगा, जिसपर पहला टेस्ट खेला गया था। पिच पर हालांकि काफ़ी पानी डाला गया है लेकिन तेज़ धूप की वजह से ये सूखी दिखाई दे रही है, लिहाज़ा दोबारा इस्तेमाल में लाई जाने वाली ये पिच स्पिन को मदद दे सकती है। स्टोक्स लगातार नेट्स पर गेंदबाज़ी कर रहे हैं और माना जा रहा है कि पॉट्स और ब्राइडन कार्स के बाद वह तीसरे सीम गेंदबाज़ होंगे।

### तमिलनाडु ने सौराष्ट्र को पारी और 7 रनों से हराया

**कोयंबटूर (तमिलनाडु)।** तमिलनाडु ने रणजी ट्रॉफी 2̀24-25 सत्र में अपने अभियान की शुरुआत एलीट ग्रुप डी में सौराष्ट्र पर पारी और 7 रनों की शानदार जीत के साथ की, जब अंबाला में जन्मे बाएं हाथ के तेज गेंदबाज गुरजपनीत सिंह ने छह विकेट लेकर मेहमान टीम को कोयंबटूर स्टेडियम में दूसरी पारी में मात्र 94 रनों पर ढेर कर दिया। घरेलू क्रिकेट में पावरहाउस सौराष्ट्र के पास गुरजपनीत के विनाशकारी स्पैल का कोई जवाब नहीं था, क्योंकि उन्होंने उनकी प्रसिद्ध बल्लेबाजी लाइन-अप को तहस-नहस कर दिया। 14-5-22-6 के उनके उल्लेखनीय आंकड़ों में अनुभवी चेतेश्वर पुजारा और शेल्डन जैक्सन के महत्वपूर्ण विकेट शामिल थे, साथ ही चिराग जानी, अर्पित वासवदा और प्रेरक मांकड़ जैसे मध्यक्रम के प्रमुख बल्लेबाज भी शामिल थे।

### भट्ट के 1̀ विकेट की बदौलत बड़ौदा ने चैंपियन मुंबई को 84 रनों से पीटा

**वडोदरा।** बाएं हाथ के स्पिनर भार्गव भट्ट ने दूसरी पारी में छह विकेट सहित कुल 1̀ विकेट लिए, जिससे बड़ौदा ने रणजी ट्रॉफी 2̀24-25 अभियान की धमाकेदार शुरुआत की, जिसमें कोटांबी स्टेडियम में पहले दौर में मौजूदा चैंपियन मुंबई को 84 रनों से हराया। 262 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, मुंबई ने तीसरा दिन 42/2 पर समाप्त किया, जिसमें पृथ्वी शॉ और हार्दिक तमोर के महत्वपूर्ण विकेट खो दिए। गत चैंपियन के अभी भी दावेदारी में होने के कारण, कप्तान अजिंक्य रहाणे और आयुष म्हात्रे से कुछ स्थिरता प्रदान करने की उम्मीद थी।

## भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज से ग्रीन बाहर, आईपीएल भी नहीं खेल पाएंगे



भारत के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज़ का हिस्सा नहीं होंगे

**नई दिल्ली,** 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के हरफ़नमौला खिलाड़ी कैमरन ग्रीन को पीठ में तकलीफ़ की वजह से सर्जरी से गुज़रना होगा, जिसका मतलब ये हुआ कि वह अब भारत के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज़ का हिस्सा नहीं होंगे। ग्रीन को पीठ के निचले हिस्से में स्ट्रेस फ्रैक्चर है जिसके लिए उन्होंने सर्जरी का विकल्प चुना है, उनकी वापसी अब कम से कम छह महीने बाद ही मुमकिन हो पाएगी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के मेडिकल स्टाफ़ के साथ पिछले दो हफ़्तों से चल रही लंबी बातचीत के बाद ग्रीन ने ये फ़ैसला किया है। सीए का मानना है कि वैसे तो सर्जरी के बाद वापसी और पूरी तरह ठीक होना खिलाड़ी के ऊपर निर्भर होता है और इसमें नौ महीनों तक का वक्त लग सकता है। हालांकि उन्हें भरोसा है कि ग्रीन छह महीनों में वापसी कर सकते हैं। छह महीने क्रिकेट से दूर होने का मतलब है कि ग्रीन अब भारत के ख़िलाफ़ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज़ के साथ-साथ श्रीलंका के ख़िलाफ़ अहम टेस्ट सीरीज़ और चैंपियंस ट्रॉफ़ी 2025 का हिस्सा नहीं होंगे। इसके अलावा वह आईपीएल भी नहीं खेल पाएंगे और अगर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्लूटीसी ) फ़ाइनल में ऑस्ट्रेलिया पहुंचती है तो वहां भी ग्रीन टीम का हिस्सा नहीं रहेंगे।

## हम खिलाड़ियों को जोखिम वाली क्रिकेट खेलने के लिए प्रोत्साहित करेंगे : गौतम गंभीर

**बेंगलुरु,** 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। न्यूज़ीलैंड के खिलाफ बुधवार से शुरू होने वाली तीन मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले, भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि टीम थिंक-टैंक अपने बल्लेबाजों को लंबे प्रारूप में उच्च जोखिम वाली क्रिकेट खेलने के लिए प्रोत्साहित करना जारी रखेगा। कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ खेले गए बारिश से प्रभावित अपने आखिरी टेस्ट मैच में, भारत ने 285/9 पर पहली पारी घोषित करने से पहले लंबे प्रारूप में सबसे तेज 50, 100, 150, 200 और 250 रन बनाने के नए रिकॉर्ड स्थापित करके सभी को चौंका दिया। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम ने इसके बाद 17.2 में 95 रनों का पीछा करते हुए धमाकेदार जीत हासिल की और सीरीज 2-0 से अपने नाम की। 'हम चाहते हैं कि लोग आक्रामक हों, मैदान पर उतरें और स्वाभाविक खेल खेलें। हमें लोगों को रोककर रखने की क्या जरूरत है? अगर वे स्वाभाविक खेल खेल सकते हैं, एक दिन में 400 या 500 रन बना सकते हैं, तो क्यों नहीं?' गंभीर ने श्रृंखला से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'मैंने हमेशा कहा है कि टी20 क्रिकेट को इसी तरह से खेला जाना चाहिए, और हम इसी तरह से खेलेंगे। उच्च जोखिम, उच्च इनाम, उच्च जोखिम, उच्च विफलता, और हम इसी तरह से खेलना जारी रखेंगे। ऐसे दिन भी आएंगे जब हम 100 रन पर आउट हो जाएंगे, लेकिन हम इसे स्वीकार करेंगे, अपने खिलाड़ियों को वहां जाकर उच्च जोखिम वाला क्रिकेट खेलने के लिए प्रोत्साहित करना जारी रखेंगे।' हम इसी तरह से खेलना चाहते हैं, इस देश के लोगों का मनोरंजन करना चाहते हैं, और यहां तक कि टेस्ट क्रिकेट में भी, हम खेल को आगे बढ़ाना चाहते हैं, और जिस भी स्थिति में हम हों, उसमें परिणाम प्राप्त करने का प्रयास करना चाहते हैं।' न्यूजीलैंड ने 1988 के बाद से भारत में कोई टेस्ट मैच नहीं जीता है, लेकिन गंभीर ने कहा कि मेजबान टीम टॉम लैथम की अगुआई वाली टीम को हल्के में नहीं लेगी।



'मैंने हमेशा कहा है कि टी20 क्रिकेट को इसी तरह से खेला जाना चाहिए, और हम इसी तरह से खेलेंगे। उच्च जोखिम, उच्च इनाम, उच्च जोखिम, उच्च विफलता, और हम इसी तरह से खेलना जारी रखेंगे: **गौतम गंभीर, मुख्य कोच, भारत**

# [अर्थ जगत]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टेक महिंद्रा | 2.86 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 2.32 प्रतिशत |
| एलटी | 2.02 प्रतिशत |
| आईटीसी | 1.72 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 1.70 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| मारुति | 1.85 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 1.49 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 1.23 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 0.68 प्रतिशत |
| अल्ट्रासिमको | 0.67 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 77,833 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,00,000 |
| वायदा | 68,426 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 84.06 | 84. 09 |
| पौंड स्टर्लिंग | 178. 94 | 179. 74 |
| यूरो | 149. 00 | 149. 81 |
| चीन युआन | 18.47 | 18.55 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2700-2800 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4200-4300 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4600-4700 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 7200-7300 |
| दाल चना | 8200-8300 |
| मसूर काली | 7450-7550 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9800-9900 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

# एआई का उपयोग मजबूत नियामक ढांचे द्वारा निर्देशित होनी चाहिए : सिंधिया

**नई दिल्ली**, 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोमवार को कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) बहुत तेजी और सटीकता को

■ **नवाचार को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे अंतरराष्ट्रीय मानक**

सक्षम बना रहा है लेकिन इसका उपयोग नैतिक विचारों और मजबूत नियामक ढांचे द्वारा निर्देशित होनी चाहिए।

श्री सिंधिया ने यहां भारतमंडप में आईटीयू डब्ल्यूटीएसए कार्यक्रम में कहा कि एआई और इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) का निर्देशित करने पर बाद में नहीं सोचा जा सकता है। गोपनीयता और पूर्वाग्रह की चिंताओं को संबोधित किया जाना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि ये प्रौद्योगिकियां अच्छे के लिए एक शक्ति के रूप में काम करें।

उन्होंने कहा कि हमें गोपनीयता, पूर्वाग्रह और पारदर्शिता की चिंताओं को संबोधित करना चाहिए, यह सुनिश्चित करना चाहिए




**यह सुनिश्चित करना चाहिए कि ये प्रौद्योगिकियां अच्छे के लिए एक शक्ति के रूप में काम करें : सिंधिया**

कि ये प्रौद्योगिकियां अच्छे के लिए एक शक्ति के रूप में काम करें। उन्होंने कहा कि एआई सूचना को संग्रहीत और संसाधित करने के तरीके को नया आकार दे रहा है, यह अद्वितीय तेजी, सटीकता और मापनीयता को अनलॉक करके कंपनियों और व्यक्तियों को सक्षम बना रहा है। श्री सिंधिया ने कहा कि इसलिए डिजिटल परिदृश्य और तकनीक का उपयोग नैतिक विचारों और मजबूत नियामक ढांचे द्वारा निर्देशित होनी चाहिए। नवाचार की निरंतर प्रवाह हर अर्थव्यवस्था और समाज के ताने-बाने में नए पैटर्न बुन रही है। इसके मद्देनजर यह सुनिश्चित करना सभी का सामूहिक कर्तव्य है कि आज लिए गए निर्णय सहयोग और दूरदर्शिता पर आधारित हों और अगली डिजिटल क्रांति के लिए आधार बनें।

## भारत का ऑनलाइन गेमिंग सेक्टर 2034 तक 60 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान

**नई दिल्ली।** भारत का ऑनलाइन गेमिंग सेक्टर का वर्तमान मूल्य 3.1 बिलियन डॉलर है। रेगुलेशन और टैक्सेशन से जुड़ी चुनौतियों के बीच 2034 तक ऑनलाइन गेमिंग सेक्टर 60 बिलियन डॉलर तक बढ़ने की क्षमता रखता है। सोमवार को आई एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। भारत के गेमिंग सेक्टर में अमेरिका का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। रिपोर्ट के अनुसार कुल 2.5 बिलियन डॉलर के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में से 1.7 बिलियन डॉलर अकेले अमेरिका से आया है।



यूनाइटेड स्टेट्स इंडिया स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप फोरम (यूएसआईएसपीएफ) के अध्यक्ष और सीईओ डॉ. मुकेश अघी के अनुसार यह भारत के तेजी से बढ़ते गेमिंग बाजार में वैश्विक निवेशकों के विश्वास को दिखाता है, जिसके 2034 तक 60 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। इस एफडीआई का 90 प्रतिशत हिस्सा पे-टू-प्ले सेगमेंट में है, जो कि इस सेक्टर के समग्र मूल्यांकन का 85 प्रतिशत है। हालांकि, रेगुलेशन और टैक्सेशन से जुड़ी चुनौतियां बनी हुई हैं। यूएसआईएसपीएफ और टीएमटी लॉ प्रैक्टिस की रिपोर्ट के अनुसार, भारत अपने हाई टैक्स रेट के लिए जाना जाता है। ऑनलाइन गेमिंग के लिए प्लेयर्स को अपनी कुल जमा पर सभी फॉर्मेट के लिए 28 प्रतिशत की दर से जीएसटी चुकाना होता है।

## भारत ने अक्षय ऊर्जा उत्पादन में 200 गीगावाट का आंकड़ा किया पार

**नई दिल्ली**, 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत ने सितम्बर महीने में रिन्यूएबल एनर्जी उत्पादन में 200 गीगावाट का आंकड़ा पार कर लिया है। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी अथॉरिटी) के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, रिन्यूएबल एनर्जी आधारित बिजली उत्पादन क्षमता ने सितम्बर में 200 गीगावाट का आंकड़ा पार कर लिया। आंकड़ों के अनुसार कुल रिन्यूएबल एनर्जी उत्पादन 201,457.91 मेगावाट तक पहुंच गया, जिसमें 90,762 मेगावाट सौर ऊर्जा और 47,363 मेगावाट पवन ऊर्जा उत्पादन शामिल है। देश की कुल गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित बिजली क्षमता अब कुल बिजली उत्पादन क्षमता का 46.3 प्रतिशत है। आंकड़ों के अनुसार, बिजली उत्पादन के मामले में राजस्थान 31.5 गीगावाट बिजली के साथ पहले स्थान पर है। इसके बाद 28.3 गीगावाट बिजली उत्पादन कर गुजरात दूसरे नंबर पर और 23.7 गीगावाट के साथ तमिलनाडु तीसरे स्थान पर है। लिस्ट में कर्नाटक का नाम 22.3 गीगावाट बिजली उत्पादन के साथ चौथे स्थान पर आता है। सरकार के अनुसार, देश में 2014 से नवीकरणीय ऊर्जा के माध्यम से बिजली उत्पादन में 86 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जो 193.5 बिलियन यूनिट से बढ़कर 360 बिलियन यूनिट हो गई।



■ **बिजली उत्पादन के मामले में राजस्थान 31.5 गीगावाट बिजली के साथ पहले स्थान पर**

केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने पिछले सप्ताह कहा था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने 2014 से अपनी नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता में परिवर्तनकारी वृद्धि देखी है, जो 75 गीगावाट से 175 प्रतिशत बढ़कर आज 200 गीगावाट से अधिक हो गई है।

## आर्थिक विकास में चीन व अमेरिका से आगे निकल जाएगा भारत : जॉन चैंबर्स

**नई दिल्ली**, 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी मंच (यूएसआईएसपीएफ) के अध्यक्ष जॉन चैंबर्स ने सोमवार को दावा किया कि भारत प्रमुख आर्थिक मापदंडों में चीन और संयुक्त राज्य अमेरिका से आगे निकल जाएगा। नई दिल्ली में यूएसआईएसपीएफ द्वारा आयोजित वार्षिक 'भारत नेतृत्व शिखर सम्मेलन 2024' में बोलते हुए, चैंबर्स ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की आर्थिक प्रगति की तेज गति की तारीफ की। चैंबर्स ने कहा कि महत्वपूर्ण क्षण वह था जब राष्ट्रपति बाइडेन और प्रधानमंत्री मोदी ने वाशिंगटन में मुलाकात की और घोषणा की कि यह अब तक की सबसे रणनीतिक साझेदारी है। यूएसआईएसपीएफ अध्यक्ष ने कहा कि




जीडीपी प्रति व्यक्ति आय वृद्धि के मामले में भारत चीन से लगभग 100 प्रतिशत और अमेरिका से 33 प्रतिशत बड़ा होगा। यहां जीवन स्तर और समग्र विकास दुनिया के किसी भी अन्य देश से आगे निकल जाएगा। चैंबर्स ने जोर देते हुए कहा कि यह भारत की सदी है। उन्होंने आगे कहा कि अमेरिका के साथ मिलकर व्यापार, सरकार, शिक्षा जगत के लीडर्स के साथ काम करके भारत वैश्विक विकास के लिए एक मॉडल बन सकता है। यूएसआईएसपीएफ अध्यक्ष ने आगे भविष्यवाणी की कि मजबूत अमेरिकी-भारत साझेदारी के माध्यम से कि हम संभावित रूप से भारत की जीडीपी वृद्धि को दो प्रतिशत वार्षिक दर से बढ़ा सकते हैं और अमेरिकी जीडीपी वृद्धि को एक प्रतिशत तक बढ़ा सकते हैं।

## पीएम इंटर्नशिप स्कीम के लिए 24 घंटे में 1.55 लाख से अधिक उम्मीदवारों ने किया रजिस्ट्रेशन

**नई दिल्ली**, 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। पीएम इंटर्नशिप स्कीम को लॉन्च होने के साथ ही अच्छा रिस्पॉन्स मिलना शुरू हो गया है। सरकारी सूत्रों के अनुसार, हाल ही में शुरू की गई पीएम इंटर्नशिप स्कीम के लिए महज 24 घंटे में 1,55,109 उम्मीदवारों ने रजिस्ट्रेशन कराया है।

स्कीम के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शनिवार को शुरू हो गई थी, पोर्टल पर 24 सेक्टर में 90 हजार से ज्यादा इंटर्नशिप के अवसर उपलब्ध हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2024 का बजट पेश करते हुए इस स्कीम का ऐलान किया था। स्कीम का उद्देश्य अगले पांच वर्षों में लगभग 1 करोड़ युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना है।

इस स्कीम का उद्देश्य युवा




■ **पोर्टल पर 24 सेक्टर में 90 हजार से ज्यादा इंटर्नशिप के अवसर उपलब्ध**

बेरोजगारी को दूर करना है और इन युवाओं को प्रशिक्षण के साथ तैयार कर प्रतिभा की तलाश करने वाली कंपनियों से जोड़ना है। जुबिलैंट फूडवर्क्स, मारुति सुजुकी इंडिया, एलएंडटी, मुथूट फाइनेंस और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी प्रमुख निजी कंपनियां उन 193 कंपनियों में शामिल हैं, जिन्होंने प्लेटफॉर्म पर इंटर्नशिप के अवसर पोस्ट किए हैं। इंटर्नशिप 24 सेक्टरों और 20 से अधिक क्षेत्रों में उपलब्ध है, जिनमें परिचालन प्रबंधन, उत्पादन, रखरखाव और बिक्री शामिल हैं। इस पहल को तेल, गैस, ऊर्जा, यात्रा और आतिथ्य, ऑटोमोटिव और बैंकिंग जैसे क्षेत्रों से भी मदद मिली है। यह पोर्टल आधार-आधारित रजिस्ट्रेशन और बायोडाटा जनरेशन जैसे टूल्स के जरिए विभिन्न क्षेत्रों में इंटर्नशिप करने के इच्छुकों की पहुंच बनाता है। इस स्कीम का लक्ष्य चालू वित्त वर्ष में 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों के 737 जिलों में 1.2 लाख से अधिक इंटर्नशिप कराना है। इसके अलावा, शीर्ष कंपनियां ऐसे पदों की पेशकश भी कर रही हैं जो रोजगार को बढ़ावा देने में मदद कर सकते हैं।

## सार संक्षेप

### प्लक ने स्पेंसर रिटेल के साथ की साझेदारी

**नई दिल्ली।** फलों और सब्जियों के क्षेत्र में एक फ्रेश फूड ब्रांड प्लक ने आरपी संजीव गोयनका समूह की इकाई स्पेंसर रिटेल के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी की आज घोषणा की। कंपनी ने सोमवार को बयान जारी कर बताया कि इस साझेदारी के तहत स्पेंसर रिटेल लखनऊ, वाराणसी और गोरखपुर में अपने स्टोर्स में फ्रेश सेक्शन में प्लक के प्रीमियम उत्पाद एक्सक्लूसिव तौर पर पेश करेगी। प्लक की पेशकशों में पार्टनर फार्म से सीधे प्राप्त ओजोन-धुले फल और सब्जियां, प्रमाणित गैर-जीएमओ उत्पाद और एचएसीसीपी-प्रमाणित गुणवत्ता वाले उत्पाद शामिल हैं। कंपनी की उत्पाद श्रृंखला में दैनिक आवश्यक वस्तुएं, विदेशी चयन, कट्स, मिक्स और जूस समेत कुल 9 अलग-अलग आइटम शामिल हैं। स्पेंसर रिटेल के चीफ मर्चेंडाइजिंग ऑफिसर सौरभ बंसल ने कहा कि प्लक के साथ साझेदारी हमारे ग्राहकों के लिए ताजा भोजन के अनुभव को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### एयरटेल बिजनेस ने जेडस्केलर के साथ किया समझौता

**नई दिल्ली।** दूरसंचार सेवा प्रदाता भारती एयरटेल की बी2बी इकाई एयरटेल बिज़नेस ने 'एयरटेल सिक्योर डिजिटल इंटरनेट' सेवा लॉन्च करने के लिए ग्लोबल साइबर सुरक्षा कंपनी जेडस्केलर के साथ साझेदारी की है। कंपनी ने कहा कि यह सेवा भारत की पहली, पूरी तरह से प्रबंधित जीरो ट्रस्ट आर्किटेक्चर (जेड टी ए) आधारित साइबर सुरक्षा समाधान है, जिसे कंपनियों को अलग-अलग साइबर खतरों से बचाने के लिए बनाया गया है। एयरटेल सिक्योर डिजिटल इंटरनेट कंपनियों की साइबर सुरक्षा को मजबूत बनाता है। यह एयरटेल की इंटरनेट लीज़ लाइन (आई एल एल) कनेक्टिविटी को जेडस्केलर की क्लाउड सिक्यूरिटी और सिक्यूरिटी सर्विस एस एस ई तकनीक के साथ जोड़ता है। इसमें एस एस एल निरीक्षण, क्लाउड फ़ायरवॉल, और क्लाउड ऐप्स जैसी आधुनिक सुरक्षा सुविधाएं तक शामिल है।

### पीएम मोदी डब्ल्यूटीएसए व आईएमसी का करेंगे शुभारंभ

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल यहां भारतमंडपम में अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ-विश्व दूरसंचार मानकीकरण सभा (डब्ल्यूटीएसए) 224 और इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) के 8वें संस्करण का भी उद्घाटन करेंगे। डब्ल्यूटीएसए, अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ, डिजिटल प्रौद्योगिकियों के लिए संयुक्त राष्ट्र एजेंसी के मानकीकरण कार्य के लिए शासी सम्मेलन है, जो हर चार साल में आयोजित किया जाता है। यह पहली बार है कि आईटीयू-डब्ल्यूटीएसए का आयोजन भारत और एशिया-प्रशांत में किया जाएगा। यह एक महत्वपूर्ण वैश्विक कार्यक्रम है, जिसमें 19 से अधिक देशों के 3, से अधिक उद्योग जगत के नेता, नीति-निर्माता और तकनीकी विशेषज्ञ शामिल होंगे, जो दूरसंचार, डिजिटल और आईसीटी क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# लिवाली की बदौलत शेयर बाजार में जबरदस्त तेजी


■ **सेंसेक्स 0.73 प्रतिशत की छलांग लगाकर 81,973.05 अंक पर**

■ **निफ्टी 0.66 प्रतिशत उछलकर 25,127.95 अंक पर बंद**

**मुंबई**, 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। चीन के पिछले सप्ताह किए गए प्रोत्साहन वादे के दुनिया भर के निवेशकों को आकर्षित करने में विफल रहने से विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर वित्तीय सेवाएं, आईटी, बैंकिंग, रियल्टी और टेक समेत पंद्रह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार में जबरदस्त तेजी रही।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 591.69 अंक अर्थात 0.73 प्रतिशत की छलांग लगाकर 81,973.05 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 163.70 अंक यानी 0.66 प्रतिशत उछलकर 25,127.95 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान बीएसई का मिडकैप 0.28 प्रतिशत बढ़कर 48,571.14 अंक और स्मॉलकैप 0.06 प्रतिशत की बढ़त लेकर 56,632.38 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4195 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2069 में लिवाली जबकि 1972 में बिकवाली हुई वहीं 154 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 33 कंपनियां हरे जबकि अन्य 17 लाल निशान पर बंद हुई।

बीएसई के 15 समूहों में तेजी का रुख रहा। इससे सीडी 0.05, ऊर्जा 0.02, एफएमसीजी 0.44, वित्तीय




सेवाएं 0.88, हेल्थकेयर 0.41, इंडस्ट्रियल्स 0.54, आईटी 1.01, दूरसंचार 0.68, यूटिलिटीज 0.13, ऑटो 0.18, बैंकिंग 1.03, कैपिटल गुड्स 0.67, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.69, रियल्टी 1.53 और टेक समूह के शेयर 0.88 प्रतिशत प्रतिशत चढ़ गए।

वैश्विक बाजारों का रुझान मिलाजुला रहा। इससे ब्रिटेन का एफटीएसई 0.04 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.75 प्रतिशत लुढ़क गया जबकि जर्मनी का डैक्स 0.23, जापान का निक्केई 0.57 और चीन के शंघाई कंपोजिट में 2.07 प्रतिशत की तेजी रही। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 196 अंक की तेजी के साथ 81,576.93 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 81,541.20 अंक के निचले स्तर तक टूट गया। अंत में पिछले दिवस के 81,381.36 अंक के मुकाबले 0.73 प्रतिशत मजबूत होकर 81,973.05 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह निफ्टी 59 अंक बढ़कर 25,023.45 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 25,017.50 अंक के निचले जबकि 25,159.75 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 24,964.25 अंक की तुलना में 0.66 प्रतिशत चढ़कर 25,127.95 अंक पर बंद हुआ।

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली कंपनियों में टेक महिंद्रा 2.86, एचडीएफसी बैंक 2.32, एलटी 2.02, आईटीसी 1.72, इंडसइंड बैंक 1.70, कोटक बैंक 1.47, इंफोसिस 1.22, एचसीएल टेक 0.89, आईसीआईसीआई बैंक 0.75, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.75, एसबीआई 0.66, टाइटन 0.65, एनटीपीसी 0.45, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.41, सन फार्मा 0.40, भारती एयरटेल 0.33, पावरग्रिड 0.23, अडानी पोर्ट्स 0.18, रिलायंस 0.11 और एशियन पेंट 0.05 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, मारुति 1.85, टाटा स्टील 1.49, बजाज फाइनेंस 1.23, एक्सिस बैंक 0.68, अल्ट्रासिमको 0.67, नेस्ले इंडिया 0.38, टीसीएस 0.34, टाटा मोटर्स 0.31, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.14 और बजाज फिनसर्व ने 0.09 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

## जुलाई-सितम्बर में रियल एस्टेट क्षेत्र में हुए अब तक के सबसे अधिक सौदे

**नई दिल्ली**, 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत में रियल एस्टेट सेक्टर में तीसरी तिमाही में 1.3 अरब डॉलर के कुल 25 सौदे हुए। सोमवार को आई एक रिपोर्ट के अनुसार, जुलाई-सितंबर अवधि में रियल एस्टेट सेक्टर में सौदों की मात्रा मजबूत रही। सौदों की यह संख्या अब तक के सबसे उच्चतम स्तर और सौदों के मूल्य को लेकर यह 2023 की दूसरी तिमाही के बाद से दूसरा सबसे उच्चतम स्तर रहा। ग्रांट थॉर्नटन भारत की रिपोर्ट के अनुसार, सौदों का मूल्य मुख्य रूप से योग्य संस्थागत प्लेसमेंट (क्यूआईपी) एक्टिविटी, आवासीय और वाणिज्यिक क्षेत्रों में प्राइवेट इक्विटी फंडिंग और रियल एस्टेट टेक्नोलॉजी कंपनियों द्वारा संचालित था।



2024 की दूसरी तिमाही की तुलना में, तीसरी तिमाही में प्राइवेट इक्विटी (पीई) और विलय-अधिग्रहण (एम एंड ए) सौदा मूल्य में 71 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। हालांकि, सौदे की मात्रा में 5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सालाना आधार पर तुलना से पता चलता है कि 2023 की तीसरी तिमाही की तुलना में सौदों की मात्रा में 54 प्रतिशत की वृद्धि और मूल्यों में 41 प्रतिशत की गिरावट आई है। 2024 की तीसरी तिमाही में संपत्ति विकास क्षेत्र में तीन इनबाउंड सौदे और छात्र आवास और ऑनलाइन किराया प्लेटफॉर्म क्षेत्रों में दो आउटबाउंड सौदे हुए। 2024 की तीसरी तिमाही में प्राइवेट इक्विटी एक्टिविटी में 401 मिलियन डॉलर मूल्य के 12 सौदे हुए। सौदों की मात्रा 2024 की दूसरी तिमाही के अनुरूप रही, जो इस क्षेत्र में निरंतर रुचि को दर्शाता है। शीर्ष दो सौदे 346 मिलियन डॉलर के थे, जो कम लेनदेन में मूल्य की एकाग्रता को दर्शाता है।

रिपोर्ट के अनुसार, 2024 की दूसरी तिमाही में फंडिंग वैल्यू में गिरावट के बावजूद, सौदों का मूल्य 2024 की पहली तिमाही और 2023 की तीसरी तिमाही की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करता रहेगा।

## मांग सुस्त रहने से खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में रहा टिकाव

नई दिल्ली, 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अक्टूबर का पाम ऑयल वायदा 83 रिंगट उबलकर 4366 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, अक्टूबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.67 सेंट की गिरावट लेकर 42.66 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। **गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव स्थिर रहे। **अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 7800-7900, दाल चना 8800-8900, मसूर काली 7450-7550, मूंग दाल 9500-9600, उड़द दाल 10600-10700, अरहर दाल 10400-10500 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

## भारत का एयरोस्पेस उद्योग में हो रहा तेज विकास

**नई दिल्ली**, 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। रक्षा उपकरण विशेषकर हल्के लड़ाकू विमान और हेलीकॉप्टर बनाने वाली सार्वजनिक क्षेत्र की प्रमुख कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को प्रतिष्ठित महारत्न का दर्जा मिल गया है।

महारत्न का दर्जा प्राप्त करने वाली यह कंपनी 14वीं सरकारी उपक्रम है। यह मील का पत्थर एचएएल के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो भारतीय एयरोस्पेस और रक्षा क्षेत्र में एक प्रमुख कंपनी है। वित्त सचिव की अध्यक्षता वाली अंतर-मंत्रालयी समिति (आईएमसी) और कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता वाली शीर्ष समिति दोनों की सिफारिशों के बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एचएएल को महारत्न का दर्जा दिए जाने को मंजूरी दी है।

वित्त मंत्रालय ने कहा कि सरकार ने वैश्विक स्तर की कंपनी बनने की अपनी यात्रा में प्रतिस्पर्धात्मक लाभ वाले सरकारी उपक्रमों की पहचान करने और उनका समर्थन करने के लिए 1997 में 'नवरत्न' योजना शुरू की थी। इस योजना के तहत, 'नवरत्न' सीपीएसई को पूंजीगत

हिएलि HAL

■ **एचएएल को मिला महारत्न का दर्जा**

■ **सरकार ने 1997 में शुरू की थी 'नवरत्न' योजना**

व्यय, संयुक्त उद्यम और मानव संसाधन प्रबंधन में अधिकार दिए गए थे। चूंकि इनमें से कई कंपनियां अपनी जैसी कंपनियों की तुलना में काफी बड़ी हो गई थीं, इसलिए भारतीय बहुराष्ट्रीय कंपनियों (एमएनसी) बनने की क्षमता रखने वालों को मान्यता देने के लिए एक नए वर्गीकरण- 'महारत्न' की आवश्यकता पैदा हुई। यह उच्च दर्जा अन्य 'नवरत्न' कंपनियों को प्रोत्साहित करता है, ब्रांड मूल्य को बढ़ाता है, और सीपीएसई को अधिक शक्तियों के प्रतिनिधिमंडल की अनुमति देता है, जिससे आगे की वृद्धि और अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलता है। भारत में सीपीएसई को महारत्न का दर्जा दिया जाता है, जिससे उन्हें अधिक परिचालन और वित्तीय स्वायत्तता मिलती है। इस दर्जे के लिए योग्य होने के लिए, कंपनियों को विशिष्ट मानदंडों को पूरा करना होगा, जिनमें कंपनी को पहले नवरत्न दर्जा दिया जाना चाहिए, कंपनी को भारतीय शेयर बाजार में सूचीबद्ध होना चाहिए, जो सार्वजनिक शेयरधारिता के संबंध में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के नियमों का अनुपालन करती हो। पिछले तीन वर्षों में 25,000 करोड़ से अधिक का औसत वार्षिक कारोबार हो। इसी अवधि के दौरान 15,000 करोड़ रुपए से अधिक की औसत वार्षिक शुद्ध संपत्ति हो। पिछले तीन वर्षों में कर के बाद औसत वार्षिक शुद्ध लाभ 5,000 करोड़ रुपए से अधिक हो और कंपनी के पास महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय परिचालन या वैश्विक उपस्थिति होनी चाहिए।

एचएएल ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 28,162 करोड़ रुपए का कारोबार और 7,595 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया, जिससे भारत में एक अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम के रूप में इसकी स्थिति मजबूत हुई।

# कलेक्टर ने साप्ताहिक जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं



**बिलासपुर,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर अवनीश शरण ने आज साप्ताहिक जनदर्शन में दूर-दराज से आये लोगों की समस्याएं सुनी। कलेक्टर ने सभी की समस्याओं को इत्मीनान से सुना और निराकरण योग्य आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन प्रेषित करते हुए जल्द निराकरण के निर्देश दिए।

साप्ताहिक जनदर्शन में पहुंचे मस्तूरी ब्लॉक के जयरामनगर (खैरा) गांव के किसानों ने धान में लगे तनाच्छेदक कीट के प्रकोप से फसलों को हुए नुकसान का मुआवजा दिलाने कलेक्टर से गुहार लगाई है। कलेक्टर ने मस्तूरी एसडीएम को आवेदन भेजते हुए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। तखतपुर ब्लॉक के ग्राम नेवरा निवासी रामनाथ साहू ने किसान ऋण पुस्तिका में नाम दर्ज कराने कलेक्टर को आवेदन दिया है। उन्होंने बताया कि ऋण पुस्तिका में नाम नहीं होने से धान विक्रय नहीं कर पा रहे हैं। कलेक्टर ने मामले को गनियारी तहसीलदार को सौंपते हुए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

सीपत के ग्राम जांजी निवासी योगेश कुमार यादव ने विकलांग प्रमाण पत्र बनवाने कलेक्टर से गुहार लगाई है। उन्होंने बताया कि आंखों की समस्या होने से कुछ भी काम नहीं कर पाने के संबंध में जानकारी देते हुए आवेदन दिया। कलेक्टर ने सिविल सर्जन बिलासपुर को आवेदन भेजते हुए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। श्रीमती प्रगति कुर्रे ने सड़क दुर्घटना में पति की मृत्यु का मुआवजा दिलाने कलेक्टर से गुहार लगाई है। इस मामले को एसडीएम बिलासपुर देखेंगे। देवरीखुर्द निवासी भारती बरगाह ने निराश्रित पेंशन दिलाने कलेक्टर से गुहार लगाई है। कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्त को आवेदन भेजते हुए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

## सरकारी जमीन की खरीद-फरोख्त की सूचना के लिए विशेष प्रकोष्ठ का गठन

### अनुदान प्राप्त गोशालाओं की होगी जांच

### कलेक्टर ने टीएल बैठक में दिए कई निर्देश

गांवों में सरकारी भूमि की खरीदी बिक्री की सूचना देने के लिए जिला कार्यालय के भू-अभिलेख शाखा में विशेष प्रकोष्ठ बनाया गया है। भू-अभिलेख शाखा के प्रभारी एवं संयुक्त कलेक्टर मनीष साहू को प्रकोष्ठ का नोडल अधिकारी बनाया गया है। कलेक्टर अवनीश शरण ने साप्ताहिक टीएल की बैठक में समीक्षा करते हुए इस आशय के निर्देश दिए। कलेक्टर स्वयं प्राप्त शिकायतों पर की गयी कार्रवाई की साप्ताहिक समीक्षा करेंगे। उन्होंने बैठक में राज्य सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं और लंबित मामलों की प्रगति की समीक्षा की। निगम आयुक्त अमित कुमार, जिला पंचायत के सीईओ रामप्रसाद चौहान सहित विभागीय वरिष्ठ अधिकारी बैठक में मौजूद थे।



कलेक्टर श्री शरण ने विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों एवं उनके समाधान की प्रगति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री जनदर्शन से प्राप्त शिकायतों के निराकरण की धीमी चाल पर सकरी तहसीलदार के प्रति नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने समय सीमा से पहले ऐसे मामलों का निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने हर ग्राम पंचायत को बायोमेट्रिक मशीन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। आयुष्मान कार्ड सहित शासन की अन्य योजनाओं का लाभ दिलाने में यह मशीन कारगर साबित होगा। लगभग 3 हजार रूपए एक मशीन की लागत है। कलेक्टर ने आने वाले दिनों में त्योहारों के सिलसिले को देखते हुए फूड सेफ्टी अफसर को मिठाई दुकानों का व्यापक निरीक्षण करने को कहा है। कलेक्टर ने अनुदान प्राप्त गोशालाओं की जांच करने के निर्देश पशु चिकित्सा विभाग को दिए। एक सप्ताह में इसकी रिपोर्ट मांगी गई है। गोशालाओं में प्रति पशु प्रति दिन 25 रूपये की अनुदान प्रदान की जाती है। उन्होंने डीईओ से रसोई कक्ष विहीन शालाओं की लिस्ट मांगी है ताकि किसी योजना से इनका निर्माण किया जा सके। कलेक्टर ने कौशल पखवाड़ा के संबंध में भी दिशा-निर्देश दिए।

## काम में ढिलाई बरतने पर होगी सख्त कार्रवाई

### सीईओ जिला पंचायत ने की निर्माण कार्यों की गहन समीक्षा

**बिलासपुर,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आर पी चौहान ने जिला पंचायत सभाकक्ष में निर्माण एजेंसियों की बैठक लेकर निर्माण कार्यों की गहन समीक्षा की। उन्होंने कार्यों में अपेक्षित प्रगति ना होने पर कड़ी नाराजगी जाहिर की। बैठक में ब्लॉक सीईओ, कार्यक्रम अधिकारी (मनरेगा) समस्त जनपद पंचायत, सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।



बैठक में सीईओ ने निर्देश दिए कि स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत प्रगतिरत् कार्य ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन व सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य, सभी प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन यूनिट को संचालित करने एवं समस्त गांव में हो रहे कचरा कलेक्शन से संबंधित कार्य में गांव में यदि कोई व्यक्ति/दुकानदार / हितग्राही कचरा खुले में फेंक रहा है तो उसके ऊपर ग्राम पंचायत द्वारा निर्धारित राशि का जुर्माना लगाया जावें। कचरा फेकने वाले व्यक्ति का नाम बताये जाने वाले व्यक्ति को ग्राम पंचायत से निर्धारित राशि का ईनाम दे कर उन्हें प्रोत्साहित किया जाने हेतु निर्देशित किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2016-23 तक जिले में स्वीकृत प्रगतिरत आवासों को जल्द से जल्द पूर्ण कराने, विशेष पिछड़ी जनजाति (पीएम-जनमन) योजनांतर्गत जिले में स्वीकृत 694 आवासों को यथाशीघ्र पूर्ण कराने हेतु कहा। जिले को 50000 आवासो की स्वीकृति हेतु लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिसके विरूद्ध 36567 आवासों की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। शेष बचे पंजीयन / स्वीकृति हेतु हितग्राहियों को जल्द से जल्द कराने हेतु निर्देशित किया गया। महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत सर्वसंबंधितों को प्रधानमंत्री आवास निर्माण में अधिक से अधिक श्रमिक नियोजित करते हुए कार्य पूर्ण कराये जाने, योजना अंतर्गत स्वीकृत तालाब निर्माण / गहरीकरण एवं डबरी निर्माण कार्य जिनमें वर्तमान में जल भराव हो उसमें मत्स्य विभाग से समन्वय करते हुए मछली पालन की गतिविधि कराये जाने, योजना अंतर्गत कृषि आधारित कार्यों पर 60 प्रतिशत से अधिक व्यय किये जाने, वर्तमान वित्तीय वर्ष में स्वीकृत आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य (जनपद पंचायत कोटा, मस्तूरी एवं तखतपुर) को तत्काल प्रारंभ करते हुए निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराये जाने कहा । सामाजिक अंकेक्षण के तहत् कार्ययोजना के अनुरूप अंकेक्षण कराते हुए निकासी बैठक में लिये गये निर्णय अनुरूप प्रकरणों को निराकृत किये जाने तथा पूर्व वित्तीय वर्षों के समस्त कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण करते हुए सी.सी. लगाये जाने के निर्देश दिये गये ।

बैठक में मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना, सांसद / विधायक निधि, जिला / जनपद पंचायत विकास निधि, गौण खनिज, जिला खनिज न्यास निधि, विभिन्न प्राधिकरण, महात्मा गांधी नरेगा, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, सर्व शिक्षा अभियान इत्यादि योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों की कार्यवार समीक्षा कर उक्त योजनाओं से स्वीकृत समस्त निर्माण कार्यों को जल्द पूर्ण कराये जाने हेतु निर्देश दिये गये । अप्रारंभ कार्यों को शीघ्र ही प्रारंभ कर समय-सीमा में पूर्ण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

## रेलवे सुरक्षा बल ने पकड़ा 2 लाख 20 हजार के 12 किलो गांजा

### मादक पदार्थों की तस्करी के विरूद्ध लगातार चल रहा आपरेशन नारकोस

**बिलासपुर,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। रेलवे सुरक्षा बल ने 14 अक्टूबर को ब्रजराजनगर के स.उप.निरी. अमरेन्द्र सिंह एवं स्टाफ द्वारा मुखबिर सूचना पर बेलपहाड रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म में निगरानी के दौरान एक व्यक्ति राजकुमार भारत राम शर्मा निवासी- तारदेव मुंबई को पकडा गया जिसके बैग से 12 पैकटों में कुल 12 किलो गॉंजा बरामद किया गया, जिस पर तत्काल कार्यवाही करते हुये बेलपहाड आबकारी विभाग को सुपुर्द करने पर आबकारी विभाग बेलपहाड द्वारा अपराध क्रमांक 0140/24-25 दिनांक 14.10.2024 अंतर्गत धारा 20(बी)एनडीपीएस एक्ट दर्ज कर जॉंच में लिया गया है। जप्त गॉंजे की अनुमानित कीमत 2,20000/-ऑंकी गई है।



रेलवे सुरक्षा बल बिलासपुर मंडल द्वारा ट्रेनों में मादक पदार्थो की तस्करी रोकने एवं संलिप्तों की गिरफ्तारी बावत लगातार आपरेशन नारकोस चलाया जा रहा है 7 वरि. मंडल सुरक्षा आयुक्त के कुशल नेतृत्व में वर्ष 2024 में मंडल क्षेत्राधिकार अंतर्गत छत्तीसगढ, मध्यप्रदेश एवं उडीसा राज्य के सभी रेलवे सुरक्षा बल पोस्टों द्वारा अभी तक कुल 39 मामलों में 327 किलोग्राम अनुमानित कीमत 65 लाख रूप्ये से अधिक के गॉंजे की बरामदगी कर 41 संलिप्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित कराई गई है 7 यह अभियान लगातार जारी है।

## समाजसेवा की मिसाल पायल लाठ बॉलीवुड अभिनेत्री भाग्यश्री के हाथों सम्मानित

**बिलासपुर,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े डांडिया प्रोग्राम रास डांडिया मंच से छत्तीसगढ़ में समाजसेवा के क्षेत्र में सशक्त हस्ताक्षर पायल लाठ को बॉलीवुड़ अभिनेत्री भाग्यश्री के हाथों सम्मानित किया गया। पायल को यह सम्मान उनके लगातार कर रहे सामाजिक कार्यों के लिए प्रदान किया गया। इसमें महिला सशक्तिकरण, बच्चों की शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण और कोरोना काल में जान जोखिम में डालकर की गई सेवाएं शामिल हैं।



## कलेक्टर की अध्यक्षता में रेडक्रॉस कार्यकारिणी समिति की बैठक सम्पन्न

**बिलासपुर,** 14 अक्टूबर 2024/कलेक्टर श्री अवनीश शरण की अध्यक्षता में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा की कार्यकारिणी समिति की बैठक आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई।

बैठक में वार्षिक साधारण सभा आयोजित करने का निर्णय लिया गया । वार्षिक साधारण सभा हेतु सर्वसम्मति से अतिरिक्त कलेक्टर श्री शिवकुमार बनर्जी को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया। वार्षिक साधारण सभा की प्रक्रिया 16 अक्टूबर से प्रारंभ होगी। आज की बैठक आयुक्त नगर निगम श्री अमित कुमार, समिति के सदस्य, डॉक्टर डॉ प्रमोद तिवारी, जिला समन्वयक श्री सौरभ सक्सेना उपस्थित रहे।




### कर्मचारी समस्याओं पर प्रथम बैठक आज

**बिलासपुर,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। शासकीय कर्मचारियों की समस्याओं एवं मांगों की समीक्षात्मक प्रक्रिया आरंभ करने एवं मार्ग प्रशस्त करने हेतु गठित समिति के साथ छत्तीसगढ़ के तीन मान्यता प्राप्त संगठनों की बैठक दिनांक 15.10.2024 अप. 3 बजे कक्ष क्रमांक एस -2- 12 मंत्रालय महानदी भवन रायपुर में आहूत की गई है।

**NECC**

| 15.10.2024 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 505 | 85 | 165 |
| चिल्हर | 6.25 | 110 | 190 |
| डिलीवरी | 520 सैकड़ा | | |

दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.
CSPFA


## छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक संघ जिला बिलासपुर के जिला अध्यक्ष बनाए गए डॉ. प्रदीप निर्णेजक

**बिलासपुर,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष बलराम पांडे के सेवानिवृत्ति होने के उपरांत विगत दिवस शिक्षक संघ की जिला स्तरीय बैठक स्थानीय शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला राजेंद्र नगर में आयोजित हुई जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लिमतरी विकासखंड बिल्हा के व्याख्याता डॉक्टर प्रदीप निर्णेजक को सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष जिला बिलासपुर के पद पर निर्वाचित किया गया। जिलाध्यक्ष के लिए नाम का प्रस्ताव पूर्व जिला अध्यक्ष बलराम पांडे के द्वारा किया गया।

डॉ प्रदीप निर्णेजक तहसील का बिल्हा के अध्यक्ष के दायित्व का निर्वहन कुशलता पूर्वक निभा चुके हैं। इनकी नियुक्ति से छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक संघ के सभी पदाधिकारी ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामना दी। डॉ प्रदीप निर्णेजक साहित्यकार, कलाकार, रचनाकार, एवं अनेकों सामाजिक एवं साहित्यिक संगठनों से जुड़े हुए व्यक्तित्व के धनी मिलनसार वह हंसमुख स्वभाव के व्यक्ति हैं। छत्तीसगढ़ की विलुप्त होती लोक कला एवं संस्कृति को जीवंत बनाए रखना डॉक्टर उग्रसेन कन्नौजे की रासलीला मंडली के प्रमुख अभिनय करता है।

बधाई देने वालों में पूर्व प्रांत अध्यक्ष विश्राम निर्मलकर, प्रांत अध्यक्ष सुनील कौशिक, संगठन मंत्री के बैरागी ,पूर्व जिला अध्यक्ष विद्यानंद साहू, बलराम पांडे, भूषण पांडे, डॉक्टर उग्रसेन कन्नौजे, तखतपुर से बल्लभ रजक, दिनेश पांडे, जिला सचिव जय वैष्णव, जिला कोषाध्यक्ष राम प्रसाद साहू, बिलासपुर शहर से के एल गुप्ता, रामसेवक कौशिक, प्रहलाद साहू, विजय पांडे, श्रीमती आशा लता चौहान उप प्रांताध्यक्ष ,श्रीमती चंद्रकला शर्मा प्रांतीय मंत्री ,श्रीमती उज्जवल चंदा जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ बिलासपुर श्रीमती शांति सोनी, श्रीमती किरण मुले जिला सचिव महिला प्रकोष्ठ श्रीमती नूतन महिलांग उपाध्यक्ष, श्रीमती लक्ष्मी माल्या जिला प्रवक्ता अनूपा श्रीवास अध्यक्ष तखतपुर विकासखंड आदि ने प्रसन्नता करते हुए डॉक्टर प्रदीप को बधाई दी है।

डॉ प्रदीप निर्णेजक के जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विश्राम निर्मलकर ने कहा कि जिला बिलासपुर का संगठन मजबूत होगा जिससे राष्ट्र हित, समाज हित, शिक्षा हित, छात्र हित, वह शिक्षक हित में कार्यों को गति मिलेगी।




प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188